जबलपुर

शनिवार, 8 मार्च 2025

- फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-9
- वर्ष : 19, अंक : 303
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 34
न्यून. 14

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आज

haribhoomi.com


### सीहोर में युवक की हत्या से तनाव, आगजनी पुलिस का हाई अलर्ट



**सीहोर।** जिले में एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई, जिससे इलाके में तनाव फैल गया। हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। दुकानों को जबरन बंद करवा दिया और आगजनी कर विरोध जताया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिले के एसपी दीपक कुमार शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई शुरू की। जानकारी के मुताबिक, बुधनी तहसील के बकतरा गांव में शराब पीने को लेकर कुछ लोगों में विवाद हुआ था, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गया।

## दमोह में गोहत्या से बवाल

**दमोह।** यहां गोहत्या का सनसनीखेज मामला सामने आने से तनाव फैल गया। सीता बावड़ी इलाके के एक घर में गाय काटे जाने की सूचना पर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने छापा मारा, जहां कसाइयों ने उन पर गोली चला दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तीन आरोपियों को रंगे हाथों हिरासत में लिया और मृत गाय का पोस्टमॉर्टम कराया।

**बदले सुर :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सख्ती के बाद चीन को याद आई भारत की 'दोस्ती'

# कहा-ड्रैगन-हाथी मिलकर दुनिया बदल सकते हैं, हम लड़ें नहीं, आओ साथ चलें



### अब तक भारत की ओर से चीन के इस बयान पर कोई जवाब नहीं दिया गया

### चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि यह समय है, जब दिल्ली और बीजिंग को साथ मिलकर काम करना चाहिए



फाइल फोटो

नई दिल्ली ⏭ बीजिंग

अमेरिका के साथ ट्रेड वार और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 20 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के ऐलान से चीन परेशान हो गया है। यही नहीं चीन ने अब भारत की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। चीन का कहना है कि यदि भारत और हम एक-दूसरे से मुकाबले की बजाए साथ आ जाएं तो दुनिया के व्यापारिक समीकरण ही बदल सकते हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने शुक्रवार कहा कि यह समय है, जब दिल्ली और बीजिंग को साथ मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एकाधिकार और पावर पॉलिटिक्स का मुकाबला हमें साथ मिलकर करना चाहिए। नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की मीटिंग के बाद वांग ने कहा कि ड्रैगन और एलिफेंट को साथ डांस करना चाहिए। फिलहाल, यही सबसे सही चीज है। वांग यी ने कहा कि हमें एक दूसरे से मुकाबला करने की बजाए मजबूती से सहयोग करना चाहिए। इससे हमारे परस्पर हितों के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि एशिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं साथ आ जाएंगी तो फिर ग्लोबल साउथ का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक संबंधों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का विकसित होना जरूरी है। अब तक भारत की ओर से चीन के इस बयान पर कोई जवाब नहीं दिया गया है। वहीं, गुरुवार को ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि भारत सरकार चीन के साथ अच्छे रिश्ते रखने की पहल कर रही है। चीन के नियंत्रण में आने वाले तीर्थस्थानों तक डायरेक्ट फ्लाइट्स और पत्रकारों की आवा-जाही पर बात हो रही है।

**चीन बोला- एकाधिकार और पावर पॉलिटिक्स का मुकाबला हमें साथ मिलकर करना चाहिए**

### एशिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं साथ आ जाएंगी तो ग्लोबल साउथ का भविष्य उज्ज्वल होगा

### दिल्ली के साथ हमारे संबंधों में सुधार हुआ

चीनी विदेश मंत्री ने यह बात तब कही, जब उनसे भारत के साथ संबंधों को लेकर सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के साथ हमारे संबंधों में सुधार हुआ है। बीते एक साल में हमने रिश्ते सुधारे हैं। सीमाओं से सेनाएं हटी हैं और शांति बहाल हुई है। इसके अलावा बीते साल अक्टूबर में पीएम नरेंद्र मोदी से चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हुई थी।

### हम तैयार हैं... ट्रंप के ट्रेड वार पर चीन ने भी स्वीकार किया चैलेंज

मंगलवार को ही ट्रंप ने एक आदेश पर साइन किया, जिसके तहत चीन से होने वाले आयात पर टैरिफ 20 फीसदी तक किया जाना है। ट्रंप ने कहा कि चीन से नशीली दवा फेंटानिल की सप्लाई कम नहीं हो रही है। ऐसे में उससे निपटने के लिए ही यह फैसला लिया गया है। इस पर दवाब देते हुए अमेरिका में चीन के दूतावास ने कहा कि यदि अमेरिका जंग ही चाहता है, चाहे टैरिफ, ट्रेड या फिर कोई और हो तो हम उसके लिए भी तैयार हैं।

### सीमा विवाद के आधार पर द्विपक्षीय संबंध तय न हों

चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि हमें देखना होगा कि सीमा विवाद के आधार पर द्विपक्षीय संबंध तय न हों। उसे अलग नजरिए से देखा जाए। चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ वार जारी है। अमेरिका की सत्ता पर डोनाल्ड ट्रंप ने काबिज होते ही कई सख्त फैसले लिए हैं। चीन, कनाडा, मेक्सिको और भारत जैसे देशों पर डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ बढ़ाना चाहते हैं।

**सीएम ने** कहा कि तालाब का जल्द सर्वे कराएं



# भोपाल के बड़े तालाब के संरक्षण के लिए तत्काल ही सख्त कदम उठाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल के बड़े तालाब के आसपास हो रहे अवैध अतिक्रमण पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सख्त रूख अपनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने अधिकारियों से साफ कर दिया कि भोपाल का बड़ा तालाब हमारी समृद्ध धरोहर का हिस्सा है, सर्वे कराकर इसके संरक्षण के लिए जरूरी कदम उठाएं। सभी जिम्मेदार अधिकारी भोपाल तालाब के आस-पास हो रही निर्माण गतिविधियों के प्रति सतर्क रहें और ऐसे लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश मुख्यमंत्री निवास में हुई पर्यावरण विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि बड़े तालाब के आस-पास हो रहे अवैध निर्माण और सीहोर से बड़े तालाब में आने वाले जल को अवरूद्ध करने वाली संरचनाओं के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

- औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले डिस्चार्ज का प्लांट में ही हो ट्रीटमेंट

बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, एसीएस (मुख्यमंत्री) डॉ. राजेश राजौरा, सचिव पर्यावरण नवनीत मोहन कोठारी तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की नदियों तथा अन्य जल संरचनाओं को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए इनके आस-पास की औद्योगिक इकाइयों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। यह सुनिश्चित करें कि औद्योगिक इकाइयों के उनके यहां से निकलने वाले डिस्चार्ज का अपने प्लांट में ही ट्रीटमेंट करें। बड़े होटलों पर भी यह यही व्यवस्था लागू हो।

### नदियों के आस-पास हो रही खनन गतिविधियों को नियंत्रित करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संरचनाओं में जल जीवों, जल वनस्पतियों की स्थिति और जल की गुणवत्ता के अध्ययन के लिए विश्वविद्यालयों को भी साथ जोड़ा जाए। नदियों के आस-पास हो रही खनन गतिविधियों को नियंत्रित करना जरूरी है। इसके साथ ही खनन के बाद छोड़े दिए गए गड्ढों को भरने के लिए नगरीय निकाय और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का दायित्व निर्धारित करें। खनन के बाद छूटे स्थानों को तालाब के रूप में विकसित किया जा सकता है, इससे आस-पास के क्षेत्र के जल स्तर में भी सुधार होगा।






ग्रामीण शासन में महिलाओं के वास्तविक नेतृत्व को बढ़ावा देने...

# पंचायती राज मंत्रालय ने 'सरपंच पति' संस्कृति के खिलाफ शुरू की बड़ी मुहिम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पंचायती राज मंत्रालय ने ग्रामीण शासन में महिलाओं के वास्तविक नेतृत्व को बढ़ावा देने और सरपंच पति संस्कृति को खत्म करने के लिए एक नई मुहिम की शुरुआत की है। इस प्रथा में चुनी हुई महिला प्रतिनिधियों की जगह उनके पति या पुरुष रिश्तेदार फैसले लेते हैं, जिससे महिलाओं के संवैधानिक अधिकार कमजोर पड़ते हैं।

इस अभियान के तहत, मंत्रालय ने द वायरल फीवर के साथ मिलकर डिजिटल सामग्री तैयार की है, जो पंचायत व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका को लेकर जागरूकता बढ़ाएगी। इस पहल की पहली कड़ी असली प्रधान कौन? का प्रीमियर 4 मार्च 2025 को हुआ। यह फिल्म लोकप्रिय वेब सीरीज पंचायत के आधार पर बनाई गई है और इसमें नीना गुप्ता, चंदन रॉय और फैसल मलिक जैसे प्रसिद्ध कलाकार शामिल हैं।

**महिला दिवस विशेष**

### यह अभियान मंत्रालय के सशक्त पंचायत नेत्री अभियान का हिस्सा



### दो और फिल्में जल्द ही जारी होंगी

*यह अभियान मंत्रालय के सशक्त पंचायत नेत्री अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पंचायतों में चुनी हुई महिला नेताओं को प्रशिक्षण और समर्थन देना है, ताकि वे अपने संवैधानिक अधिकारों और जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभा सकें। यह अभियान पंचायतों में महिलाओं की वास्तविक भागीदारी को मजबूत करने और उनके अधिकारों को छीनने वाली प्रथाओं को समाप्त करने के लिए शुरू किया गया है। मंत्रालय इस अभियान के तहत दो और फिल्में जल्द ही जारी करेगा। पहली फिल्म डिजिटल पारदर्शिता पर आधारित होगी, जो दिखाएगी कि कैसे तकनीक ग्रामीण शासन को बेहतर बना सकती है। दूसरी फिल्म स्वयं का राजस्व स्रोत पर केंद्रित होगी, जो पंचायतों के लिए आर्थिक स्वतंत्रता के महत्व को समझाएगी।*

### बीच रास्ते में ऑक्सीजन खत्म, तड़पकर मासूम बच्ची की मौत

**राजगढ़।** स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते एक तीन साल के मासूम बच्ची की मौत हो गई। बच्ची को गुना अस्पताल से भोपाल रेफर किया गया था। परिजन 108 एंबुलेंस में लेकर जा रहे थे लेकिन उसमें रखे ऑक्सीजन सिलेंडर में ऑक्सीजन ही नहीं थी। परिजनों का कहना है कि एंबुलेंस का ड्राइवर रेफर पर्चा और अन्य जरूरी कागज लेकर फरार हो गया। दरअसल, गुना जिले के धरनावदा गांव की साढ़े 3 साल की बच्ची को तेज बुखार आने पर परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। बच्ची के दादा ओंकार सिंह कुशवाहा ने बताया कि अस्पताल में उनकी पोती हर्षिता के इलाज में डॉक्टरों ने लापरवाही बरती।









# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



*महिलाएं समाज का एक अहम हिस्सा हैं लेकिन वक्त के साथ महिलाएं समाज और राष्ट्र के निर्माण का एक अहम हिस्सा बन चुकी हैं। घर-परिवार से सीमित रहने वाली महिलाएं जब चारदीवारी से बाहर निकल अन्य क्षेत्रों की ओर बढ़ी तो उन्हें अभूतपूर्व सफलता मिलने लगी। खेल जगत से लेकर मनोरंजन तक, और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा मंत्रालय तक में महिलाएं न केवल शामिल हैं बल्कि बड़ी भूमिकाओं में हैं। महिलाओं की इसी भागीदारी को बढ़ाने और अपने अधिकारों से अनजान महिलाओं को जागरूक करने व उनके जीवन में सुधार करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।*

## महिलाओं ने समाज को विकसित बनाने में अहम भूमिका निभाई

हर साल 8 मार्च को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने का एक अवसर है। यह दिन महिलाओं के सम्मान और उनके समाज में योगदान को महसूस कराने के लिए तय किया गया है। यह दिन एक उत्सव की भावना के साथ दुनिया भर में मनाया जाता है। महिलाओं ने समाज को विकसित बनाने में अहम भूमिका निभाई है। वे घरेलू कामों के अलावा समाज के साथ-साथ अलग-अलग क्षेत्रों में भी अपने कौशल का प्रदर्शन करती हैं। उनका योगदान शिक्षा, सेवा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और कई अन्य क्षेत्रों में बेहद खास है। हर साल 8 मार्च को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने का एक अवसर है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लैंगिक समानता हासिल करने के संघर्ष को याद करने का भी अवसर होता है। इस दिवस की शुरुआत 20वीं सदी की शुरुआत में हुई थी, जब महिलाएं बेहतर कामकाजी परिस्थितियों, मताधिकार और समान वेतन की मांग कर रही थीं। धीरे-धीरे यह आंदोलन दुनियाभर में बड़े स्तर पर बन गया और 1975 में संयुक्त राष्ट्र ने 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मान्यता दी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अलग-अलग मुद्दों पर प्रकाश डालता है, जिनमें शामिल हैं। भारत जैसे देश में, जहां महिलाओं को सदियों से सामाजिक असमानता का सामना करना पड़ा है, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विशेष महत्व है। यह दिन महिलाओं को अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाने और लैंगिक समानता हासिल करने के लिए मिलकर काम करने का अवसर प्रदान करता है। हालांकि, यह जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ एक प्रतीकात्मक समारोह न बनकर, महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रयासों में बदल जाए। समाज को महिलाओं को शिक्षित करने, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे।



" जीवन की कला को अपने हाथो से साकार कर, नारी का अस्तित्व ही, सुन्दर।,
पढ़-लिख कर करें रोशन जग सारा... ।
" कभी बहु कभी माँ बनकर
सबके सुख-दु:ख सहकर
अपने सब फर्ज निभाती है
तभी तो नारी कहलाती है । "

## सराहनीय उपलब्धियां हासिल

कुछ भारतीय महिलाओं ने विज्ञान, कला, साहित्य, खेल और राजनीति जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। इन महिलाओं की सफलता अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं और दिखाती हैं कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में सफल हो सकती हैं। इसके साथ ही साल 2024 में महिला दिवस की थीम 'इंस्पायर इंक्लूजन' है, जिसका मतलब एक ऐसी दुनिया, जहां हर किसी को बराबर का हक और सम्मान मिले। महिलाओं को समाज में उनकी अहमियत को समझाने के लिए इस दिन पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों में अलग-अलग विषयों पर चर्चाएं, कविता पाठ, नाटक, और समारोह आयोजित किए जाते हैं। इन सभी कार्यक्रमों का खास मकसद महिलाओं के अधिकारों और समाज में उनकी स्थिति के महत्व को जागरूक करना है। आखिर में, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि लैंगिक समानता हासिल करना एक सतत प्रक्रिया है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पुरुषों और महिलाओं दोनों को मिलकर काम करना होगा। तभी हम एक ऐसा समाज बना पाएंगे जहां महिलाओं और पुरुषों को समान अवसर और सम्मान प्राप्त हो। अगर आपको हमारी स्टोरी से जुड़े सवाल हैं, तो आप हमें आर्टिकल के ऊपर दिये गए कमेंट बॉक्स में जरूर बताएं। हम आप तक सही जानकारी पहुंचाने का प्रयास करते रहेंगे। अगर आपको स्टोरी अच्छी लगी है, तो इसे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करना न भूलें। ऐसी ही अन्य स्टोरी पढ़ने के लिए हर जिंदगी से जुड़े रहें।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कैसे मनाया जाता है

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक खास कार्यक्रम है जिसे लोगों के साथ ही व्यापार, राजनीतिक, समुदायिक, शिक्षण संस्थानों, आविष्कारक, टीवी व्यक्तित्व आदि महिला नेतृत्व के द्वारा 8 मार्च को मनाया जाता है। अन्य महिला अधिकारों को बढ़ावा देने वाली क्रिया-कलाप सहित नाश्ता, रात का भोजन, महिलाओं के मुद्दे, लंच, प्रतियोगी गतिविधि, भाषण, प्रस्तुतिकरण, चर्चा, बैनर, सम्मेलन, महिला परेड तथा सेमिनार जैसे विभिन्न प्रकार कार्यक्रम के आयोजन के द्वारा इसे मनाया जाता है। इसे पूरे विश्व भर में उनके अधिकार, योगदान, शिक्षा की महत्ता, आजीविका आदि के मौके के लिये महिलाओं के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिये मनाया जाता है। इस दिवस के अवसर पर महिला शिक्षिका को उनके विद्यार्थियों द्वारा अपने बच्चों के द्वारा माता-पिता को, बहनों को भाईयों के द्वारा, पुत्री को अपने पिता के द्वारा, उपहार अर्थात गिफ्ट दिया जाता है ।

### महिला दिवस का उद्देश्य और महत्व

भले ही आज दुनिया के तमाम देश और हमारा समाज अधिक जागरूक है लेकिन महिलाओं के अधिकारों और हक की लड़ाई अभी भी जारी है। कई मामलों में महिलाओं को आज भी समान सम्मान और अधिकार नहीं मिले हैं। महिलाओं के इन्हीं अधिकार, सम्मान के लिए समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।






























# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 8 मार्च 2025




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं



विमान ने प्रशिक्षण उड़ान के लिए अंबाला एयरबेस से उड़ान भरी थी

## पंचकूला में वायुसेना का जगुआर फाइटर जेट क्रैश

# सूझबूझ को सैल्यूट... पायलट विमान को जमीन की किसी भी बस्ती से ले गया दूर जंगल में, ताकि कोई जनहानि न हो

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंचकूला के एक गांव में वायुसेना का फाइटर जेट क्रैश हो गया। हादसे से पहले पायलट ने पैराशूट से छलांग लगा दी जिससे उनकी जान बच गई। फाइटर जेट पूरी तरह से जल गया है और इसके टुकड़े आसपास बिखरे हुए हैं।

स्थानीय लोगों ने पायलट को जंगल से निकाला और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। घटना पर वायुसेना की प्रतिक्रिया भी आई है। मोरनी के बालदवाला गांव के पास यह हादसा हुआ। पंचकूला जिले के रायपुररानी के एसएचओ ने बताया कि पंचकूला जिले के पहाड़ी इलाके में भारतीय वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट ने विमान को जमीन पर किसी भी बस्ती से दूर ले गया और जमीन पर किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है।

पायलट ने पैराशूट की मदद से बचाई अपनी जान



### वायुसेना ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया

भारतीय वायुसेना के अधिकारी ने बताया कि विमान ने प्रशिक्षण उड़ान के लिए अंबाला एयरबेस से उड़ान भरी थी। पायलट पैराशूट से उतरकर अपनी जान बचाने में कामयाब रहा। अधिकारी ने बताया कि इस दुर्घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। हालांकि, माना जा रहा है कि विमान तकनीकी खराबी के कारण हादसे का शिकार हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विमान लहराते हुए पेड़ों से टकराता हुआ जंगल के बीच एक खाई में गिरा था। विमान के गिरते ही उसमें आग लग गई और वह कई टुकड़ों में बंट गया। विमान के टुकड़े आसपास के क्षेत्रों में बिखरे पाए गए हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। क्षेत्र को सील कर दिया गया है और राहत एवं बचाव कार्य जारी है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### आईएफएस अफसर ने कूदकर दी जान



**नई दिल्ली।** दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में एक आईएफएस अधिकारी ने खुदकुशी कर ली है। बताया जा रहा कि अफसर कई दिनों से किसी बात को लेकर परेशान चल रहे थे। जिसका वह इलाज भी करवा रहे थे। अफसर ने शुक्रवार को बिल्डिंग से कूदकर अपनी जान दी है। अधिकारी का नाम जितेंद्र रावत बताया जा रहा है और वे उत्तराखंड के रहने वाले थे।

### पारले-जी ग्रुप के ठिकानों पर छापा



**नई दिल्ली।** मुंबई में पारले ग्रुप पर इनकम टैक्स विभाग ने छापेमारी की है। पारले ग्रुप पारले-जी, मोनाको और अन्य ब्रांड नेम से बिस्कुट बेचने वाली फर्म है। मुंबई में कंपनी के कई स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। आयकर विभाग की फॉरेन असेट यूनिट और मुंबई की इनकम टैक्स की ओर से सर्च किया जा रहा है।

### घर पर पथराव किया तो बुजुर्ग को आया अटैक



**जबलपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार की मध्यरात्रि कुछ बदमाशों ने एक घर पर पथराव कर दिया। तोड़फोड़ करते हुए जमकर हंगामा किया। दहशत में घर के अंदर रहने वाले एक वृद्ध की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक का नाम विष्णु कनौजिया था। उनकी उम्र 65 वर्ष थी। वह पत्नी और भतीजे के परिवार के साथ यहां रहते थे।

समाज की प्रगति में बाधा डालने वाला एकमात्र कारक है **भ्रष्टाचार**

## बड़ी टिप्पणी : भ्रष्टाचार मामले में सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

# 'भाड़े के हत्यारों' से भी ज्यादा खतरनाक हैं भ्रष्ट नेता-अफसर

*ऐतिहासिक समानताएं दर्शाते हुए शीर्ष अदालत ने ब्रिटिश राजनेता एडमंड बर्क के शब्दों का हवाला दिया कि सामान्य रूप से भ्रष्ट लोगों के बीच, स्वतंत्रता लंबे समय तक नहीं टिक सकती, और इस बात पर दुख जताया कि भ्रष्टाचार अपने सुप्रलेखित परिणामों के बावजूद अनियंत्रित बना हुआ है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार की कड़ी आलोचना की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सरकार और राजनीतिक दलों के उच्च स्तरों पर बैठे भ्रष्ट तत्व समाज के लिए भाड़े के हत्यारों से भी ज्यादा खतरनाक हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि यदि विकासशील देश के समाज को कानून और व्यवस्था के लिए किराए के हत्यारों से भी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, तो वह सरकार और राजनीतिक दलों के उच्च पदों पर बैठे भ्रष्ट तत्वों से है। ऐतिहासिक समानताएं दर्शाते हुए शीर्ष अदालत ने ब्रिटिश राजनेता एडमंड बर्क के शब्दों का हवाला दिया, सामान्य रूप से भ्रष्ट लोगों के बीच, स्वतंत्रता लंबे समय तक नहीं टिक सकती, और इस बात पर दुख जताया कि भ्रष्टाचार अपने सुप्रलेखित परिणामों के बावजूद अनियंत्रित बना हुआ है।

*भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लिए रिहाई से इनकार करने में संकोच न करें अदालतें*

*आर्थिक अशांति होती है और जनता का विश्वास टूटता है इस भ्रष्टाचार से*



### अदालतों को दिए निर्देश

#### अभियुक्त की स्वतंत्रता से कर दें इनकार

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि अभियुक्त की स्वतंत्रता के प्रति अत्यधिक आग्रहपूर्ण श्रद्धांजलि कभी-कभी सार्वजनिक न्याय के उद्देश्य को पराजित कर सकती है। साथ ही कहा कि यदि किसी अभियुक्त को स्वतंत्रता से वंचित करने से भ्रष्टाचार मुक्त समाज सुनिश्चित होता है, तो अदालतों को ऐसी स्वतंत्रता से इनकार करने में संकोच नहीं करना चाहिए। उनकी याचिका को खारिज करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि निर्दोषता की धारणा एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है, लेकिन अग्रिम जमानत देने के लिए यह एकमात्र आधार नहीं हो सकता।

#### जो दलालों के माध्यम से मूल्वान चीजें लेते हैं वे भी दंडनीय

पीठ ने आगे स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोजन के लिए रिश्वत का वास्तविक आदान-प्रदान आवश्यक नहीं है। फैसले में कहा गया है कि वे सरकारी कर्मचारी जो सीधे तौर पर रिश्वत नहीं लेते हैं, बल्कि बिचौलियों या दलालों के माध्यम से लेते हैं, और वे लोग जो उन लोगों से मूल्यवान चीजें स्वीकार करते हैं जिनके साथ उनका आधिकारिक लेन-देन है या होने की संभावना है, वे भी दंडनीय हैं।

#### और, क्या कहा कोर्ट ने?

**भ्रष्टाचार को अक्सर दंड से मुक्त होकर पनपने दिया जाता है**

भ्रष्टाचार की जड़ जमाए प्रकृति की निंदा करते हुए पीठ ने कहा कि यदि किसी से पूछा जाए कि वह एकमात्र कारक क्या है जिसने हमारे समाज की समृद्धि की ओर प्रगति को प्रभावी रूप से अवरुद्ध कर दिया है, तो निस्संदेह वह भ्रष्टाचार है। कोर्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार को अक्सर दंड से मुक्त होकर पनपने दिया जाता है, विशेष रूप से उच्च पदस्थ व्यक्तियों के बीच, जिसके कारण आर्थिक अशांति और जनता का विश्वास टूटता है। पीठ ने कहा कि यदि भ्रष्टाचार के बारे में जो कुछ भी आम धारणा है उसका एक अंश भी सच है, तो यह सच से बहुत दूर नहीं होगा कि उच्च पदस्थ लोगों द्वारा दंड से मुक्त होकर किए जा रहे व्यापक भ्रष्टाचार के कारण ही इस देश में आर्थिक अशांति पैदा हुई है।

## जबलपुर से ग्रीन कॉरिडोर से भेजे ऑर्गन

# ब्रेनडेड बुजुर्ग ने इंदौर, भोपाल के मरीजों को दिया जीवनदान



चौधरी के परिजन ने दी अंगदान की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर/भोपाल

मानवता की मिसाल पेश करते हुए भेड़ाघाट निवासी 54 वर्षीय पूरनलाल चौधरी, जो बिल्डिंग मजदूर का काम करते थे, उनके अंगदान ने कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन दिया है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती पूरनलाल का इलाज के दौरान ब्रेनडेड घोषित किया गया। चिकित्सकों की प्रेरणा और परिवार की सहमति से बुजुर्ग के अंगदान की प्रक्रिया पूरी की गई। एक किडनी जबलपुर के निजी अस्पताल और दूसरी किडनी एयर एंबुलेंस से इंदौर के हॉस्पिटल भेजी गई। वहीं, लिवर को भोपाल भेजा गया।

## सिंघाना में हृदय विदारक घटना

# नहर में डूबने से 2 बच्चों की मौत खबर सुन पिता को हार्ट अटैक



पिता की भी हुई अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

मनावर थाना अंतर्गत सिंघाना पुलिस चौकी के ग्राम अजंदीकोट के पास ओंकारेश्वर नहर में बड़ी घटना घटी। इसमें दो बच्चों की नहर में डूबने से मौत हो गई।

गुरुवार को दोपहर करीब 3 बजे सिंघाना से आधा किलोमीटर दूर अजंदी रोड पर स्थित ओंकारेश्वर परियोजना की नहर में चार बच्चे नहाने के लिए पहुंचे थे। जैसे ही दोनों बच्चे नहर में छलांग लगाई वह डूबने लगे इसके बाद नहर के किनारे खड़े दो बच्चे घबरा गए और दौड़ते हुए अपने घर गए। सूचना मिलते ही सैकड़ों लोग नहर के पास पहुंच गए। करीब शाम 6 बजे बाद बच्चों के शव को नहर से बाहर निकाला गया।

## मथुरा में लट्ठमार होली की धूम



### उत्सव देखने पहुंचे लाखों श्रद्धालु

**मथुरा।** रंगों का त्योहार होली हर साल फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। इस साल होली 14 मार्च को है। भगवान कृष्ण की नगरी मथुरा और उसके आस-पास के क्षेत्रों में होली का उत्सव कई दिन पहले ही शुरू हो जाता है। बरसाना की लट्ठमार होली देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। ब्रज में यह 40 दिनों तक मनाया जाता है। होली की शुरुआत राधा रानी की जन्मस्थली बरसाना से होती है।

## कार्तिकेय और अमानत शादी के बंधन में बंधे

# शिवराज ने बेटा-बहू को शादी में दिलाया 8वां वचन



एजेंसी ▶▶ जोधपुर

मप्र पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बड़े बेटे कार्तिकेय की शादी अमानत बंशल के साथ हो गई है। दोनों ने शादी के पवित्र बंधन में बंधते हुए सात फेरे लिए। इसके बाद मामा शिवराज ने बेटा-बहू को आठवां वचन दिलाया। शादी की रस्में जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस में पूरी हुई हैं। सात फेरे लेने के बाद मामा ने बेटे बहू को आठवें वचन के तौर पर पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी। इसे कार्तिकेय और अमानत ने स्वीकार भी किया। शिवराज ने कहा कि हमको दोनों परिवारों का मान सम्मान बनाते हुए औरों के लिए भी जीना है। सम्मान की बात करते हुए कहा कि इसका एक साकार स्वरूप है, पर्यावरण।

## मां ने लिखा इमोशनल पोस्ट

# पत्नी से प्रताड़ित निशांत त्रिपाठी ने लगाई फांसी



मां ने लिखा- 37 हजार से अधिक महिलाओं को न्याय दिलवाया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अतुल सुभाष की तरह 41 वर्षीय अभिनेता निशांत त्रिपाठी ने अपनी पत्नी पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर सुसाइड कर लिया। निशांत त्रिपाठी का शव मुंबई के विले पार्ले स्थित एक होटल में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। निशांत अपने सुसाइड नोट में पत्नी और उसकी मौसी को आत्महत्या का जिम्मेदार बताया।निशांत द्वारा सुसाइड किए जाने के एक दिन बाद, उनकी मां नीलम चतुर्वेदी ने एक लंबा और इमोशनल पोस्ट लिखा है। मां नीलम ने अपनी बहू अपूर्वा पारिख और उनकी मौसी प्रार्थना के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

## 21, 22 एवं 23 मार्च को होगी

# बेंगलुरु में संघ की 3 दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा



- वर्ष 2024-25 का कार्यवृत्त रखा जाएगा
- आयोजन-अभियानों की रूपरेखा भी होगी तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा इस साल बेंगलुरु में 21, 22 एवं 23 मार्च 2025 को आयोजित की जाएगी। संघ की कार्य पद्धति में यह निर्णय करने वाली सर्वोच्च इकाई है तथा इसका आयोजन प्रतिवर्ष होता है।यह बैठक बेंगलुरु के चन्नेनहल्ली में स्थित जनसेवा विद्या केंद्र परिसर में होगी। बैठक में गत वर्ष 2024-25 का कार्यवृत्त रखा जाएगा ।

## अब धीरे-धीरे बढ़ेगा दिन और रात का तापमान, दिन में बढ़ा दो से तीन डिग्री पारा


# होली तक दिन के साथ रातें भी हो जाएंगी गर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल और जबलपुर में ठंड बढ़ने के साथ प्रदेश के 13 शहरों में पारा दस डिग्री सेल्सियस से नीचे जाने के बाद शुक्रवार को तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

जबकि, गुरुवार को भोपाल और जबलपुर में पारा 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया था। राजगढ़, उमरिया-खजुराहो समेत 13 शहरों में तापमान 6 से 9.8 डिग्री तक रहा। अब प्रदेश के आसपास कोई भी सिस्टम सक्रिय नहीं होने की वजह से दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि पिछले 2-3 दिन से उत्तरी हवा आने से प्रदेश में ठंड का असर देखने को मिल रहा था।

पिछले 2-3 दिन से उत्तरी हवा आने से प्रदेश में ठंड का असर



शाहपुरा झील

### इंदौर और उज्जैन में बढ़ेगा पारा

इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में रात का तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री अधिक होगा, जबकि गुजरात के ऊपर साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम की वजह से भोपाल, जबलपुर, सागर, रीवा, शहडोल, ग्वालियर और चंबल संभाग में तापमान सामान्य 15-17 डिग्री तक रहेगा। वहीं, अधिकतम तापमान इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में सामान्य से बढ़े रहेंगे। पश्चिमी और दक्षिणी हिस्से में बादल जरूर छाए रहेंगे।

### अप्रैल-मई सबसे ज्यादा गर्म रहेंगे

मौसम विभाग ने इस साल अप्रैल और मई में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ने का अनुमान जताया है। इन दो महीने के अंदर ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच सकता है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग भी गर्म रहेंगे।

## बरसाना में सीएम योगी ने खेली फूलों की होली

# अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा की बारी...

### मुख्यमंत्री ने रंगोत्सव 2025' का शुभारंभ किया, राम- कृष्ण दोनों की भूमि उत्तर प्रदेश में

**श्रीराधारानी के श्रीचरणों में विकास का निवेदन किया**

एजेंसी ▶▶ बरसाना

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा के बरसाना में 'रंगोत्सव 2025' का शुभारंभ किया। योगी ने कहा कि ब्रज की रज में कन्हैया के दर्शन हर कोई करता है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे बार-बार यहां आने का मौका मिलता है। महाकुंभ ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। सनातन की एकता का अकल्प समागम दुनिया ने देखा। राम की जन्मभूमि भी इसी उत्तर प्रदेश में है और कृष्ण कन्हैया की पावन जन्मभूमि भी उत्तर प्रदेश में है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विरासत और विकास की परंपरा शुरू हुई, जो महाकुंभ में दिखी। उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। योगी ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिए रंगोत्सव की शुरुआत की।

**लोगों को दिया बड़ा आश्वासन**

**होली एकता और सद्भाव का त्योहार**

योगी ने होली को एकता का सूत्र बताते हुए कहा कि होली आपसी सद्भाव और दूरियों को मिटाने का त्योहार है। बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली का जिक्र करते हुए सनातन धर्म की अद्भुत परंपराओं की सराहना की।




योगी ने कहा कि इस बार के बजट में ब्रज भूमि के विकास के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि करोड़ों की योजनाओं के साथ बरसाना को विकास से जोड़ा जा रहा है। पहली बार बरसाना में रोपवे की सुविधा शुरू हुई है। सीएम ने आश्वस्त किया कि मथुरा, बरसाना, ब्रजभूमि के विकास के लिए कोई सीमा नहीं है।

**सनातन के विरोधियों को महाकुंभ से जवाब मिल गया :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि जो जितना सनातन धर्म के खिलाफ बोलता था, अफवाह फैलाता था और तर्कहीन बातें करता था, उन्हें सनातन धर्मावलम्बियों ने महाकुंभ के जरिए करारा जवाब दिया है। महाकुंभ सनातन धर्म का दुर्लभतम क्षण बन गया है।

**बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक**

योगी ने संतों का सम्मान किया और देश-दुनिया से आए लोगों को होली व रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक है। यह ब्रज भूमि हर सनातन धर्मावलंबी के लिए आशीर्वाद का केंद्र हैडबल इंजन की सरकार सुरक्षा, विकास और समृद्धि की गारंटी है। होली के इस पावन अवसर पर ब्रज भूमि के विकास को नई गति मिलेगी। सीएम ने् री लाडली जी महाराज के मंदिर में दर्शन पूजन कर प्रदेश के कल्याण की कामना की।



## खबर संक्षेप

### स्टालिन ने दक्षिण भारत के 7 मुख्यमंत्रियों को पत्र लिख मांगा समर्थन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने दक्षिण भारत के राज्यों समेत विभिन्न राज्यों के



मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। स्टालिन ने केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति और परिसीमन के मुद्दे पर समर्थन मांगा है। इसमें ममता बेनर्जी और भाजपा सीएम मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी शामिल हैं। इसके पहले भी वे कई कार्यक्रमों में हिंदी के प्रति अपनी असमर्थता जता चुके हैंष

### इलाहाबादिया और अपूर्वा ने महिला आयोग से लिखित माफी मांगी

**नई दिल्ली।** समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में की गई अश्लील टिप्पणी, मजाक को



लेकर रणवीर इलाहाबादिया और अपूर्वा मुखीजा लंबे समय से पुलिस शिकायतों और सोशल मीडिया पर मिल रही आलोचना का सामना कर रहे हैं। महिला आयोग ने उनके बयान दर्ज किए। अब खबर है कि रणवीर और अपूर्वा ने अपने किए की माफी महिला आयोग के सामने मांग ली है। इन पर भद्दी टिप्पणी करने के कई मामले दर्ज किए गए हैं।

### वक्फ संरक्षण को 150 व उर्दू स्कूलों को 100 करोड़ की राशि दी : सिद्धारमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने 4,08,647 करोड़ के बजट की घोषणा की है। वक्फ संपत्तियों की



मरम्मत एवं मुस्लिम कब्रिस्तानों की सुरक्षा के लिए 150 करोड़ का प्रावधान है। पिछड़े अल्पसंख्यक समुदायों में साधारण विवाह को बढ़ावा देने एनजीओ को प्रति जोड़ा 50,000 रुपए की सहायता दी जाएगी। पेश-इमामों का मानदेय 6,000, सहायक ग्रंथियों और मुअज्जिनों का मानदेय 5,000 होगा। भाजपा ने विरोध किया है।

## दादरा नगर हवेली में पीएम ने किया नमो अस्पताल का लोकार्पण

यहां के लोगों ने मुझ पर पूरा भरोसा जताया

# यहां तेजी से नए अवसरों का विकास हुआ, यह हमारा गौरव और विरासत

**यहां हिंदी, मराठी, अंग्रेजी और गुजराती सहित 4भाषाएं पढ़ाई का माध्यम**

एजेंसी ▶▶ सिलवासा

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दादरा एवं नगर हवेली के सिलवासा में 2,587 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने नमो अस्पताल के पहले चरण का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि सिलवासा और केंद्र शासित प्रदेश को आधुनिक पहचान मिल रही है। यह ऐसा शहर है जहां हर जगह के लोग रहते हैं। यहां का महानगरीय मिजाज दिखाता है कि कैसे यहां बहुत तेजी से नए अवसरों का विकास हुआ है। दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव हमारे लिए सिर्फ केंद्र शासित प्रदेश नहीं हैं, बल्कि हमारा गौरव और विरासत हैं।

ये एक शिक्षा केंद्र के रूप में उभरे हैं। पहले मुझे यह देखकर खुशी होती थी कि यहां हिंदी, मराठी, अंग्रेजी और गुजराती सहित चार भाषाएं पढ़ाई का माध्यम हैं। अब मुझे इस बात पर गर्व है कि प्राथमिक और जूनियर स्कूलों में भी बच्चों को स्मार्ट कक्षाओं में शिक्षा मिल रही है। मुझे यहां के लोगों के सामर्थ्य पर भरोसा था, आप पर भरोसा था।

**सिलवासा में 2,587 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया**

**यह प्रदेश एक आदर्श प्रदेश बनेगा**



**सिलवासा में नमो अस्पताल (चरण-1) शुरू किया**

पीएम मोदी ने सिलवासा में नमो अस्पताल के पहले चरण का उद्घाटन किया। 460 करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित 450 बिस्तरों वाला यह अस्पताल दादरा नगर हवेली में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगा। साथ ही क्षेत्र के लोगों खासकर जनजातीय समुदायों को अत्याधुनिक चिकित्सा देखभाल प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि 2014 में केंद्र में सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने इस भरोसे को शक्ति में परिवर्तित कर दिया, उसे आगे बढ़ाया। आज हमारा सिलवासा और यह प्रदेश एक आधुनिक पहचान के साथ उभर रहा है।आज यहां 2.5 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की अनेक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, हेल्थकेयर, शिक्षा और टूरिज्म, यानी हर क्षेत्र से जुड़े ढेर सारे प्रोजेक्ट इस क्षेत्र के विकास को और गति देंगे। यहां नए अवसर पैदा होंगे। हम इस प्रदेश को एक ऐसा आदर्श प्रदेश बना रहे हैं, जो आपके समग्र विकास के लिए जाना जाए।

**सरकार की योजना का लाभ हर लाभार्थी को मिल रहा**

पीएम मोदी ने कहा कि वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना से हर व्यक्ति को भोजन की गारंटी मिली है। जल जीवन मिशन से स्वच्छ जल सुनिश्चित हुआ है, जबकि भारतनेट ने डिजिटल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया है। पीएम जन धन योजना ने हर घर को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ा है। इन योजनाओं की सफलता से लोगों में विश्वास पैदा हुआ है और इन सरकारी पहलों से आए सकारात्मक बदलावों ने प्रभावी परिणाम दिखाए हैं। जीवन के हर आयाम में, हर जरूरत के लिए सरकार की योजना का लाभ हर लाभार्थी को मिल रहा है।

**'हमने दाम कम, दवाई में दम' का मंत्र दिया**

उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में इस क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का काफी विस्तार हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि आज जन औषधि दिवस भी है। जन औषधि यानी-सस्ते इलाज की गारंटी। जन औषधि का मंत्र है - दाम कम, दवाई में दम। हमारी सरकार अच्छे अस्पताल भी बनवा रही है, आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा भी दे रही है और जन औषधि केंद्रों के जरिए सस्ती दवाएं भी दे रही है। आने वाले वर्षों में हम देशभर में 25,000 जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

**माईगवइंडिया पोर्टल के पोस्ट को साझा किया**

प्रधानमंत्री मोदी ने माईगवइंडिया पोर्टल के पोस्ट को साझा करते हुए एक्स पर कहा कि जन औषधि दिवस लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली और सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**प्रशासक पटेल ने किया पीएम का अभिनंदन**

केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक प्रफुल्ल के. पटेल ने पीएम मोदी का अभिनंदन किया। इसके बाद पीएम सूरत जाएंगे और सूरत खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ करेंगे।

**जनऔषधि ने स्वास्थ्य में बदलाव लाया: नड्डा**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना



ने 'अच्छी भी, सस्ती भी' के मंत्र के साथ स्वास्थ्य सेवा में बदलाव ला दिया है। पूरे भारत में 15,000 से अधिक जन औषधि केंद्रों के साथ, यह पहल 50-90 फीसदी कम कीमतों पर दवाइयां उपलब्ध कराती है, जिससे स्वास्थ्य सुनिश्चित होता है।

## ओडिशा विधानसभा में भारी हंगामा

# विधायक पोडियम पर चढ़े नारेबाजी व हंगामा किया

बीजद-कांग्रेसियों ने माइक तोड़ने का भी किया प्रयास



एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजद) और कांग्रेस विधायकों ने राज्य विधानसभा में जमकर हंगामा किया। विधायक विधानसभा अध्यक्ष के आसन के बेहद करीब आ गए। उन्होंने जमकर नारेबाजी की। विधायकों के हाथ में तख्तियां भी दीं। बीजद विधायकों ने पंचायती राज दिवस की तिथि 5 मार्च से बदलकर 24 अप्रैल करने के फैसले का विरोध किया है। कांग्रेस विधायकों ने राज्य में महिला अत्याचारों में कथित वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिराज पानीग्रही और ताराप्रसाद बहिनीपति ने स्पीकर के पोडियम पर चढ़ने की कोशिश की और वहां माइक्रोफोन तोड़ने की कोशिश की।

**यह वजह आई सामने**

विपक्षी बीजद और कांग्रेस विधायकों ने भाजपा सरकार की ओर से ओडिशा के दिग्गज नेता बीजू पटनायक के प्रति कथित अनादर को लेकर हंगामा किया। स्पीकर को दोपहर तक कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने मोहन चरण माझी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और पंचायती राज दिवस न मनाने के फैसले की निंदा की।बीजद सदस्यों ने दावा किया कि 1993 से ही पंचायती दिवस बीजू पटनायक जयंती पर मनाया जाता रहा है। राज्य सरकार ने ओडिशा के बाहर की तरह 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस मनाने का फैसला किया है। सरकार ने एक आदेश के जरिए 5 मार्च की छुट्टी भी रद्द कर दी है।

**फैसले को वापस लेने की मांग**

सरकार के फैसले को वापस लेने की मांग करते हुए विपक्षी सदस्यों ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और सदन में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। बीजद विधायक अधिराज पानीग्रही और वरिष्ठ कांग्रेस विधायक ताराप्रसाद बहिनीपति ने स्पीकर के पोडियम पर चढ़ने की कोशिश की और वहां माइक्रोफोन तोड़ने की कोशिश की।

**कांग्रेस विधायकों ने विरोध प्रदर्शन किया :** कांग्रेस सदस्यों ने पिछले साल जून में ओडिशा में भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध में कथित वृद्धि को लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया। सदन स्थगित होने के बाद बीजद विधायकों ने बीजू पटनायक की प्रतिमा के पास धरना दिया, जबकि कांग्रेस सदस्यों ने विधानसभा परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।

## नकली मतदाता पहचान पत्र को लेकर ईसी का दावा

# हम 3 महीने में सुलझाएंगे दशकों पुरानी समस्या, अब 'नया सिस्टम' करेंगे लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग (ईसी) ने कहा कि वह दशकों पुरानी डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों की समस्या को 3 महीने में हल कर लेगा। ईसी ने कहा कि चुनावी रजिस्टर दुनिया का सबसे बड़ा मतदाता डेटाबेस है, जिसमें 99 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। हमने तकनीकी टीमों और संबंधित राज्य मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद हल करने का निर्णय लिया है।

**ईपीआईसी नंबरों की परेशानी के जल्द दूर करेंगे**

**ईपीआईसी नंबर के मामले का आयोग ने लिया संज्ञान**



ईसी ने कहा कि डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबरों के मामले में आयोग ने पहले ही संज्ञान लिया है। ईपीआईसी नंबर चाहे जैसा भी हो, एक मतदाता जो एक विशेष मतदान केंद्र के चुनावी रजिस्टर से जुड़ा हुआ है, केवल उसी मतदान केंद्र पर मतदान कर सकता है, और कहीं नहीं।

**टीएमसी ने शिकायत की थी:** बंगाल में सत्ताधारी दल टीएमसी ने एक ही मतदाता फोटो पहचान पत्र नंबर के बारे में शिकायतें की थी। चुनाव आयोग पर कवर-अप का आरोप भी लगाया है। टीएमसी के एक प्रतिनिधिमंडल नेकोलकाता में चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की थी।

# आपराधिक कानून व्यक्तिगत स्वतंत्रता, सामाजिक सद्भाव के बीच मौलिक संतुलन को प्रभावित कर रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि समाज में आपराधिक कानूनों के महत्व को कम नहीं आंका जाना चाहिए। सीजेआई गुरुवार को पूर्व प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित द्वारा संपादित पुस्तक 'रतनलाल और धीरजलालज लॉ ऑफ क्राइमःअ कामप्रिहेन्सिव कमेंटरी ऑफ भारतीय न्याय संहिता 2023' के विमोचन के मौके पर बोल रहे थे। यह कार्यक्रम दिल्ली हाई कोर्ट के सभागार में पूर्व प्रधान न्यायाधीश, विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणि और सुप्रीम कोर्ट तथा हाई कोर्ट के अन्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में हुआ। सीजेआई ने कहा कि आपराधिक कानून सीधे तौर पर वस्वतंत्रता, सामाजिक सद्भाव और राज्य की शक्ति के बीच मौलिक संतुलन को प्रभावित करता है।

**जब जस्टिस खन्ना के घर पहुंच गया एक अपराधी**

सीजेआई ने बताई आपबीती



**युवा नहीं बना रहे आपराधिक मुकदमे में करियर**

उन्होंने कहा कि जब मैं कानून के छात्रों, वकालत के पेशे में आए नए व्यक्तियों को देखता हूं, तो उनमें से कई आपराधिक मुकदमे में करियर को आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं। जिला अदालतों में अधिकांश मुकदमे आपराधिक मुकदमे ही होते हैं।

**एक यादगार अनुभव भी साझा किया**

सीजेआई ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि युवा वकीलों को क्यों आपराधिक कानून को करियर बनाना चाहिए। उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट में अतिरिक्त लोक अभियोजक के रूप में काम करते हुए एक यादगार अनुभव साझा किया। सीजेआई ने कहा कि एक बार मुझे आश्चर्य हुआ जब एक अपराधी मेरे घर आया और उसने मुझे 'धन्यवाद' कहा। यह एक ऐसा अनुभव था जिसने मुझे संतुष्ट किया।

## स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने रेलवे ने बनाई खास रणनीति

# 'प्लान 60' के तहत स्टेशनों के बाहर ही स्थायी प्रतीक्षालय बनेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई। इसमें रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। इसमें रेलवे ने भीड़ नियंत्रण के लिए तैयार की गई रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा की और उनकी समीक्षा की गई। इसमें तय किया गया कि महाकुंभ के अनुभवों के आधार पर देशभर के ऐसे 60 स्टेशनों के बाहर स्थायी प्रतीक्षालय बनाए जाएंगे, जहां समय-समय पर भारी भीड़ रहती है। नई दिल्ली, आनंद विहार, वाराणसी, अयोध्या और पटना स्टेशनों पर पायलट प्रोजेक्ट शुरू हो गए हैं। प्लेटफॉर्म पर ट्रेन आने पर ही यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति दी जाएगी।

**रेल मंत्री वैष्णव की अध्यक्षता में लिया गया फैसला**



**कई स्टेशनों पर पायलट प्रोजेक्ट शुरू**



**कन्फर्म टिकट वाले यात्री ही जा सकेंगे**

60 स्टेशनों पर पूर्ण प्रवेश नियंत्रण शुरू किया जाएगा। केवल कन्फर्म रिजर्व टिकट वाले यात्रियों को ही प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति दी जाएगी और सभी दूसरे प्रवेश बिंदुओं को सील कर दिया जाएगा।

**चौड़े एफओबी लगाए जाएंगे**

बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि 12 मीटर चौड़े (40 फीट) और 6 मीटर चौड़े (20 फीट) मानक एफओबी के दो नए डिजाइन विकसित किए गए हैं। रैंप वाले ये चौड़े एफओबी महाकुंभ के दौरान भीड़ प्रबंधन में बहुत प्रभावी रहे। ये नए मानक-चौड़े एफओबी सभी स्टेशनों पर लगाए जाएंगे।

**बड़ी संख्या में कैमरे लगाए जाएंगे**

यह भी फैसला लिया गया कि महाकुंभ के दौरान कैमरों ने भीड़ प्रबंधन में बड़ी मदद की। सभी स्टेशनों और आसपास के इलाकों में कड़ी निगरानी के लिए बड़ी संख्या में कैमरे लगाए जाएंगे। बड़े स्टेशनों पर वॉर रूम बनाए जाएंगे।

**टिकटों की बिक्री को नियंत्रित किया जाएगा**

बैठक में तय किया गया कि सभी बड़े स्टेशनों पर स्टेशन निदेशक के तौर पर एक वरिष्ठ अधिकारी होगा। स्टेशन निदेशक को वित्तीय रूप से सशक्त बनाया जाएगा, ताकि वह स्टेशन को बेहतर बनाने के लिए मौके पर ही फैसले ले सके। स्टेशन निदेशक को स्टेशन की क्षमता और उपलब्ध ट्रेनों के हिसाब से टिकटों की बिक्री को नियंत्रित करने का अधिकार भी दिया जाएगा।

## नीतीश ने एक्सपोर्ट कंसाइनमेंट का शुभारंभ किया

# अमेरिका में बिकेगा बिहार के मखाने के साथ घी व कनाडा में गुलाब जामुन

एजेंसी ▶▶ पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुधा के पहले एक्सपोर्ट कंसाइनमेंट का शुभारंभ कर दिया। गुरुवार को सीएम ने एक अणे मार्ग से पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के तहत सुधा के पहले एक्सपोर्ट कंसाइनमेंट का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिनमें विशेष रूप से मखाना, घी और गुलाब जामुन भेजे जा रहे हैं।कार्यक्रम में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयालक्ष्मी ने मुख्यमंत्री को इस पहल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर राज्य सरकार के कई प्रमुख मंत्री और अधिकारी उपस्थित थे।

**निर्यात की पहली खेप को दिखाई हरी झंडी**

**समुद्री मार्ग से गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा**



मुख्यमंत्री ने इस दौरान इन सामानों का अवलोकन किया और जानकारी प्राप्त की कि एक वाहन में मखाना और घी को अमेरिका के लिए जबकि दूसरे वाहन में गुलाब जामुन को कनाडा के लिए भेजा जा रहा है। यह सामान पहले समुद्री पोर्ट तक पहुंचाया जाएगा, उसके बाद समुद्री मार्ग से इसे अमेरिका और कनाडा के गंतव्य तक भेजा जाएगा।

## जबलपुर में मेडीकल से बना ग्रीन कॉरिडोर, हुआ सफल प्रत्यारोपण

# दो लोगों को नया जीवन दे गए पूरन



**हरिभूमि, जबलपुर।**

नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक बार फिर अंगदान की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। गत दिवस सड़क हादसे में ब्रेन डेड हुए 54 साल के एक मरीज पूरन चौधरी जाते जाते दो लोगों को नया जीवन दे गए। 54 वर्षीय पूरन चौधरी के परिजनों ने डॉक्टरों की प्रेरणा से दोनों किडनी दान करने का फैसला किया। इसके बाद सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में अंगदान की प्रक्रिया पूरी हुई और दो ग्रीन कॉरीडोर बनाए गए। एक कॉरीडोर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल मेडीकल से बड़ेरिया मेट्रो प्राईम दमोहनाका तक बनाया गया और दूसरा मेडीकल कॉलेज से डुमना तक बनाए गए। एक किडनी दमोहनाका स्थित मेट्रो अस्पताल में भर्ती मरीज को प्रत्यारोपित की गइ, जबकि दूसरी किडनी बॉम्बे हॉस्पिटल इंदौर भेजी गई है। सुपर स्पेशलिटी में किडनी डोनेट की प्रक्रिया देर रात से ही आरंभ हो गई थी। किडनी डोनेट में नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल डीन डॉक्टर नवनीत सक्सेना, सुपर स्पेशलिटी डायरेक्टर डॉक्टर अवधेश कुशवाहा, डॉक्टर फणींद्र सोलंकी, डॉक्टर तुषार धकाते जबकि मेट्रो हॉस्पिटल के डॉक्टर राजेश पटेल, डॉक्टर विशाल बड़ेरा और समन्वयक डॉक्टर अभिषेक दुबे का विशेष सहयोग रहा।

### सड़क हादसे में घायल हुए थे

जानकारी के अनुसार भेड़ाघाट शिल्पी नगर निवासी 56 वर्षीय पूरन लाल चौधरी बीते दिनों एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे। जिनके सिर पर काफी चोट थी। स्वजन उन्हें मेडिकल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया तो मरीज का ब्रेन डेड हो गया। इसके बाद सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के डॉक्टरों ने स्वजनों से चर्चा कर किडनी डोनेट कर किसी दूसरे व्यक्ति को जिंदगी देने के लिए तैयार कर लिया था। चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका और ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। चिकित्सकों ने मरीज के परिजनों को अंगदान के लिये प्रेरित किया और उनकी सहमति से दोनों किडनी प्रत्यारोपित करने का निर्णय लिया। पूरन चौधरी जाते-जाते दो लोगों को नया जीवन दे गये हैं।

## बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल में पहली बार हुआ ब्रेन डेड मरीज के किडनी का सफल प्रत्यारोपण

### गुलाब की पंखुड़ियों से बने कारपेट से किया गया ऑरगन का स्वागत

जबलपुर के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ा गया। शुक्रवार सुबह 7 बजे मेडिकल कॉलेज से बडेरिया मेट्रो हॉस्पिटल तक ग्रीन कोरिडोर का निर्माण किया गया। बडेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल द्वारा भी अंगदान की जागरूकता लाने के मकसद से आर्गन के स्वागत के लिए गुलाब की पंखुडियां बिछाई गई थीं और आर्गन लाने वाली टीम का सभी स्टाफ ने तालियों से जोरदार स्वागत किया। जबलपुर में पहली बार बडेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल में किसी ब्रेन डेड मरीज के किडनी का सफल प्रत्यारोपण किया गया। इससे पहले ब्रेन डेड मरीजों के आर्गन शहर से बाहर भेजे गये हैं। यह किडनी पिछले तीन सालों से डायलियसिस करा रही लखनादौन निवासी सुदामा बाई को प्रत्यारोपित की गई, उनकी दोनों किडनी खराब हो चुकी थी। किडनी के प्रत्यारोपण चिकित्सा में किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल वढेरा, डॉ. राजेश पटेल, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉक्टर विपिन रघुवंशी, डॉक्टर देवेश गुप्ता ने किडनी का सफल प्रत्यारोपण किया। हॉस्पिटल के डायरेक्टर राजीव बड़ेरिया ने पूरी टीम को शुभकामनाएं भी दीं 1 डॉ. अभिषेक दुबे, अभिषेक शर्मा, अभिलाष त्रिपाठी, दिनेश पटेरिया आदि का भी सहयोग रहा।





# एनजीओ बच्चों का बेहतर भविष्य बनाने में सहायक हो : कलेक्टर

**जबलपुर।**

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में स्वयं सेवी संगठनों की बैठक लेकर कहा कि विद्यार्थियों को सस्ती दर पर पुस्तक, स्टेशनरी व गणवेश उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 25 मार्च से 5 अप्रैल तक शहीद स्मारक प्रांगण में पुस्तक मेला आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस लोकहित के मेले में स्वयं सेवी संगठनों का भी योगदान हो। जिसमें गरीब बच्चों को निःशुल्क पुस्तक, गणवेश, स्टेशनरी मिल सके। एनजीओ चाहे तो एनसीईआरटी की वेबसाइट से उपलब्ध पीडीएफ से पुस्तक प्रिंट करवा कर बच्चों को दान करें, ताकि बच्चों का बेहतर भविष्य बनाने में वे सहायक हो सकें। उन्होंने सभी से इस संबंध में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी पुस्तकों की सूची जिला प्रशासन की एनआईसी की वेबसाईट पर उपलब्ध है। ज्यादातर स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकें प्रचलित हैं, ऐसी स्थिति में एनसीईआरटी की किताबों की कमी संभावित है, अतः इसमें एनजीओ से सहयोग आपेक्षित है। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला में जरूरतमंद बच्चों के लिए बुक बैंक भी बनाई जाये, ताकि बच्चों को सहजता से पुस्तकें उपलब्ध हो सकें। साथ ही कहा कि एनजीओ बच्चों से पुरानी पुस्तकें लेकर जरूरतमंद बच्चों को आपस में बांटने में सहयोग करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि वे स्वयं सेवी संगठनों को स्कूल बांट दें ताकि वे वहां जाकर पुस्तकों के निःशुल्क वितरण में वे अपना योगदान दे सकें। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि इस बार पुस्तक मेला को अच्छी व्यवस्थाओं के साथ आकर्षक बनाया जायेगा। मेला को मेले के स्वरूप देने के लिये सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की जायेंगी। उन्होंने मेला को भव्य तथा मॉडल रूप में लाने के लिए समाज के सभी लोगों से बेहतर सहभागिता का आग्रह किया है।

### सेवा पृथकीकरण के प्रकरण निर्णय हेतु श्रम न्यायालय को सौंपे

**जबलपुर।** श्रम आयुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश इंदौर ने सेवा पृथकीकरण के दो प्रकरणों में औद्योगिक विवाद विद्यमान पाते हुए अधिनिर्णयार्थ श्रम न्यायालय जबलपुर को सौंपे हैं। इन प्रकरणों में सेवा नियुक्त श्रीमती सरिता कुशवाहा एवं सेवा नियोजक प्राचार्य शासकीय होम साईंस गर्ल्स कॉलेज जबलपुर तथा सेवा नियुक्त श्री शीतल प्रसाद चढ़ार एवं सेवा नियोजक एसडीओ लोक निर्माण विभाग (बी एंड आर) उप संभाग क्रमांक-तीन जबलपुर का प्रकरण शामिल है।

# नवनामांकित उन्नीस हजार अधिवक्ताओं को नही मिली सरकारी मदद

### बार काउंसिल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जताई चिंता

**जबलपुर।**

मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के चेयरमेन राधेलाल गुप्ता व वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी ने नवनामांकित करीब उन्नीस हजार अधिवक्ताओं को अब तक शासन की राशि न मिलने पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शीघ्र अतिशीघ्र नवनामांकित अधिवक्ता को मिलने वाली बारह हजार रुपये की राशि प्रदान किये जाने पर बल दिया है।



एसबीसी के वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी ने बताया कि परिषद में नवनामांकित अधिवक्तागणों को अधिवक्ता कल्याण योजना 2012 के अंतर्गत अखिल भारतीय बार परीक्षा (एआईबीई) उत्तीर्ण करने पर शासन की 12 हजार की राशि वकालत व्यवसाय प्रारंभ किये जाने हेतु प्रदाय की जाती है। लेकिन परिषद को एआईबीई के 14 वें एग्जाम तक का ही पैसा प्राप्त हुआ है। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद को 15, 16, 17 व 18 वें एआईबीई एग्जाम में उत्तीर्ण उर्तीण कुल 18988 अधिवक्तागणों की राशि प्राप्त नहीं हुई है। जो कि कुल देय राशि 22 करोड़ 78 लाख 56 हजार है। सैनी ने बताया कि विधि और विधायी कार्य विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल 22 फरवरी 2025 को अधिसूचना जारी की गई है। जिसमें कि पंद्रहवें एग्जाम में उत्तीर्ण 4595 अधिवक्ताओं में से 3700 अधिवक्ताओं हेतु राशि स्वीकृत की गई है, लेकिन उक्त राशि आज दिनांक तक परिषद को प्राप्त नहीं हुई। पत्र में कहा गया है कि नवनामांकित अधिवक्तागणों को शुरूआती दौर पर अत्यंत आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिस हेतु 18988 अधिवक्तागणों की राशि 12 हजार रूपये की राशि शीघ्र अतिशीघ्र प्रदाय की जाये।

## बका लेकर घूमने वाले को एक साल की सजा

**जबलपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने बका लेकर घूमने वाले आरोपी अभिषेक जयसवाल को एक साल की सजा व दो सौ रुपये का अर्थदंड लगाया है। अदालत को एडीपीओं विशाल सिंह ने बताया कि अधारताल पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर करौंदा वायपास के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास से आरोपी अभिषेक जयसवाल को बका लेकर घूमते हुए गिरफ्तार किया था। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई थी।

## पत्रकारवार्ता में कांग्रेस ने पेश किए दस्तावेज, पार्षदी शून्य घोषित करने की मांग

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र देकर बन गई पार्षद!

**हरिभूमि, जबलपुर।**

फर्जी दस्तावेज लगाकर जाती प्रमाण पत्र बनवाना अपराध है। फर्जी दस्तावेज लगाकर कर चुनाव अपराध है। झूठा शपथ देना की मैने सबकुछ सही जानकारी दी है, सबसे बड़ा अपराध है। एक साथ कई अपराध हनुमानताल वार्ड की पार्षद कविता रैकवार ने किया है। जिस पर काफी पहले ही जिला एवं पुलिस प्रशासन को एक्शन लेना चाहिए था लेकिन नहीं लिया गया। यह बात नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने शुक्रवार को पत्रकारवार्ता में कही। यहां पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने कहा कांग्रेस नेत्री एवं प्रत्याशी राखी रज्जू सराफ ने अकेले दो साल लड़ाई लड़ी। एसडीएम को कोर्ट से लेकर हाईकोर्ट तक संघर्ष किया। जिनकी मेहनत के नतीजे में पिछड़ा वर्ग उच्च स्तरीय छानबीन समिति ने जांच के बाद आरोप को सही पाया और जाती प्रमाण पत्र को शून्य किया। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्याक कल्याण विभाग की जांच और कार्यवाही के बाद भी जिला प्रशासन इस मामले में राजनीतिक दबाव में है। नियमानुसार कविता रैकवार को पार्षदी से हटाकर, उनकी जगह दूसरी नम्बर की विजयी प्रत्याशी को पार्षद घोषित किया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है जो कानून के साथ साथ सवंधानिक मूल्यों से भी खिलवाड़ है। पूर्व विधायक संजय यादव ने कहा यदि जिला प्रशासन अपनी जिम्मेदारी अदा नहीं करेगा, तो समूची कांग्रेस पार्टी कमिश्नर कार्यालय का घेराव करेगी। पत्रकारवार्ता के दौरान राखी रज्जू सराफ, रज्जू सराफ, अमरीष मिश्रा, दिनेश यादव, गुड्डी उस्मानी आदि उपस्थित रहे।



### महाराष्ट्रियन ब्राम्हण हैं कविता

नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने यहां कहा साल 2022 के चुनाव में हनुमानताल वार्ड पिछड़ा वर्ग महिला के लिये आरक्षित था। यहां से भाजपा उम्मीदवार कविता रैकवार और कांग्रेस से राखी सराफ उम्मीदवार थीं। जिसमें कविता रैकवार मामूली अंतर से चुनाव जीत गईं। चुनाव के बाद कांग्रेस को ज्ञात हुआ कि कविता रैकवार का वास्तविक नाम कविता गोंद्रे है जो महाराष्ट्रियन ब्राम्हण हैं। जिसके बाद एसडीएम कोर्ट में शिकायत दी गई जहां जांच में पाया गया कि कविता रैकवार ने फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार कर अपना जाति प्रमाण पत्र बनावाया। उनके स्कूल के दाखिल खारिज में साफ तौर पर उनकी जाती महराष्ट्रियन ब्राम्हण ही थी।

### समिति ने भी जांच में पाया सही

जांच में आरोप सही पाए जाने पर मामला पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्याक कल्याण विभाग की उच्च स्तरीय समिति को भेजा गया। जिसने जांच में आरोप सही पाया और कविता रैकवार का जाति प्रमाण निरस्त कर दिया। वहीं समिति ने जबलपुर कलेक्टर और एसपी को जांच से अवगत कराया।

### राखी सराफ को पार्षद घोषित किया जाए

रज्जू सराफ का कहना है कि अब नियमानुसार जबलपुर कमिश्नर को कविता रैकवार को पार्षद पद से हटाना है और दूसरे नम्बर पर आने वाली प्रत्याशी राखी सराफ को पार्षद घोषित करना है। लेकिन प्रशासन राजनीतिक दबाव में मामले को टाल रहा है। सराफ ने आरोप लगाया कि यही प्रतीत हो रहा है कि प्रशासन किसी तरह निगम कार्यकाल खत्म होने और भाजपा पार्षद को बचाने का प्रयास कर रहा है।

## महिला दिवस पर विशेष

# मावे ने महिलाओं को गृहस्थी से निकालकर व्यापार की दुनिया में दिलाई एक नई पहचान, यात्रा अब भी जारी है : अर्चना भटनागर

**हरिभूमि, जबलपुर।** महाकौशल से शुरू हुई एक नेक पहल ने महिलाओं को गृहस्थी से निकालकर व्यापार की दुनिया में एक नई पहचान दिलाई। मावे का नाम छोटा परंतु काम और उद्धेश्य बड़ा है, तभी जबलपुर से महाकौशल और फिर संपूर्ण मध्यप्रदेश के साथ ही आंध्रप्रदेश तक की महिलाओं को उद्योगपति बनाने में मददगार ओर मार्गदर्शक बन पड़ी। इस नेक पहल की शुरुआत संस्कारधानी की कुशल ग्रहणी डॉक्टर अर्चना भटनागर ने उस वक्त की जब महिला के लिए समाज में पहला पायदान वर्जित जैसा था। चौका चूल्हा और परिवार की चार दिवारी में महफूज रहकर खुद को खपाना, और लोगों की सोच की फिक्र कर खुद को भूलना महिला की परिभाषा थी। आर्मी ऑफिसर की बेटी ने साहस का जो पाठ पिता से सीखा उसे महिला उत्थान जैसे कठिन मार्ग का साथी बना लिया। घर में बच्चों की फरमाइश और लालन पालन के साथ खुद के अरमानों को पंख दिए। ऐसा कठिन मार्ग चुना जिस पर साथ कौन चलेगा निर्धारित नहीं था।

### महिला उद्यमियों की सारथी बनी मावे







### छोटे शहरों की महिलाओं को सपने देखने का गुर सिखाया

जिसके लिए मन ही मन गोल सेट किया वह आसानी से मेल मुलाकात के लिए भी उपलब्ध नहीं थीं। 25 वर्ष पूर्व की नारी ने खुद के उपभोग के लिए वस्तुओं का चयन भी पुरुषों को दे रखा था। फिर उन वस्तुओं के निर्माण ओर व्यापार की कल्पना भी कैसे करतीं। अर्चना ने छोटे शहरों की महिलाओं को सपने देखने का गुर सिखाया। सपनों को पंख दिए। पच्चीस वर्ष की यात्रा में एक नहीं सैकड़ों महिला उद्यमियों को सफलता दिलाने में साथ दिया। अपने देश भारत सहित चाइना, अमरीका ओर मलेशिया आदि देशों में भारतीय महिलाओं को सफल उद्योगपति की पहचान स्थापित करने में सहयोग किया। महिलाओं को घर की चहार दिवारी से निकालकर स्टार्टअप दिलाने वाला काम कई लोगों ने किया। परंतु स्टार्टअप के बाद उत्पादन, विक्रय ओर आर्थिक पहलू पर आने वाली समस्याओं का निदान मावे के माध्यम से असंख्य महिलाओं को मिला। देश के व्यापारिक क्षेत्र में सबल होने के बाद परदेस में डंका बजाने के लिए हवाई यात्रा से लेकर उत्पादक को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक ले जाने का काम मावे ने किया। शासकीय योजनाओं के फलीभूत होने में आने वाली अड़चनों को दूर कर महिला हितग्राहियों को लाभ दिलाने का मार्ग अर्चना की मावे ने बखूबी किया।

### मावे ने दी उद्योगपति बनाने की ललक

बिचौलियों के हाथों बड़ा मुनाफा गंवाने वाली महिला उद्यमियों को बाजार की प्रतिस्पर्धा, उत्पाद, वितरण, प्रदर्शन ओर विक्रय की नई तकनीकों से अवगत कराकर सफल उद्योगपति बनाने की ललक मावे ने दी। शादी के बाद महिलाओं के जीवन में कुछ करने को नहीं रह जाता जैसी सोच को पति दीपक भटनागर ने नई जिंदगी की शुरुआत बना दिया।

### पुस्तैनी संपत्ति को बंधक बनाना पड़ा-

20 वर्ष की उम्र में डॉक्टरी और मुंबई छूटी, शादी हुई, दिल्ली आई और कुछ करने की ठानी तो दिल्ली में पत्रकारिता छूटी, जबलपुर में अर्चना ने सास-ससुर की सेवा के साथ स्टार्टअप किया, महिला होने के कारण अर्चना को पंद्रह हजार के लोन को लेने के लिए पंद्रह लाख की पुस्तैनी संपत्ति को बंधक बनाना पड़ा। एक्सरे डेवलपर और फिक्सर के केमिकल बनाने का काम शुरू किया, इस क्षेत्र में कुछ सफलता मिली लेकिन पहले से बाजार में कब्जा किए ब्रांडों ने फ्री स्कीम चलाकर उन्हें फेल कर दिया, एक वर्ष के बेटे को लेकर बाजार में खूब काम किया तब अर्चना ने पाया कि स्टार्टअप आसान है। बाजार, पूंजी ओर प्रतिस्पर्धा मुख्य है। नए उद्यमी यहीं खो जाते हैं।

### 13 देशों की महिला उद्यमियों को लाकर रचा इतिहास

अर्चना ने उद्योग जैसे क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने का संकल्प कर जो सफर शुरू किया वो पच्चीस वर्ष पूर्ण कर चुका है। इस दौरान मध्यप्रदेश एसोसिएशन ऑफ विमेन इंटरप्रिनियोरशिप (मावे) की चेयरमैन डॉक्टर अर्चना भटनागर ने महिला साथियों को जोड़ा और उन्हें शिक्षा के साथ उड़ान भरने को प्रेरित किया। प्रियदर्शिनी सम्मान, शार्क देश अवार्ड, उद्यमिता अवॉर्ड से सम्मानित होने वाली अर्चना ने 13 देशों के सफल महिला उद्यमियों को संस्कारधानी लाकर नया इतिहास रचा। इन देशों से आए प्रतिनिधियों ने अपनी उद्योग यात्रा ओर उसके पड़ावों को बताया जिससे प्रेरित हो सैकड़ों महिलाओं ने उत्पादन सहित व्यापार में कदम रखा। अर्चना भटनागर जी की ये यात्रा अब भी जारी है।

मावे के 25 वर्ष पूर्ण होने पर होटल वेल्कम आईटीसी में शाम 6 बजे महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजित है। अतः शहर की सभी महिलायें आमंत्रित हैं वे अपना रजिस्ट्रेशन कराएं और कार्यक्रम में शामिल हों।


## सिविल लाईन पुराना आरटीओ के पास हुई वारदात

# छात्र पर फायरिंग, पैर में धंसी गोली

हरिभूमि, जबलपुर।

सिविल लाईन थानातंर्गत पुराना आरटीओं सिंघई पैलेस के पास बीती रात कार सवार बदमाशों ने एक युवक पर फायरिंग कर दी। जिससे गोली छात्र के पैर की जांघ में जा धंसी, जिसे उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

पुलिस ने बताया कि घमापुर चौक निवासी 26 वर्षीय अभिषेक श्रीवास्तव सेंट अलॉयसिस कालेज में बीए की पढ़ाई करता है। जो कि बीती रात अपने दोस्त पुराना आरटीओं के समीप रहने वाले अभिषेक पाल के घर गया था। जहां से वह रात्रि करीब बारह बजे अपनी एक्सिस से घर लौटने के लिये निकला और सिंघई पैलेस के पीछे वाले गेट के पास कुछ देर के लिये खड़ा हो गया, उसी समय एक ब्लैक कलर की कार आई, जिसके चालक ने अभिषेक के पास आकर कार रोक दी। कार के कांच खुले थे, जिसमें वेद रजक, बल्लू उर्फ कृष्णा रजक, मोनू व आशुतोष ने



गालीगलौज शुरु कर दी। अभिषेक ने विरोध किया तो वेद रजक ने उसकी हत्या करने की नियत से उस पर गोली दाग दी, जो कि उसके पैर की जांघ में जा लगी, इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

## गलगला चौक में चाकूबाजी, 2 युवक घायल

बेलबाग थाना क्षेत्र में गत रात व्यौहारबाग विशाल गेस्ट हाउस मोड़ पर रोड़ किनारे और गलगला चौक में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने दो युवकों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथीताल महावीर कालोनी गोरखपुर निवासी 23 वर्षीय मोमोस ठेला संचालक विष्णु साउद गत शाम लगभग 7.15 बजे प्रतिदिन की तरह व्यौहारबाग विशाल गेस्ट हाउस मोड़ पर रोड किनारे मोमोस का ठेला लगाया था, तभी रंजीत जाट अपने दो साथियों के साथ आया और उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो तीनों उसके साथ गाली गलोज करने लगे और रंजीत जाट ने चाकू से उस पर हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी देते हुए उसकी दुकान के सामने का कांच तोड़ दिया एवं मोमोस नीचे गिराकर उसका नुकसान कर दिए। इसी प्रकार बेलबाग में गत रात लगभग 8.15 बजे गलगला चौक से घर आ रहे गुरंदी बाजार बेलबाग निवासी 26 वर्षीय अतुल बेन को रास्ते मे मोहित जाट मिला और उससे शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग करने लगा, रुपए देने से मना करने पर मोहित जाट गालीगलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे उसके माथा, सीना, नाक के पास चोटे आ गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 115(2), 351(2), 324(4) 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# सनातन संस्कृति महाकुंभ है संपूर्ण विश्व का दर्शन शास्त्र

### संपूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा प्रति गुरुवार को होती है महाआरती

**जबलपुर।** प्रयागराज में जनता, प्रशासनिक अधिकारी, सुरक्षाकर्मी, सफाई कर्मी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को महाकुंभ की सफलता पर सनातन प्रेमियों की ओर से हृदय से हार्दिक बधाई, ग्वारीघाट तट पर भगवान परशुराम जी की आरती एवं गंगाजल वितरण के साथ संपूर्ण ब्राह्मण मंच एवं सर्व समाज द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को हार्दिक बधाई प्रदान की गई। हमारा देश धर्म संस्कृति राष्ट्र एक सूत्र में पिरोता है संपूर्ण विश्व में भारत के महाकुंभ पर अपनी आंखों से देखा है आज हम गर्व से सनातनी होने का संपूर्ण विश्व में अपना परचम लहरा रहे हैं यह हमारे लिए हमारी संस्कारधानी के लिए गौरव का विषय है, जो लोग कुंभ में जाने से वंचित रह गए थे उन्हें संपूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा यमुनोत्री, गंगोत्री गंगाजल, नर्मदा जल के साथ महाप्रसाद के रूप में लगातार लोगों को दिया गया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए सामाजिक बंधुओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मंच के प्रवक्ता धनंजय वाजपेई ने बताया हमारी संस्कृति अनादि काल से विश्व को वसुदेव कुटुंबकम, जियो और जीने दो, सभी जीव में ईश्वर का वास, सनातन धर्म विश्व का एकमात्र आजन्म धर्म है इसका उदय संपूर्ण विश्व को जीवन देता है सूर्य चंद्रमा पृथ्वी नवग्रह हमारे जीवन का प्रतीक है संस्कृति का मूल मार्ग सनातन से होकर जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित धनंजय बाजपेई, राजकुमार दुबे, निशांत शर्मा, रावेंद तिवारी, यदुवंश मिश्रा, डॉक्टर अरुण मिश्रा, आभा तिवारी, पुष्पा तिवारी, डॉ. स्वगतकिपति, सुधा मिश्रा, निर्मला मिश्रा, आरती शुक्ला, संध्या दुबे, मधुबाला दुबे, मीरा दुबे, सुधाकर मिश्रा, सीताराम कुराजानिया आदि उपस्थित थे।



### अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद चंदना संभाग

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष जागरूकता अभियान

**जबलपुर।** एडिशनल एसपी सोनाली दुबे के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हमारी शाखा द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु एक विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर, हम यातायात पुलिस थाना में एकत्र होकर तीन पत्ती चौराहे पर नागरिकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देना है। 08 मार्च को दोपहर 3:30 बजे यातायात पुलिस थाना एवं तीन पत्ती चौराहा पर कार्यक्रम होगा। ड्रेस कोड गुलाबी साड़ी और सफेद कैप होगा।

एडिशनल एसपी सोनाली दुबे के मार्गदर्शन में इस अभियान के माध्यम से हम समाज में जागरूकता, जिम्मेदारी और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह पहल यह भी दर्शाएगी कि महिलाएं सामाजिक सुधार और सुरक्षा अभियानों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। आइए, इस महिला दिवस को विशेष बनाएं और सुरक्षित यातायात एवं जागरूक समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

### महिला अब अबला नहीं सबला है

## महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है

**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च महिलाओं को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से संबल होने, समाज और देश को नई दिशा देने का विशेष दिन है। श्रीमती अंजू डोंगरे जो पेशे से एक नससिंग ऑफीसर के पद पर हैं और यह बड़े ही गौरव की बात है कि उन्होने महिलाओं के सशक्त बनाने में कड़ी मेहनत और लगन से कार्य और लोगों की सेवा की है। उन्होंने कहा कि यह दिवस एक समर्पण है उन महिलाओं के लिए जिन्होंने समाज को नई दिशा दी है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तीकरण की बात करें तो महिलाओं को अपने हक के लिए पहले खुद से लड़ना होगा, ताकि वह दुनिया से लड़ने में मजबूत हो सके। महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। जब हम बेटियों को आगे बढ़ने का मौका देंगे, जब हम महिलाओं को निर्णय लेने का हक देंगे, तभी असली समानता आएगी। तभी देश मजबूत होगा।



### आगा दरगाह में उर्स व अफ्तार-ए-आम आज

# रमजान के पहले जुमा पर अदा हुई नमाज़

**जबलपुर।** पाक माह रमजान मुबारक के पहले जुमा पर नगर एवं उपनगरीय क्षेत्रों की 100 से ज्यादा मस्जिदों व नमाजगाहों में हज़ारों की तादाद में मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने जुमे की नमाज अदा की। मस्जिदों में नमाजियों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थीं। काफी मस्जिदों में बाहर तक कतारें लगाई गई। नमाज के पूर्व इमाम साहब ने जुमा का खुत्बा पढ़ा। अल्लाह हू अकबर की गूंज के साथ हज़ारों सिर एक साथ सजदे में झुक गए, खुदा की बंदगी का ये नज़ारा काबिले दीद था। नमाज उपरांत देश व शहर की तरक्की, खुशहाली, अमन-शांति की खास दुआए मांगी गई। मुस्लिम बहुल क्षेत्र मंडी मदार टेकरी स्थित जामा मस्जिद ज़मीअतुल कुरेश, नूरानी मस्जिद ठक्कर ग्राम, मस्जिद हनफिया बहोराबाग, हमजा मस्जिद अजीजगंज, मदीना मस्जिद गोहलपुर, सुलेमानी मस्जिद चांदनी चौक, मस्जिद अलफबेग मंसूराबाद, मस्जिदें सालार गाजीनगर, गाजी मस्जिद नई बस्ती, ओलिया मस्जिद, यकीनिया जामा मस्जिद ढलगर मोहल्ला, जामा मस्जिद अंधेरदेव, जामा मस्जिद ओमती, जामा मस्जिद जहांगीराबाद सहित उपनगरीय क्षेत्र सदर की जामा मस्जिद, रामपुर, गोरखपुर, गढ़ा के अलावा मदन महल दरगाह स्थित मस्जिद गौसुलवरा, जिन्नाती मस्जिद में भी हज़ारों की तादाद में जुमे की नमाज अदा की गई। इस दौरान सुबह से मुस्लिम बस्तियों में चहल-पहल बनी रही।



आगा दरगाह- आगा चौक स्थित हजरत आगा मोहम्मद साहब की दरगाह में हजरत किब्ला शाह मिर्जा इख्तियार हुसैन कादरी चिश्ती निजामी रहमतुल्लाह अलेह के 13वें उर्स के मौके पर अपरान्ह बाद नमाज असर मजार शरीफ पर चादर पोशी की जाएगी। जिसके बाद विशाल अफ्तार-ए-आम का एहतेमाम किया गया है। मुतवल्ली सैय्यद लियाकत अली, सेक्रेट्री मोहम्मद रफीक खान, सैय्यद साबिर अली ने तमाम रोजेदारों से शिरकत की गुजारिश की है।

### हरदुआ कला में श्रीराम महायज्ञ

# भगवान राम ने संसार को मानवता, प्रेम, मर्यादा का संदेश दियाः सियावल्लभदास वेदांती





**सिहोरा।** भगवान श्रीराम ने अपने उत्कृष्ट आचरण से अखिल विश्व को मानवता,प्रेम तथा पारिवारिक एवं सामाजिक मर्यादा का संदेश दिया जो मानव को युग-युगांतर तक सही मार्ग दिखाता रहेगा उक्ताशय के विचार निकटवर्ती ग्राम हरदुआ कला में 10 फरवरी तक चल रहे श्रीराम महायज्ञ में चल रही राम कथा में माता जानकी एंव श्रीराम के विवाह प्रसंग पर व्यक्त किए। आगे कहा कि सीता स्वयंवर पर प्रत्यंचा चढ़ाना कोई सरल कार्य नहीं था राम ने जनकपुर के स्वयंवर में अपनी अदभुत वीरता दिखाई और जिस धनुष को राजा महाराजा हिला नही सकें उस धनुष को उठाकर रामजी ने सीता से विवाह किया। माता सीता ने रामजी के गले में वर माला डालकर उन्हे पति के रूप में स्वीकार किया वेदांती जी ने कहा कि तीन कल्प में तीन विष्णु का अवतार हुआ है और चौथे कल्प में साक्षात भगवान श्रीराम माता कौशल्या के गर्भ से अवतरित हुए है।

## बारात में शोर करने वाले बैंड एवं डीजे संचालक पर मामला दर्ज

**जबलपुर।** संजीवनी नगर पुलिस ने जबाली पैलेस बारात घर में विवाह समारोह के दौरान तेज आवाज में बजाए जा रहे डीजे पर कार्रवाई करते हुए डीजे और बैंड संचालक पर कोलाहल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात जबाली पैलेस में एक बारात लग रही थी जिसमें तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। कंट्रोल रुम से सूचना मिलने पर पुलिस मौक पर पहुंची, वहां डीजे संचालक नहीं मिला। जबाली पैलेस के गार्ड से पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि धनंवतरी नगर के लक्ष्मीबैंड के संचालक द्वारा डीजे और बैंड बजाए जा रहा था। पुलिस ने जिला दण्डाधिकारी जबलपुर के आदेश का उल्लंघन करते हुये बिना अनुमति एवं समय अवधि का पालन न करने पर लक्ष्मी बेंड एवं डीजे संचालक के विरूद्ध धारा 223 बीएनएस तथा 7/15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

# जिलाध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत




**सिहोरा।** भारतीय जनता पार्टी जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल के जिलाध्यक्ष बनने के बाद प्रथम गोसलपुर,मंझगवा, सिहोरा नगर मंडल आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य आत्मीय स्वागत किया। तीनों मंडलों में विधायक संतोष बरकडे, पूर्व विधायक नंदनी मरावी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष रानू तिवारी सहित सभी मंडलो के मंडल अध्यक्ष भी साथ में थे।

भव्य स्वागत के बाद जिलाध्यक्ष श्री पटेल ने स्थानीय विश्राम ग्रह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ पर काम करना संगठन की मजबूत कड़ी है और यह कार्य रचनात्मक ढंग से कार्य किया जाये तो बूथ आसानी से जीता जा सकता है। हर बोटर की जानकारी होना चाहिए एक पन्ने में साठ मतदाता होते हैं जिन तक हमें पहुंचना चाहिए। संगठन को मजबूत करने में मंडल की टीम की प्रमुख भूमिका होती है। भाजपा के सभी कार्यक्रमों को जमीन पर उतारने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बूथ अध्यक्ष की ही होती है। केन्द्र और प्रदेश सरकार की अनेक योजनाएं चल रही हैं जिनका लाभ पंक्ति में अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है। पिछले बार मन की बात सुनने पर मध्यप्रदेश में सिहोरा का छठवां स्थान लगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच को हमें जन जन तक पहुंचाना है। उन्होंने केंद्र की अनेक योजनाओं भी गिनाई। स्वागत समारोह का संचालक अनुपम सराफ ने किया। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पिकअप वाहन की टक्कर से युवक घायल



**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत मढ़ई सरस्वती स्कूल के पास इंडियन गैस वितरण करने वाली एक पिकअप वाहन का धक्का लगने पर एक युवक नीचे गिर गया, जिससे उसके पैर में चोटे आ गई। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुम्हार मोहल्ला रिछाई निवासी 53 वर्षीय सुमेर चंद्र चक्रवर्ती गत शाम लगभग 5.30 बजे किराना दुकान से पैदल अपने घर जाते समय मढ़ई सरस्वती स्कूल के पास पहुंचा, तभी इंडियन गैस वितरण करने वाली पिकअप क्रमांक एमपी 20 एल बी 0460 का चालक शंकर कुशवाहा ने पिकअप को तेज गति से चलाते हुये रिवर्स किया जिससे सुमेर चंद्र को पिकअप का धक्का लग गया और वह नीचे गिर गया जिससे उसको दाहिने पैर में चोट आ गयी। पुलिस ने पिकअप वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# मैट्रो बस स्टॉप से ई-रिक्शा चोरी

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अतंर्गत गत देर रात रेलवे स्टेशन मेट्रो बस स्टाप पर खड़ा एक ई रिक्शा अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दादा जमुनिया बरेला निवासी 54 वर्षीय ई रिक्शा चालक कुंवर सिंह मरावी, मुन्ना शिल्पी का ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड ई 3820 को किराए से चलाता है। गत देर रात लगभग 12.10 बजे से 12.30 बजे के बीच वह रेलवे स्टेशन मेट्रो बस स्टाप पर सवारी लेने के लिये ई रिक्शा खड़ा किया और फिर सवारी को आवाज देने के लिये ई रिक्शा से उतरकर कुछ दूर गया, कुछ समय बाद वापस आया तो देखा कि उसका ई रिक्शा अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# 2 सटोरिये सट्टा लिखते पकड़े गए

**जबलपुर।** रांझी, कुण्डम पुलिस और क्राई ब्रांच की टीम ने अपने अपने क्षेत्र में सट्टा पट्टी लिख रहे दो सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा पट्टी और नगद 21 हजार 90 रुपए जब्त किए है। रांझी थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि घमापुर छुई मोहल्ला निवासी 26 वर्षीय शुभम मराठा गत रात गोकलपुर सामुदायिक भवन के सामने पान के टपरे के पीछे सट्टा पट्टी लिख रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी शुभम मराठा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 नग सट्टा पट्टी, एक पेन, एक केलकुलेटर, एक ओप्पो कम्पनी का मोबाइल तथा नगदी 16 हजार 30 रूपये जब्त किए है।

इसी प्रकार कुण्डम थाना प्रभारी अनूप नामदेव ने बताया कि गत शाम मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं कुण्डम पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम खंदिया में इमलई रोड पर सट्टा पट्टी लिख रहे वृद्ध ग्राम खंदिया निवासी 68 वर्षीय गरीबा चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सट्टा पट्टी, पेन एवं नगदी 5 हजार 60 रूपये जब्त किए है। सट्टा लिखने के संबंध में पूछताछ करने पर रांझी जबलपुर निवासी सचिन शर्मा के कहने पर सट्टा लिखना बताया जिसके एवज में सचिन शर्मा मजदूरी के रूप में 200 रूपये प्रतिदिन मिलने की बात बताई। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट तथा 49 भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है। आरोपी सचिन शर्मा फरार है।




**श्री जगदीश प्रसाद पटेल-** टेलीग्राफ गेट नं. 4 साईं मंदिर के पास निवासी श्री बलराम एवं प्रदीप पटेल के भ्राता तथा यशवंत पटेल के पिता श्री जगदीश प्रसाद पटेल (66) का निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज सुबह 9.30 बजे गौरीघाट मुक्तिधाम की ओर प्रस्थान करेगी।



**श्री दलजीत सिंह बग्गा-** यश रेसीडेंसी शारदा चौक मदनमहल रोड निवासी श्री दलजीत सिंह बग्गा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री संतोष कुमार सराफ-** यादव कॉलोनी दयानगर निवासी श्री संतोष कुमार सराफ (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद बनाफर-** कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री जगदीश बनाफर के पुत्र श्री विनोद बनाफर (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अजय श्रीवास-** पोलीपाथर निवासी श्री अजय श्रीवास (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गोमती-** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री मोहन लाल की धर्मपत्नी श्रीमती गोमती (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दुलीचंद विनोदिया-** बस्ती नं. 2 अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री दुलीचंद विनोदिया (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**पवन कोरी-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री सुरेंद्र कोरी के पुत्र पवन कोरी (14) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पार्वती बाई नामदेव-** पानदरीबा खोवा मंडी के पास निवासी श्री तुलसीराम नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई नामदेव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निशा सोनी-** कांचघर दुर्गा मंदिर के पीछे निवासी श्री विजय शंकर सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती निशा सोनी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लीलावती आचार्य-** नेहरू नगर पुल नं. 2 के पास कैंट निवासी श्री मंजूनाथ आचार्य की धर्मपत्नी श्रीमती लीलावती आचार्य (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शशांक पासी-** गोरखपुर अनगढ़ महावीर मंदिर के पास निवासी श्री कल्लू पासी के पुत्र श्री शशांक पासी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विष्णु प्रसाद कनौजिया-** साउथ सिविल लाइन स्थित साईं मंदिर के निकट निवासी श्री विष्णु प्रसाद कनौजिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बाबू लाल साहू-** चांदमारी लालमाटी निवासी श्री बाबू लाल साहू (97) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गुलाब रानी अहिरवार-** तिलहरी फेस 1 निवासी श्री प्रेम लाल अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती गुलाब रानी अहिरवार (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गनेश प्रसाद बेन-** गोपाल होटल सिद्धबाबा रोड निवासी श्री गनेश प्रसाद बेन (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**वैभव कोरी-** बाबा टोला जानकीदास मंदिर के पास निवासी श्री महेंद्र कोरी के पुत्र वैभव कोरी (14) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप

### आइनॉक्स विंड को तमिलनाडु में आपूर्ति का ऑर्डर मिला



**नई दिल्ली।** आईनॉक्स विंड लि. (आईडब्ल्यूएल) को एक वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी से तमिलनाडु में 51 पवनचक्कियों की आपूर्ति का नया ऑर्डर मिला है। आईनॉक्स विंड ने शुक्रवार को बयान में कहा कि प्रत्येक टर्बाइन की क्षमता तीन मेगावाट होगी, जिससे ऑर्डर की कुल क्षमता 153 मेगावाट हो जाएगी।

### रुपया 20 पैसे की तेजी के साथ 86.92 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 20 पैसे उछलकर 86.92 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर सूचकांक के अपने पांच महीने के निचले स्तर पर आने तथा मांग में नरमी के अनुमानके कारण कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट की वजह से रुपये में तेजी देखने को मिली।

### जनवरी-फरवरी में चीन के निर्यात, आयात में कमी



**हांगकांग।** चीन के निर्यात में जनवरी और फरवरी में सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो अनुमान से कम है। आयात-निर्यात के मोर्चे पर साल की धीमी शुरुआत हुई। निर्यात में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी। 2025 के पहले दो महीनों में चीन का कुल व्यापार अधिशेष बढ़कर 170.52 अरब डॉलर हो गया।

### मलेशिया के एमपीओसी व ओटीएआई के बीच करार



**नई दिल्ली।** मलेशियाई पाम तेल परिषद (एमपीओसी) और ऑयल टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ओटीएआई) ने भारतीय बाजार में मलेशियाई पामतेल के पोषण और स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सतत रूप से व्यापार को बढ़ावा देना है।

### स्विगी की खाद्य वितरण सेवा अब 100 स्टेशन तक

**नई दिल्ली।** खानपान की वस्तुओं के ऑनलाइन ऑर्डर की सुविधा देने वाला मंच स्विगी ने शुक्रवार को कहा कि उसने आईआरसीटीसी (भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम) के साथ साझेदारी में अपनी खाद्य वितरण सेवा का विस्तार भारत के 20 राज्यों के 100 रेलवे स्टेशन तक कर दिया है। रेलवे स्टेशनों तक भी अपना विस्तार करना जारी रखेगी।

### मुखर्जी एनएमडीसी के सीएमडी नियुक्त



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी ने अमिताव मुखर्जी को अपना नया चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की। मुखर्जी अबतक कंपनी के सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। अमिताव मुखर्जी को कंपनी के बोर्ड में सीएमडी के रूप में नियुक्त किया गया है। वह पदभार ग्रहण करने की तिथि यानी छह मार्च, 2025 से लेकर अपनी सेवानिवृत्ति की तिथि यानी 29 फरवरी, 2028 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, पद पर बने रहेंगे।

# सेबी बोर्ड सदस्यों के हितों के टकराव के बारे में बताएगा : चेयरमैन पांडेय

एजेंसी ⏭ मुंबई

पूंजी बाजार नियामक सेबी के नए चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को एक ऐसी व्यवस्था लेकर आने का वादा किया जिसमें सेबी बोर्ड के सदस्यों के लिए हितों के टकराव के बारे में जनता को बताना जरूरी होगा।

- पारदर्शिता बनाए रखने ऐसा करना जरूरी है

सेबी के चेयरमैन का एक मार्च को पदभार संभालने वाले पांडेय ने अपने पहले सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि पारदर्शिता के दृष्टिकोण से ऐसा करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदमों से सेबी को समूचे परिवेश का भरोसा हासिल करने में मदद मिलेगी। पांडेय 'ग्लोबल वेल्थ समिट-2025' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**पदभार संभालने के बाद ग्लोबल वेल्थ सम्मिट में बोले**

### एफआईआई की निकासी पर चिंता जताई

पांडेय ने कहा, "मुझे लगता है कि भरोसा और पारदर्शिता का मसला सेबी तक भी जाता है। हमें न केवल सभी हितधारकों का भरोसा अपने ऊपर बनाना है, बल्कि उस भरोसे को बनाए भी रखना है विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारतीय बाजार से बढ़ती निकासी को लेकर चिंता के बीच सेबी प्रमुख ने कहा कि नियामक उनके परिचालन को नियंत्रित करने वाले नियमों को और अधिक तर्कसंगत बना रहा है।



### बोर्ड के हितों के टकराव पारदर्शी होना चाहिए

इस आरोप पर बाजार नियामक ने कहा था कि बुच ने 'प्रासंगिक खुलासे' किए थे और जरूरत पड़ने पर उन्होंने खुद को इससे अलग भी कर लिया था। पांडेय ने कहा, "मुझे लगता है कि हमें विभिन्न उपायों पर अधिक पारदर्शी होने की जरूरत है। मसलन, बोर्ड के हितों के टकराव आदि पर पारदर्शी होना होगा। उन्होंने कहा, "हम अपनी खुद की योजना के साथ आगे आएंगे ताकि अधिक पारदर्शिता के साथ हितों के टकराव आदि को जनता के सामने उजागर किया जा सके।"

### हिंडनबर्ग व बुच के बीच बना था टकराव

पिछले साल अमेरिका की शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने सेबी की पिछली मुखिया माधबी पुरी बुच के खिलाफ संभावित हितों के टकराव के संबंध में कई आरोप लगाए थे। हिंडनबर्ग रिसर्च का एक आरोप अदाणी समूह से जुड़े विदेशी कोष में बुच के निजी निवेश से जुड़ा हुआ था।

### विदेशी पूंजी को आकर्षित करने सजग

चेयरमैन ने कहा, "हम विदेशी पूंजी को आकर्षित करने के लिए अनुकूल माहौल बनाने की जरूरत को लेकर सजग हैं। हम विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों और वैकल्पिक निवेश कोष उद्योग प्रतिभागियों के साथ मिलकर उनकी कठिनाइयों का समाधान करने और संचालन को आसान बनाने के लिए विनियमों को और अधिक तर्कसंगत बनाने में खुश होंगे।"

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने फैसले को पलटने से किया इनकार

# सुप्रीम कोर्ट का धारावी पुनर्विकास प्रोजेक्ट पर रोक से इनकार, अदाणी का टेंडर रद्द करने की थी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) के लिए चल रहे निर्माण कार्य को रोकने की मांग को अस्वीकार कर दिया है। साथ ही, बॉम्बे हाईकोर्ट के अदाणी ग्रुप के पक्ष में दिए गए फैसले को पलटने से भी इनकार कर दिया। यह मामला तब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा जब दुबई स्थित सेक्लिंक टेक्नोलॉजीज कॉर्प ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा अदाणी ग्रुप को यह परियोजना सौंपे जाने के फैसले को चुनौती दी।

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार और अदाणी ग्रुप को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी। महाराष्ट्र सरकार ने 2019 में धारावी के पुनर्विकास के लिए टेंडर जारी किया था। इस प्रक्रिया में सेक्लिंक टेक्नोलॉजीज ने 7,200 करोड़ रुपए की बोली लगाकर इसे अपने पक्ष में कर लिया था। लेकिन 2019 और 2022 के बीच आर्थिक परिस्थितियों में बदलाव का हवाला देते हुए सरकार ने इस टेंडर को रद्द कर दिया।



### अदाणी ग्रुप ने 5069 करोड़ की बोली लगाई थी

2022 में एक नई निविदा जारी की गई, जिसमें अदाणी ग्रुप ने 5,069 करोड़ रुपए की बोली के साथ यह प्रोजेक्ट हासिल कर लिया। इसके खिलाफ सेक्लिंक ने बॉम्बे हाईकोर्ट में अपील की, लेकिन दिसंबर 2024 में हाईकोर्ट ने सरकार के फैसले को सही ठहराया।

- सेक्लिंक टेक्नोलॉजीज कॉर्प ने दायर किया था मामला
- सुप्रीम कोट ने अदाणी ग्रुप व सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा
- मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी

*सुप्रीम कोर्ट का रुख : सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्रोजेक्ट से जुड़े सभी मौजूदा नियमों और शर्तों का पालन किया जाना आवश्यक है। न्यायालय ने यह भी कहा कि सेक्लिंक की 8,640 करोड़ रुपए की संशोधित बोली अदाणी की 5,069 करोड़ रुपए की बोली से अधिक है। कोर्ट ने सेक्लिंक को निर्देश दिया कि वह अपनी संशोधित बोली के विवरण के साथ एक हलफनामा प्रस्तुत करे। साथ ही, अदाणी ग्रुप को परियोजना से जुड़े सभी वित्तीय लेन-देन के लिए एक अलग बैंक खाता रखने का निर्देश दिया गया है।*

### आवास सुविधा

1 जनवरी 2000 से पहले बसे लोगों को मुफ्त आवास मिलेगा। 2000 से 2011 के बीच आए लोगों को रियायती दर पर मकान उपलब्ध कराया जाएगा। पात्र निवासियों को धारावी में ही घर दिया जाएगा, जबकि अपात्र निवासियों को अन्य स्थानों पर बसाया जाएगा।

### सरकार की पहल और भूमि अधिग्रहण

महाराष्ट्र सरकार ने केंद्र सरकार से मुंबई की साल्ट पैन भूमि को परियोजना के लिए देने का अनुरोध किया है।यह भूमि 283.4 एकड़ में फैली है और केंद्र सरकार इसका स्वामी है। राज्य सरकार इसे 99 वर्षों की लीज पर लेना चाहती है और इसके लिए केंद्र को बाजार दर के अनुसार भुगतान करने का प्रस्ताव दिया गया है।

### धारावी पुनर्विकासः प्रमुख पहलू

धारावी में फ्लैट्स, स्कूल, सामुदायिक हॉल, पार्क, अस्पताल और बच्चों के लिए डे-केयर सेंटर बनाए जाएंगे। व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। पुनर्विकास से पहले धारावी के निवासियों को अस्थायी रूप से दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाएगा।

# भारत में इस साल औसत वेतन वृद्धि 8.8% रहने की उम्मीद

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय कंपनियां वैश्विक और स्थानीय चुनौतियों से निपटते हुए अपने कर्मचारियों की पारिश्रमिक लागत से जुड़े बजट को अनुकूलतम बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं जिससे इस साल औसत वेतन वृद्धि 8.8 प्रतिशत रह सकती है।

वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2025 के लिए वेतन वृद्धि 8.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो वर्ष 2024 में नौ प्रतिशत रही थी। इसके साथ ही रिपोर्ट कहती है कि 75 प्रतिशत कंपनियां या तो वेतन वृद्धि कम कर देंगी या पिछले वर्ष के समान ही रखेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, जहां अधिकांश क्षेत्र वेतन वृद्धि को पिछले वर्ष की तुलना में स्थिर या मामूली रूप से कम रखेंगे, वहीं उपभोक्ता उत्पाद क्षेत्र में वेतन वृद्धि बजट में उल्लेखनीय कमी की उम्मीद है। डेलॉयट इंडिया में साझेदार प्रखर त्रिपाठी ने कहा, "कंपनियों की आय वृद्धि सुस्त पड़ने से उनका वेतन बजट स्वाभाविक रूप से दबाव में आ रहा है। नियंत्रित छंटनी और मध्यम मुद्रास्फीति कंपनियों को प्रतिभा परिणामों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किए बिना वेतन वृद्धि को अनुकूलित करने में मदद कर रही है।"



- डेलॉयट इंडिया ने अपने रिपोर्ट में अनुमान जताया
- वेतन वृद्धि वर्ष 2024 में नौ प्रतिशत रही थी

### कंपनियां प्रतिभाएं बनाए रखने पर दे रही ध्यान

डेलॉयट इंडिया टैलेंट आउटलुक-2025 रिपोर्ट सात क्षेत्रों की 500 से अधिक कंपनियों के निर्णयकर्ताओं के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनियों के प्रमुख प्रतिभाओं को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### शीर्ष प्रदर्शन वाले कर्मियों को मिलेगा अधिक वेतन

शीर्ष प्रदर्शन करने वाले कर्मचारी औसत प्रदर्शन करने वालों की तुलना में 1.7 गुना वेतन वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में कुछ कम है। इसमें कहा गया है कि व्यक्तिगत योगदानकर्ता और कनिष्ठ प्रबंधन स्तर के कर्मचारी शीर्ष प्रबंधन स्तर की तुलना में 1.3 गुना वेतन वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं।

# व्यापार युद्ध की चिंताओं से शेयर बाजार की तेजी थमी

एजेंसी ⏭ मुंबई

वैश्विक व्यापार युद्ध को लेकर बनी अनिश्चितताओं से निवेशकों ने शुक्रवार को घरेलू बाजार में जोखिम लेने से परहेज किया। इससे बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में प्रमुख सूचकांक लगभग स्थिर स्तर पर बंद हुए।

विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में बिकवाली के रुख और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी का सिलसिला जारी रहने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स दो दिनों की बढ़त के बाद 7.51 अंक फिसलकर 74,332.58 पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 246.34 अंक चढ़कर 74,586.43 पर पहुंच गया था। हालांकि, निफ्टी 7.80 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 22,552.50 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 89 अंक बढ़कर 22,633.80 के स्तर पर पहुंच गया था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "वैश्विक बाजार में अमेरिका के शुल्क लगाने और दूसरे देशों की जवाबी चेतावनियों के कारण अनिश्चितता बढ़ गई है। इस अस्पष्टता के कारण जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ी है और इक्विटी को लेकर आकर्षण घटा है।



### इन शेयरों में रही तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाइटन, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टेक महिंद्रा और आईटीसी के शेयर चढ़कर बंद हुए।

### ये शेयर रहे नुकसान में

दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, नेस्ले इंडिया, टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक में नुकसान देखने को मिला।

# बीओबी ने महिलाओं के लिए विशेष बचत खाता किया शुरू

- बैंक ने बॉब ग्लोबल वूमेन एनआई व एनआरओ बचत खाता शुरू किया
- उच्च ब्याज प्राप्त करने के साथ आवास व वाहन ऋण मिलेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने शुक्रवार को 'ऑटो स्वीप' सुविधा से लैस 'बॉब ग्लोबल वूमेन एनआरई और एनआरओ बचत खाता' शुरू करने की घोषणा की। इससे ग्राहकों को उच्च ब्याज प्राप्त करने के साथ सस्ती दर पर आवास ऋण और वाहन ऋण प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी।

बीओबी महिला खाताधारकों के लिए ऐसा खाता लेकर आने वाला सार्वजनिक क्षेत्र का पहला बैंक है। इस खाते में कर्ज पर प्रसंस्करण शुल्क भी कम लगेगा। बैंक ने अपने प्रमुख एनआरआई पेशकशों में से एक बॉब प्रीमियम एनआरई (प्रवासी बाह्य खाता) और एनआरओ (प्रवासी साधारण खाता) बचत खाते में सुधार किया है जिससे ग्राहकों को अधिक फायदेमंद बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए इसकी सुविधाओं और लाभों को बढ़ाया गया है।

बैंक ऑफ बड़ौदा की कार्यकारी निदेशक बीना वहीद ने कहा, /"बॉब ग्लोबल वूमेन एनआरई और एनआरओ बचत खाता आज की वैश्विक भारतीय महिलाओं की बदलती गतिशीलता को पहचानता है। इसे महिलाओं को प्रीमियम बैंकिंग विशेषाधिकार और सोच-समझकर तैयार की गई सुविधाएं प्रदान करके सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

### थिंग गैस का मीटर आपूर्ति के लिए पोलारिस से करार



**मुंबई।** शहरी गैस वितरण कंपनी थिंक गैस ने स्मार्ट गैस मीटर की आपूर्ति के लिए पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग के साथ 500 करोड़ रुपये का समझौता किया है। थिंक गैस ने शुक्रवार को बयान में कहा कि समझौते के तहत, पोलारिस 10 लाख अत्याधुनिक स्मार्ट गैस मीटर की आपूर्ति के साथ व्यापक 'हेड-एंड सिस्टम' और 'मीटर डेटा प्रबंधन प्रणाली समर्थन' प्रदान करेगी। अनुबंध '500 करोड़ रुपये से अधिक' का है। थिंक गैस के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिलेश गुप्ता ने कहा, "भारत जैसे-जैसे अधिक ऊर्जा दक्षता की ओर बढ़ रहा है।

## फरवरी में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 19 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** फरवरी में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 8,968 इकाई हो गई जिसमें टाटा मोटर्स सबसे आगे रही। वाहन वितरकों के निकाय फाडा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले साल इसी महीने में कुल यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खुदरा बिक्री 7,539 इकाई रही थी।

फेडरेशन ऑफ ऑटो डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने फरवरी, 2025 के ईवी बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा कि टाटा मोटर्स ने पिछले महीने 3,825 इकाइयां बेचीं, जबकि एमजी मोटर इंडिया ने 3,270 इकाइयां बेचीं। फाडा के अध्यक्ष सी एस विग्नेश्वर ने एक बयान में कहा,"इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों ने सालाना आधार पर 18.95 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो बढ़ती उपभोक्ता जागरूकता और व्यक्तिगत वाहन क्षेत्र में ईवी को अपनाने की प्रवृत्ति दर्शाती है। अब ईवी की बाजार हिस्सेदारी तीन प्रतिशत हो गई है।

पिछले महीने दोपहिया ईवी खंड में 76,086 इकाइयों की बिक्री हुई, जो फरवरी, 2024 में 82,745 इकाइयों की तुलना में आठ प्रतिशत कम है। बजाज ऑटो ने पिछले महीने 21,389 इकाइयों की खुदरा बिक्री के साथ इस खंड का नेतृत्व किया।

**दोपहिया वाहन खंड में गिरावट रही**

विग्नेश्वर ने कहा,"इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खंड में 8.05 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, लेकिन इसकी कुल दोपहिया वाहन खंड में 5.6 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।"

## सोना 89,000 के स्तर से नीचे फिसला, चांदी में तेजी



**नई दिल्ली।** कमजोर घरेलू मांग के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे फिसल गयी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। यह सोने में गिरावट का दूसरा दिन था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं के साथ-साथ खुदरा लिवालों की ओर से मांग में कमी के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

इसके साथ इसमें लगातार चौथे दिन तेजी जारी रही। पिछले चार सत्रों में चांदी में 3,100 रुपये की तेजी आई है।

## इस सेगमेंट में मारुति की ब्रेजा से लेकर किआ की सोनेट तक है पापुलर

# भारतीय बाजार में कॉम्पैक्ट एसयूवी सेंगमेंट की बढ़ी मांग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय ग्राहकों के बीच कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट की डिमांड में जबरदस्त तेजी देखी जा रही है। इस सेगमेंट में मारुति सुजुकी ब्रेजा, फ्रोंक्स, टाटा नेक्सन, हुंडई वेन्यू, महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्स0 और किआ सोनेट जैसी एसयूवी जबरदस्त पॉपुलर है।

- फरवरी 2025 में मारुति की फ्रोंक्स इसमें टॉप पोजीशन हासिल की

अगर बीते महीने यानी फरवरी, 2025 में हुई इस सेगमेंट के बिक्री की बात करें तो मारुति सुजुकी फ्रोंक्स ने इसमें टॉप पोजीशन हासिल किया। इसके अलावा, मारुति फ्रोंक्स लांच होने के बाद पहली बार देश की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार भी बन गई।

### कुछ ऐसा है एसयूवी का पावरट्रेन

अगर पावरट्रेन की बात करें तो मारुति सुजुकी फ्रोंक्स में ग्राहकों को 2 इंजन का ऑप्शन मिलता है। पहला 1.0-लीटर टर्बो पैट्रोल इंजन से लैस है जो 100बीएचपी की अधिकतम पावर और 148एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करने में सक्षम है। जबकि दूसरा 1.2-लीटर पेट्रोल इंजन से लैस है जो 90बीएचपी की अधिकतम पावर और 113एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करने में सक्षम है। ग्राहकों को कार में ऑटोमेटिक और मैनुअल, दोनों ट्रांसमिशन का ऑप्शन मिलता है। इसके अलावा, कार में सीएनजी का भी ऑप्शन मिलता है जो 77.5बीएचपी की अधिकतम पावर और 98एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करने में सक्षम है।






### फ्रोंक्स 2023 में हुई लांच

कंपनी ने मारुति फ्रोंक्स को अप्रैल, 2023 में भारतीय मार्केट में लांच किया था। मारुति फ्रोंक्स ने साल 2023 में कुल 94,393 और 2024 में 1,56,236 यूनिट कार की बिक्री की थी। इसके अलावा, लांच के 10 महीनों में 1,00,000 यूनिट बिक्री करके मारुति फ्रोंक्स देश की सबसे तेजी से बिकने वाली कार बन गई थी। जबकि अगले 7 महीनों में मारुति फ्रोंक्स ने 2,00,000 यूनिट बिक्री का आंकड़ा भी पार कर लिया। बीते महीने यानी फरवरी, 2025 में मारुति फ्रोंक्स को कुल 21,461 नए ग्राहक मिले।

### एसयूवी की कीमत

दूसरी ओर कार के केबिन में ग्राहकों को 9-इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, क्रूज कंट्रोल और वायरलेस फोन चार्जिंग जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसके अलावा, सेफ्टी के लिए एसयूवी में 6-एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम और 360-डिग्री कैमरा जैसे फीचर्स दिए गए हैं। भारतीय मार्केट में मारुति सुजुकी फ्रोंक्स की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 7.52 लाख रुपए से लेकर टॉप मॉडल में 13.04 लाख रुपए तक जाती है।

### कौशल एचपीसीएल के चेयरमैन नियुक्त



**नई दिल्ली।** सरकार ने निजी क्षेत्र के सलाहकार विकास कौशल को पांच साल के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) का चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई।

कौशल (53) ने इससे पहले प्रबंधन परामर्शदाता केर्नी में ऊर्जा और प्रक्रिया उद्योगों के लिए वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में काम किया है। उन्होंने केर्नी इंडिया के प्रबंध निदेशक और क्षेत्रीय प्रमुख के रूप में भी काम किया है।

## चिंतन

# महज एक परंपरा नहीं है अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

पूरी दुनिया में 8 मार्च को महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह महज एक परंपरा या औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की उन्नति और विकास की सबसे अहम बुनियाद है। यह सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि नारी शक्ति के संघर्ष, संकल्प और सफलता का उत्सव है, लेकिन हम इस उत्सव को किस रूप में लेते हैं, ये हमारी मानसिकता पर निर्भर करता है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं, लेकिन यह सफर इतना आसान नहीं था। एक समय था जब महिलाओं को न तो शिक्षा का अधिकार था, न ही वोट देने का और न ही उन्हें पुरुषों से बराबरी करने का। इस असमानता के खिलाफ महिलाओं ने आवाज उठाई और 1908 में न्यूयॉर्क शहर में करीब 15,000 महिलाओं ने एक विशाल प्रदर्शन किया। वे कम वेतन, बेहतर काम करने की परिस्थितियां और वोटिंग के अधिकार की मांग कर रही थीं। इस आंदोलन ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा और 1910 में डेनमार्क के कोपेनहेगन शहर में पहला अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन में जर्मनी की समाजवादी नेता क्लारा जेटकिन ने यह प्रस्ताव रखा कि हर साल एक दिन महिलाओं के अधिकारों और समानता के लिए समर्पित किया जाना चाहिए। इस विचार को कई देशों ने अपनाया और 1911 में पहली बार ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। अब हालात वैसे नहीं हैं। महिलाएं बराबरी पर खड़ी हैं। पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दुनिया को नई रफ्तार दे रही हैं, लेकिन फिर भी लगातार ऐसी खबरें सामने आती रहती हैं जो सोचने पर मजबूर करती हैं कि शायद आज भी हमारे ही बीच ऐसे लोगों को कमी नहीं है जो महिला अधिकारों की बात तो करते हैं, लेकिन उनकी मानसिकता में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। बीते दिनों ही महाराष्ट्र के जलगांव से आई भाजपा नेत्री की नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की खबर न केवल हैरान करती है बल्कि महिलाओं की स्थिति पर सवाल भी खड़े करती है।देश के अन्य हिस्सों से भी ऐसी घटनाओं की खबरें आती रहती हैं। ध्यान देने की बात है कि बेटी के साथ कथित छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराने केंद्रीय मंत्री खुद थाने पहुंचीं। हालांकि उन्होंने कहा कि वह थाने में मंत्री या सांसद की हैसियत से नहीं बल्कि एक मां के रूप में आई हैं। लेकिन उन्होंने यह सवाल भी किया कि जब एक केंद्रीय मंत्री और सांसद की बेटी के साथ ऐसा हो सकता है तो आम घरों की लड़कियों की क्या दशा होगी। ध्यान रहे यह इकलौती घटना नहीं है। हर दिनों समाचार पत्रों में ऐसी खबरों की भरमार रहती है। अनिवार्य है कि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन मामला सिर्फ कानून व्यवस्था का नहीं है, समाज की संवेदनशीलता का भी है। परिवार में लड़कों के पालन-पोषण के तौर-तरीकों का भी है। देश के कोने-कोने से ऐसी छेड़छाड़ की खबरें आती रहती हैं और उससे कहीं ज्यादा के बारे में तो पता भी नहीं चलता। ऐसे मामलों को रोकने के लिए कानूनी सख्ती के साथ घर के अंदर भी पहल करनी होगी। लड़कों को कम उम्र से ही बताना होगा कि लड़कियों-स्त्रियों के साथ किस तरह से पेश आना चाहिए। उन्हें अपनी संस्कृति संस्कारों से जोड़ना होगा। हम उस देश के वासी हैं जहां महिला शक्ति को माता का दर्जा प्राप्त है। साल में दो बार नवरात्रें मनाकर महिला शक्ति को पूजते हैं। इसके बावजूद अगर ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं तो हमें तुरंत सजग होना होगा। युवा पीढ़ी को भी सुसंस्कारी बनाना होगा, तभी महिलाओं को सही सम्मान मिल सकेगा।

## लैंगिक समानता

अर्चना कुमारी



# 'आधी आबादी' को पूरा हक मिलना चाहिए

भारत में महिलाएं देश की आबादी का लगभग आधा हिस्सा हैं। यूं तो यह आधी आबादी कभी शोषण तो कभी अत्याचार के मामलों को लेकर अक्सर चर्चा में रहती है। हालांकि जब भी हम महिलाओं की समानता की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि किसी भी वर्ग में समानता के लिए सबसे पहले अवसरों की समानता का होना बेहद ज़रूरी है। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि देश में आधी आबादी राजनीति में अभी भी हाशिये पर है। ये स्थिति तब है, जबकि जितनी भी महिलाओं को राजनीति के निचले पायदान से ऊपरी पायदान तक जितना भी और जब भी मौका मिला, उन्होंने अपनी योग्यता और क्षमताओं का लोहा मनवाया है। ऐसे में यह सवाल भी उठना स्वाभाविक है कि आजादी के 75 सालों में लैंगिक समानता की दिशा में हासिल की गई उपलब्धियां आखिर गिनती की ही क्यों रह गई हैं? आखिर सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में लैंगिक असमानता क्यों बरकरार है? वह भी तब, जब हम इस वर्ग को 'आधी आबादी' का संबोधन देते हैं। यह बात सही है कि स्त्री शक्ति ने देश-दुनिया में समय-समय पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, लेकिन महिलाओं को कमतर होने का अहसास दिलाने की पुरुष वर्ग की मानसिकता आज भी स्त्रियों को उनके हकों से वंचित कर रही है। नारी सशक्तीकरण की बातें कागजी योजनाओं में काफी अच्छी लगती हैं पर धरातल पर अभी काफी कुछ होना बाकी है। खास तौर से आधी आबादी को लोकतांत्रिक व्यवस्था में बराबरी का हक देने को लेकर। यह विडम्बना ही है कि विधायिकाओं में 50 फीसदी नहीं, बल्कि महज 33 फीसदी आरक्षण की सालों से चल रही मांग आज तक अधूरी ही है। पंचायत और स्थानीय निकाय स्तर पर आरक्षण से महिलाओं को मौका जरूर मिला लेकिन यहां भी कितना सशक्तीकरण नारी शक्ति का हो पाया है यह किसी से छिपा नहीं है। शिक्षित, आर्थिक रूप से स्वावलंबी, ऊंचे पदों पर बैठी महिलाओं के विपरीत लैंगिक भेदभाव की उस तस्वीर को भी देखना होगा जहां महिलाओं को यह तक पता नहीं कि कानून ने किन-किन क्षेत्रों में उनको कितना संरक्षित कर रखा है। वहीं संसद में भी पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम है। भारत की मौजूदा जनसंख्या के अनुसार, लोकसभा में एक निर्वाचित सांसद औसतन 26 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं एक निर्वाचित महिला सांसद औसतन 92 लाख महिलाओं का प्रतिनिधित्व करतीं हैं। जाहिर है महिला अधिकारों और महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व के दावों और उसकी वास्तविकता के मध्य एक गहरा विरोधाभास और राजनीतिक दलों का दोगलापन है।

हमें नहीं भूलना चाहिए कि डॉ. आंबेडकर महिलाओं की उन्नति के प्रबल पक्षधर थे। उनका मानना था कि किसी भी समाज का मूल्यांकन इस बात से किया जाता है कि उसमें महिलाओं की क्या स्थिति है? दुनिया की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है, इसलिए जब तक उनका समुचित विकास नहीं होता कोई भी देश चहुंमुखी विकास नहीं कर सकता। उनका दृढ़ विश्वास था कि महिलाओं की उन्नति तभी संभव होगी, जब उन्हें घर-परिवार और समाज में बराबरी का दर्जा मिलेगा। लेकिन ये सच है कि पितृसत्तात्मक मानदंडों और परम्परागत मानसिकता के चलते ऐतिहासिक रूप से भारत में महिलाओं को हाशिए पर रखा गया। आजादी के बाद भारत के संविधान ने ये व्यवस्था दी कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में पुरुषों एवं महिलाओं के साथ समान व्यवहार किया जाएगा, लेकिन भारत में अधिकांश विधानसभाओं में महिला सदस्यों के प्रतिनिधित्व का परिदृश्य आज भी निराशाजनक है। वास्तव में भारत की आधी आबादी का एक बहुत बड़ा भाग अभी भी अपने मूलभूत अधिकारों से वंचित है।

वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की ओर से जारी रिपोर्ट में भारत का नाम 146 देशों की सूची में 135वें स्थान पर रहा है। आज ज़रूरत इस बात की है कि इन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाए। भारत की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी कम होने के पीछे प्रमुख कारण अब तक समाज में पितृसत्तात्मक ढाँचे का मौजूद होना है। हमें इस बात को समझना होगा कि पुरुषों और महिलाओं की समान भागीदारी न केवल न्याय और लोकतंत्र के लिए अहम है, बल्कि ये सुव्यवस्थित मानव अस्तित्व के लिए भी अनिवार्य है।जाहिर है, शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक और प्रशासन से लेकर राजनीति तक बेटियों को अभी काफी अवसर और सुविधाएं देना बाकी है। यह काम सरकारों को भी करना है और समाज को भी।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शैक्षिक सशक्तिकरण के अवसर मिले



महिला दिवस

प्रो. नीलिमा गुप्ता

महिला शिक्षा व सशक्तिकरण एक दूसरे से गहरे से जुड़े हुए हैं, क्योंकि शिक्षा ही वह साधन है, जिसके माध्यम से महिलाएं अपने अधिकारों, अवसरों और जिम्मेदारियों को समझ सकती हैं। शिक्षा के द्वारा ही महिलाओं को आत्मनिर्भर, आत्मसम्मानित और सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। महिला शिक्षा व सशक्तिकरण की प्रक्रिया केवल महिलाओं के व्यक्तिगत विकास के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक शिक्षित महिला ही सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकती है, अपनी सामाजिक स्थिति में सुधार करती कर सकती है व पूरे परिवार और समाज को भी प्रगति की दिशा में ले जा सकती है।

एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा की अहम भूमिका होती है। शिक्षा न केवल व्यक्तिगत जीवन को समृद्ध करता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी सहायक है। आज आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने की तरफ भारत आगे बढ़ रहा है। शिक्षा को आत्मनिर्भरता की नींव कहा जा सकता है, क्योंकि जब किसी व्यक्ति या समाज को उचित शिक्षा मिलती है, तो वह न केवल अपने व्यक्तिगत जीवन में सुधार करता है, बल्कि वह देश के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके लिए आवश्यक है कि देश के नागरिक उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करें और उसे अपने जीवन में सही ढंग से लागू करें।

आज कौशल विकास के कई अवसर युवाओं के सामने हैं जिससे वे न केवल रोजगार पा सकते हैं, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर देश की अर्थव्यवस्था में योगदान दे सकते हैं। नई तकनीकों और नवाचारों का ज्ञान प्राप्त कर युवा भारत अपनी एक मजबूत और प्रतिस्पर्धात्मक ताकत बनने की क्षमता रखता है। शिक्षा नागरिकों को अधिकारों, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक तो करती ही है, साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्छता जैसे महत्त्वपूर्ण आयामों के प्रति भी नागरिक बोध भी कराती है। यह समाज में जाति, वर्ग, जेंडर विभेद को दूर करने का एक माध्यम भी है ताकि सभी नागरिकों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होकर सेवा का समान अवसर उपलब्ध हो सके। स्वावलंबन और नागरिक बोध से युक्त भारत की जनसंख्या न केवल उसकी शक्ति है बल्कि आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करती है। इस महती संकल्पना को साकार में करने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए महिला शिक्षा के महत्व को समझना आवश्यक है। महिला शिक्षा और सशक्तिकरण एक दूसरे से गहरे से जुड़े हुए हैं, क्योंकि शिक्षा ही वह साधन है, जिसके माध्यम से महिलाएं अपने अधिकारों, अवसरों और जिम्मेदारियों को समझ सकती हैं। महिला शिक्षा के द्वारा ही महिलाओं को आत्मनिर्भर, आत्मसम्मानित और सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। महिला शिक्षा और सशक्तिकरण की प्रक्रिया केवल महिलाओं के व्यक्तिगत विकास के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक शिक्षित महिला ही सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकती है, अपनी सामाजिक स्थिति में सुधार करती कर सकती है तथा पूरे परिवार और समाज को भी प्रगति की दिशा में ले जा सकती है। महिलाओं का शिक्षित होना और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना समाज में समानता की मुख्य कुंजी है। महिलाएं शिक्षा के माध्यम से न केवल रोजगार प्राप्त करती हैं बल्कि वे अपने परिवार की आर्थिक सुदृढ़ीकरण में योगदान करती हैं। इससे महिलाओं के आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होती है और उनकी आर्थिक रूप से निर्भरता समाप्त होती है। आर्थिक सक्षमता महिलाओं में निर्णय की क्षमता का विकास करती है और यही स्थिति उन्हें समाज में बराबरी का स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण साबित होती है। शिक्षित और आत्मनिर्भर महिलाएं स्वयं और परिवार के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाए रखने में सक्षम होती हैं। वे पोषण, स्वच्छता और देखभाल के महत्व को बेहतर समझती हैं। उनकी यह काबिलियत न केवल उनकी बल्कि पूरे परिवार और समाज की जीवनशैली में



सुधार करती है और जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में मदद करती है। समाज में स्वस्थ पीढ़ी का निर्माण तभी संभव है जब उस समाज की महिला सशक्त हो। महिला सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है कि महिलाओं को उनके अधिकारों, अवसरों और विकल्पों में पूरा समर्थन मिले, ताकि वे समाज में आत्मनिर्भर, स्वतंत्र और समृद्ध जीवन जी सकें। यह उनके सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और मानसिक सशक्तिकरण से भी जुड़ा हुआ है। यह जरूरी है कि महिलाओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में शिक्षा दी जाए, ताकि वे अपने जीवन के निर्णय खुद ले सकें। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के लिए उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाने चाहिए।

राजनीतिक क्षेत्र में भी महिलाओं की सक्रिय भागीदारी समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि उनके आत्मविश्वास से उनकी आवाज बुलंद हो और वे नीतियों में परिवर्तन ला सकें। महिला शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर लड़की को शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर मिले, खासकर ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में। इसके लिए विद्यालयों में इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार और छात्रवृत्तियां प्रदान करना जरूरी है। समाज को भी यह समझने की आवश्यकता है कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल महिलाओं के लिए नहीं, बल्कि समग्र समाज के विकास के लिए आवश्यक है। इसलिए समाज को भी अपनी मानसिकता में बदलाव लाने, भेदभाव को समाप्त कर महिलाओं को समान अधिकार प्रदान करने की पहल करनी चाहिए। महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं की सुरक्षा भी अहम है। सरकार और समाज को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि महिलाएं बिना किसी डर के अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकें। इसके लिए भारत सरकार द्वारा प्रभावी कानून और नीतियां भी लाई गई हैं। महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य के बारे में सही जानकारी देना, उनकी देखभाल भी सशक्तिकरण का एक आवश्यक पहलू है। एक स्वस्थ महिला ही सशक्त बनकर अपने परिवार और समाज का सही दिशा में मार्गदर्शन कर सकती है। इसके लिए हमें शैक्षणिक संस्थानों में भी छात्राओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें गुणात्मक शिक्षा प्रदान कर समान स्तर पर लाना होगा। महिला शिक्षा के माध्यम से उन्हें समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना हम सबका कर्तव्य है। अगर हम एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र चाहते हैं तो हमें महिलाओं को शिक्षा और सशक्तिकरण के सही अवसर प्रदान करने होंगे।

(लेखिका डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.) में कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## मन अशांत होने पर इष्टदेव के मंत्रों को जपें



संकलित

दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## सफलता के लिए योजना बनाकर काम करें



संकलित

प्रेरणा

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है। योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

## अट्टुकल पोंगल उत्सव



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम में वार्षिक अट्टुकल पोंगल उत्सव के एक हिस्से के रूप में कप्पुकेट्टू समारोह मनाया गया। इस समारोह के दौरान श्रद्धालु अट्टुकल भगवती मंदिर में प्रार्थना करते हैं। उत्सव के दौरान मंदिर में महिलाएं और युवतियां देवी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर रही हैं।

## आज की पाती

### प्रकृति स्वरूपा है नारी ब्रह्मांड का आधार है नारी

प्रति वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिलाओं की सुरक्षा के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल की सच्चाईयां बहुत ही खौफनाक हैं। महिलाओं पर जुल्म बढ़ते ही जा रहे हैं। इतिहास साक्षी है कि नारी प्रकृति स्वरूपा है, नारी ब्रह्मांड का आधार है, नारी जगत जननी है, न मजबूर न समझो इसे बेचारी। सजीवन एक खूबसूरत यात्रा है। इसी यात्रा में हम संघर्ष करते हुए सदैव गतिमान रहते हैं।

-मदन बाजपेयी, भिलाई

## करंट अफेयर

# ट्रंप ने सुनीता विलियम्स के घने बालों की प्रशंसा की

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के घने बालों की सराहना की और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे दो अंतरिक्ष यात्रियों को संदेश दिया कि उन्हें जल्द धरती पर वापस लाया जाएगा। ट्रंप (78) ने अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे बुच विल्मोर और विलियम्स को पृथ्वी पर वापस लाने में मदद करने के लिए व्यक्तिगत रूप से एक बचाव दल को कक्षा में भेजने की संभावना का जिक्र किया और आठ दिन के मिशन के नौ महीने तक जारी रहने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की आलोचना की। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में कहा, 'बाइडन ने उन्हें वहीं फंसा छोड़ दिया।' उन्होंने कहा, 'हमारे दो अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं। मैंने एलन (मस्क) से कहा, 'मेरा एक काम करो। क्या तुम उन्हें बाहर निकाल कर ला सकते हो? उन्होंने कहा 'हां'। वह वहां जाने की तैयारी कर रहे हैं, मुझे लगता है कि दो सप्ताह में। ट्रंप ने कहा कि मस्क अभी एक यान तैयार कर रहे हैं जो ऊपर जाएगा और उन्हें वहां से ले जाएगा।



## ऑफ बीट

# पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न



पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को 'बंद' करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अमेरिका में विकलांगता का प्रमुख कारण है, और इसकी आर्थिक लागत मधुमेह या कैंसर से भी अधिक है। सबसे आम दीर्घकालिक दर्द पीठ दर्द है। कई मरीज़ - और डॉक्टर - पीठ की विभिन्न समस्याओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनके बारे में उन्हें संदेह है कि यह दर्द का कारण हो सकता है। इसलिए वे हर तरह के उपचार आज़माते हैं, लेकिन अक्सर कोई फायदा नहीं होता।

## ट्रेंड

### तमिल में पाठ्यक्रम

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को भी जल्द से जल्द तमिल भाषा में मेडिकल और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम शुरू करना चाहिए। इससे तमिल माध्यम से पढ़ाई करने वाले छात्रों को लाभ होगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### विकास का दीप जलाएंगे

विगत सरकारों ने दिल्ली के हर विभाग, हर व्यवस्था को इतना बदहाल कर दिया है। हमें एक जंग लगा हुआ सिस्टम विरासत में मिला है लेकिन हम अपने बुलंद हौसलों और कर्तव्यनिष्ठा से दिन-रात काम करके दिल्ली में विकास का दीप जलाएंगे।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली



### महिलाओं को प्रोत्साहन

इस पहचान के लिए मैं बहुत आभारी हूँ, मैं और अधिक महिलाओं को आगे आने और अपनी यात्रा की पटकथा लिखने में यथास्थिति को चुनौती देने के लिए प्रोत्साहित करती हूँ।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी



### उम्र सिर्फ एक संख्या

जिस शख्स ने फिल्मों में 28 साल की उम्र में 65 साल के बुजुर्ग की भूमिका निभाई हो, और ज़्यादातर अपनी उम्र से बड़े किरदारों के रोल किए हों, उसकी जवानी तो अब शुरू हुई है! उम्र सिर्फ़एक संख्या है, मैं इसका आदर्श उदाहरण हूँ।

-अनुपम खेर, अभिनेता




हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# महिला दिवस के मौके पर री-रिलीज हुई 'हाईवे'

**मुंबई।** पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड की कुछ चुनिंदा फिल्मों को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब महिला दिवस के मौके पर 2014 में आई आलिया भट्ट की फिल्म 'हाईवे' 7 मार्च से सिनेमाघरों में फिर से दस्तक दे दी है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'इस महिला दिवस पर स्वतंत्रता और शक्ति की यात्रा पर निकलें। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट परिवार निडर महिलाओं की भावना का जश्न मनाता है। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी ये फिल्म 7 मार्च से 13 मार्च तक वूमेंस डे वीक में पीवीआर और आइनॉक्स सिनेमाघरों में देखने को मिलेगी।



लाइफ Style

# तमन्ना
## कारोबार में बदल जाता है प्यार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हाल ही में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा के ब्रेकअप की खबरें आईं। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी इस इस अफवाह पर कुछ नहीं कहा है। ऐसे तमन्ना भाटिया ने प्यार पर अपनी राय रखी है।तमन्ना भाटिया ने ल्यूक कौटिनहो से बातचीत में बताया है कि उनके मुताबिक प्यार की परिभाषा क्या है। बातचीत में तमन्ना भाटिया से पूछा गया कि वह प्यार के बारे में क्या सोचती हैं?

उन्होंने इस पर जवाब देते हुए कहा कि प्यार बिना शर्त होना चाहिए, चाहे वह मां-बाप से, पार्टनर से या फिर पालतू जानवर से हो। अगर आप पार्टनर से उम्मीद करना शुरू कर देते हैं तो रिश्ते कारोबार में बदल जाते हैं। तमन्ना भाटिया ने कहा 'मुझे लगता है कि लोग प्यार और रिश्ते को लेकर भ्रम में हैं। जैसे ही प्यार में शर्त आ जाती है तो यह प्यार नहीं रहता। प्यार बिना शर्त होना चाहिए। यह एकतरफा होना चाहिए। यह एक जिम्मेदारी है कि आप दूसरे के लिए क्या महसूस करते हैं। जैसे ही आप उम्मीद लगाते हैं और अगर ये सोचते हैं कि वह भी वैसा ही करे जैसा हम करते हैं तो यह एक कारोबार में बदल जाता है। मैंने महसूस किया कि अगर मैं किसी से प्यार करती हूं तो उन्हें फ्री छोड़ देना चाहिए, जैसे वो हैं उन्हें वैसे ही रहने देना चाहिए। आपको बता दें कि विजय और तमन्ना दोनों लंबे वक्त से एक कई मौकों पर एक दूसरे के साथ देखे गए। विजय ने शुभंकर मिश्रा के यूट्यूब चैनल पर बताया 'मुझे लगता है कि हम दोनों इस बात से सहमत थे कि अगर हमें साथ में समय बिताना अच्छा लगता है और हम एक-दूसरे को पसंद करते हैं, तो इसे छिपाने की क्या जरूरत है।'

## हॉलीवुड मसाला



# निक खाने में तो मालती फोन में बिजी

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा हाल ही पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी के साथ फैमिली डिनर के लिए गईं। लेकिन इस दौरान मालती की हरकतों ने ध्यान खींच लिया। टेबल पर जहां निक जोनस, प्रियंका और बाकी लोग बाते करनें और खाने में बिजी थे, वहीं मालती फोन में बिजी दिखीं। 3 साल की मालती फोन पर अपना फेवरेट कार्टून देख रही थी, और उसी में खोई थी। प्रियंका की इस फैमिली डिनर डेट की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।




# सिंगर जेनी पर कॉपी पेस्ट का आरोप

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन यानी के-पॉप बैंड 'ब्लैकपिंक' की सिंगर जेनी ने हाल ही अपने नए गाने का ऐलान किया और 9 सेकेंड का टीजर रिलीज किया। गाने की ग्लोबली खूब तारीफ हो रही है, पर कुछ लोगों को यह 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के म्यूजिक जैसा लग रहा है। यूजर्स ने दावा किया है कि जेनी के गाने का म्यूजिक 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के एक म्यूजिक से मिलता-जुलता है। उन्होंने अपने गाने के लिए 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' से आलिया का किरदार और उसका म्यूजिक कॉपी किया है। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में जब आलिया का रानी का किरदार एंट्री करता है, तो बैकग्राउंड में जो म्यूजिक बज रहा है, बिल्कुल वही म्यूजिक जेनी ने अपने गाने में इस्तेमाल किया है।



# निर्देशन में रखने जा रहीं कदम...

**मुंबई।** अपनी अलग अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेत्री राधिका आप्टे जल्द ही फिल्म 'कोट्या' से निर्देशन में डेब्यू करने जा रही हैं। राधिका आप्टे ने कई बॉलीवुड फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी की है। उन्होंने पिछले कुछ सालों में 'पैडमैन', 'अंधाधुन', 'मोनिका' और 'माय डार्लिंग' जैसी फिल्मों में बेहतरीन काम किया है। अब राधिका आप्टे एक्शन-फंतासी फिल्म के साथ निर्देशन में कदम रखने जा रही हैं। खबरों के मुताबिक राधिका आप्टे की फिल्म 'कोट्या' एक हिंदी/मराठी एक्शन-फंतासी है। इसमें एक प्रवासी नौजवान की कहानी दिखाई गई है। नायक एक गन्ना काटने वाला शख्स है। जबरदस्ती की एक चिकित्सा प्रक्रिया के बाद नौजवान को कुछ ताकतें मिलती हैं। इसके बाद वह उन ताकतों का इस्तेमाल अपने परिवार का कर्ज उतारने के लिए करता है।



# ओटीटी पर रिलीज हुई स्काई फोर्स...

**मुंबई।** अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की फिल्म 'स्काई फोर्स' जनवरी में गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हुई थी। अब करीब छह हफ्तों बाद यह फिल्म डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होने लगी है। इस फिल्म को अब आप प्राइम वीडियो इंडिया पर देख सकते हैं, लेकिन खास बात यह है कि इसे देखने के लिए आपको पैसे चुकाने होंगे। सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को अब प्राइम वीडियो इंडिया पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। हालांकि, इसे किराए पर उपलब्ध कराया गया है, यानी दर्शकों को इसे देखने के लिए 349 रुपए का शुल्क चुकाना होगा। यह शुल्क प्लेटफॉर्म की सब्सक्रिप्शन फीस से अलग है। स्काई फोर्स एक देशभक्ति आधारित ड्रामा है जो 1965 से 1988 के बीच के समय पर आधारित है।

## टीवी मसाला



# तेनाली के सामने नई चुनौती बनकर आएगी विषकन्या!


**नई दिल्ली।** सोनी सब का लोकप्रिय शो 'तेनाली रामा' अपनी दिलचस्प कहानियों से दर्शकों को लगातार रोमांचित कर रहा है। प्रतिभाशाली एक्टर कृष्ण भारद्वाज द्वारा निभाया गया तेनाली रामा का किरदार अपने चतुराई भरे किस्सों और बुद्धिमत्ता के लिए जाना जाता है। इस नए अध्याय में तेनाली एक बार फिर विजयनगर की रक्षा के लिए लौटता है, जहां काली मां (बरखा बिष्ट) द्वारा बताए गए एक भयंकर संकट का खतरा मंडरा रहा है। गिरगिट राज (सुमित कौल) पहले ही विजयनगर को नष्ट करने की अपनी खतरनाक योजना का खुलासा कर चुका है। उसने नगर में तबाही मचाने के लिए एक विशाल हाथी को छोड़ा था। अब उसके पास उससे भी घातक साथी आ गया है—विषकन्या आफरीन, जिसे पवित्रा पुनिया निभाती दिख रही हैं। नर्तकी के वेश में विजयनगर में प्रवेश करने वाली आफरीन का असली मकसद बदला लेना है। वह अपने साथ हुए अन्याय का प्रतिशोध चाहती है। उसका मुख्य निशाना राजा कृष्णदेवराय (आदित्य रेडिज) हैं, लेकिन उसका पहला वार तिम्मारसु (अमित पचौरी) पर पड़ता है, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। इससे एक बुद्धि और शक्ति का रोमांचक संग्राम शुरू होता है।

## क्राइम पेट्रोल 17 मार्च से ओटीटी पर होगी रिलीज

नई दिल्ली। सीआईडी के बाद अब एक और पुराना शो नेटफ्लिक्स पर वापसी कर रहा है। क्राइम पेट्रोल भारत का एक बहुत लोकप्रिय सच्ची कहानियों पर आधारित शो है, जो 2003 में शुरू हुआ था। यह शो अपनी



रोचक कहानियों और अपराध के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए जाना जाता है। अनूप सोनी ने इस शो को होस्ट किया है और असली अपराधों की कहानियों को नाटक के जरिए दिखाया है, ताकि लोग अपराध से बचाव के बारे में सीख सकें। क्राइम पेट्रोल 17 मार्च से नेटफ्लिक्स पर देखने के लिए उपलब्ध होगा। पहले यह सोनी लिव पर आता था, जहां इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। अब नेटफ्लिक्स पर आने से यह और भी लोगों तक पहुंचेगा, खासकर उनको जो क्राइम की कहानियां देखना पसंद करते हैं।



# प्रेम कहानी की रिलीज के पूरे हुए 50 साल

**नई दिल्ली।** 1975 में बनी हिंदी फिल्म प्रेम कहानी की शुक्रवार को गोल्डन जुबली थी। फिल्म को रिलीज हुए 50 साल हो गए। इस फिल्म की कहानी से लेकर इसके गाने आज भी दर्शकों के जहन में बसे हुए हैं। निर्देशक राज खोसला की सफल फिल्मों मे से एक 'प्रेम कहानी' भी थी। इस फिल्म में राजेश खन्ना, मुमताज और शशि कपूर ने मुख्य अभिनय किया था। फिल्म की कहानी प्रेम, बलिदान और सामाजिक बंधनों के इर्द-गिर्द घूमती है। यह फिल्म उस दौर के दर्शकों के दिलों को छू गई। फिल्म की कहानी से लेकर इसका संगीत भी दर्शकों को बेहद पसंद आया था। फिल्म का संगीत लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने दिया था। फिल्म 'प्रेम कहानी' की बात करें तो फिल्म में कमल (राजेश खन्ना) नाम के एक युवक की है, जो अपनी प्रेमिका रजनी (मुमताज) से बेहद प्यार करता है। लेकिन सामाजिक और पारिवारिक दबाव के कारण उनकी प्रेम कहानी अधूरी रह जाती है। कमल का दोस्त शेर खान (शशि कपूर) भी इस कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो अपने दोस्त के लिए बलिदान देने को तैयार रहता है। फिल्म में भावनात्मक उतार-चढ़ाव और नाटकीय मोड़ दर्शकों को बांधे रखता है।

# *बॉलीवुड के ये गाने हैं महिलाओं के लिए इंस्पिरेशन जुल्म के खिलाफ लड़ने और उड़ने का देते हैं हौसला*


**नई दिल्ली।** आज के दौर में महिलाओं का समाज में उतना ही रसूख है, जितना पुरुषों को है। इसी वजह से महिलाओं को आधी आबादी कहा जाता है। आज महिलाएं सक्सेसफुल हैं, बैंकर हैं, बिजनेस वूमन हैं, क्रिकेटर हैं, एक्टर हैं और पॉलिटिशियन भी हैं। इस इमेज को हासिल करने के लिए महिलाओं ने एक लंबी लड़ाई लड़ी है। महिलाओं के इसी जज्बे को सलाम करने के लिए वुमन्स डे मनाया जाता है। 8 मार्च को वुमन्स डे मनाते हैं। यह दिन सभी महिलाओं के लिए गर्व महसूस करने का दिन है! महिलाओं के लिए इस को एंजॉय करने के लिए बॉलीवुड में ऐसे कई गाने हैं, जो जोश को दोगुना कर देंगे।

### पटाका गुड्डी (हाईवे)

पटाखा गुड्डी एक जादुई गाना है जो एक ही समय में शरीर में कई अलग अलग तरह की एनर्जी का प्रवाह शरीर में कर देता है। भले ही आपका दिन खराब हो, यह गाना आपके कानों पर पड़ते ही अलग आत्मविश्वास का प्रवाह करता है। गाना महिलाओं के फ्रीडम को डेडिकेटेड है और बहुत ही खूबसूरती से गाया गया है।

### जीते चल (नीरजा)

सोनम कपूर ने 2016 की बायोपिक थ्रिलर फिल्म नीरजा में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। एक्ट्रेस ने रियल लाइफ हीरो दिवंगत भारतीय एयर होस्टेस की भूमिका निभाई, जिसने एक हाईजैक हुए विमान से सैकड़ों लोगों को बचाने के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। जीते हैं चल प्रसून जोशी की तरफ से लिखे गए शानदार गानों में से एक है।



### जिद्दी दिल (मैरी कॉम)

प्रियंका चोपड़ा दुनिया भर में लाखों लड़कियों के लिए वास्तविक जीवन की प्रेरणा हैं लेकिन उन्होंने बॉक्सर मैरी कॉम की बायोपिक में शानदार काम कर सबके दिलों में एक अहम जगह बना ली है। 2014 में रिलीज़ हुई स्पोर्ट्स बायोपिक, मैरी कॉम का गाना जिद्दी दिल महिलाओं को हार न मानने की प्रेरणा देता है।

### *धाकड़ (दंगल)*

*हमारी छोरियां छोरों से कम थोड़ी हैं। जब फिल्म को इस थीम के साथ बनाया गया होगा तो फिल्मों के गाने तो जोश से भरने वाले जरूर होंगे। आमिर खान स्टारर इस फिल्म दंगल रियल लाइफ चैंपियन गीता फोगाट और बबीता फोगाट की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म का गाना 'धाकड़' दुनिया के सामने लड़कियों का लोहा मनवाने के लिए एक एंथम से कम नहीं है।*

### *पिंक एंथम (पिंक)*

*तापसी पन्नू-अमिताभ बच्चन स्टारर 2016 में आई कोर्ट रूम ड्रामा पिंक का गाना पिंक एंथम काफी जबरदस्त है। पूरी दिल्ली में फिल्माए गए इस गाने में वास्तविक महिलाओं को अपने अनोखे तरीके से जिंदगी का जश्न मनाते हुए दिखाया गया है। यह गाना वुमन्स डे पर काफी खास हो जाता है।*

# हर महिला को देखनी चाहिए ये 10 महिला प्रधान फिल्में


**नई दिल्ली।** 10 महिला प्रधान फिल्में हर महिला को जरूर देखनी चाहिए, क्योंकि इन फिल्मों ने महिलाओं के जीवन के ऐसे कई पहलुओं को उजागर किया है, जिन पर इससे पहले बात तक नहीं की जाती थी। 10 महिला प्रधान फिल्मों ने कई सामाजिक मान्यताओं को तोड़ा है और समाज को नए सिरे से सोचने पर मजबूर किया है। यदि आपने अभी तक ये फिल्में नहीं देखी हैं, तो आपको ये महिला प्रधान फिल्में जरूर देखनी चाहिए।

### *क्वीन*





*महिला प्रधान फिल्मों की बात हो और कंगना रनौत की फिल्म क्वीन का जक्रि न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। क्वीन फिल्म की सबसे बड़ी ख़ासियत है इस फिल्म का मैसेज. इस फिल्म में ये बताया गया है महिलाओं की चाहतें पुरुषों के सहारे की मोहताज नहीं हैं और कंगना रनौत ने अपनी अदाकरी से महिलाओं की भावनाओं को बहुत दमदार तरीके से प्रस्तुत किया है।*

### *द डर्टी पिक्चर*



*बॉलीवुड की मोस्ट टेलेंटेड एक्ट्रेस विद्या बालन की बेहतरीन फिल्मों में से एक द डर्टी पिक्चर 80 के दशक की दक्षिण भारतीय फिल्मों की कलाकार सिल्क स्मिता के जीवन पर आधारित थी। द डर्टी पिक्चर फिल्म में रुपहले पर्दे के की चमक के पीछे छुपे अंधेरे को उजागर किया गया। साथ ही महिला के शरीर के प्रति लोगों की मानसिकता को भी दर्शाया गया।*



### ऐंग्री इंडियन गॉडेसेस

ऐंग्री इंडियन गॉडेसेस फिल्म की कहानी पांच लड़कियों के ईर्दगिर्द घूमती है। ये लड़कियां हंसती भी हैं और रोती भी हैं, मस्ती भी करती हैं और दर्द भी झेलती हैं। इस फिल्म में लड़कियों के साथ छेड़छाड़, कोर्ट में इंसाफ न मिलना, मां-बाप का प्यार न मिलना जैसी कई सामाजिक समस्याओं को उजागर किया गया है। महिलाओं को ये फिल्म भी जरूर देखनी चाहिए।

### मॉम

बॉलीवुड की चांदनी श्रीदेवी जी भले ही आज हमारे बीच न हों, लेकिन उनकी फिल्म मॉम महिला प्रधान फिल्मों में खास स्थान रखती है। इस फिल्म में बताया गया है कि एक मां अपने बच्चों के लिए क्या कुछ कर सकती है। पूरी फिल्म श्रीदेवी यानी मॉम के ईर्दगिर्द घूमती है। इस फिल्म में भी हीरो की ज़रूरत महसूस नहीं होती।







### पिंक

तापसी पन्नू की फिल्म पिंक भी लीक से हटकर थी। इस फिल्म की कहानी तीन महिलाओं के इर्दगिर्द घूमती है और समाज को महिलाओं के बारे में काफी कुछ सोचने पर मजबूर करती है। फिल्म पिंक में बिग बी अमिताभ बच्चन ने भी दमदार अभिनय किया है।

### फायर

दीपा मेहता की फिल्म फायर दो महिलाओं के समलैंगिग रिश्तों पर आधारित कहानी है। इस फिल्म को दो साल तक सेंसर बोर्ड की हरी झंडी का इंतज़ार करना पड़ा और दो साल बाद इस फिल्म को एडल्ट कैटेगरी में सिनेमाघरों में दिखाया गया।



### लिपस्टिक अंडर माय बुर्का



विवादों से घिरी फिल्म लिपस्टिक अंडर माय बुर्का अलग-अलग उम्र की चार ऐसी महिलाओं को कहानी है, तो अपने हिसाब से आज़ादी से ज़िंदगी गुज़ारने में विश्वास रखती हैं। कोंकणा सेन शर्मा, रत्ना पाठक शाह, आहना कुमरा, पल्बिता बोरठाकुर ने लिपस्टिक अंडर माय बुर्का फिल्म में दमदार अभिनय किया है।

### पार्चड



पार्चड यानी सूखा और इस फिल्म में गांव की तीन स्त्रियों के माध्यम से इस शब्द को भलीभांति प्रस्तुत किया गया है। पार्चड फिल्म में पुरुष प्रधान मानसिकता, महिलाओं पर अत्याचार, बाल विवाह जैसी समस्याओं का कटु सत्य को बहुत तीखे अंदाज़ में पेश किया गया है। पार्चड फिल्म को 24 इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया और इस फिल्म ने 18 अवॉर्ड्स हासिल किए।

# विद्यार्थियों में हर विधा में राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने का सम्पूर्ण सामर्थ्य : कुलपति

## ओव्हरआल चैम्पियन बना कृषि महाविद्यालय जबलपुर, प्रतिभागियों को पुरूस्कार वितरण कर किया गया सम्मानित





## जनेकृविवि में 23वीं अन्तर महाविद्यालयीन सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भव्य समापन

**हरिभूमि, जबलपुर।** चिरई बन जा राजा.........अलबेला सजन आयो रे........जैसे बंद्धेली, राजस्थानी, देशभक्ति गीतों की अनेक प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा की पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मौका था जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में दो दिवसीय 23वीं अन्तर महाविद्यालयीन सांस्कृतिक प्रतियोगिता "युवा महोत्सव" के समापन अवसर का। दरअसल आयोजित दो दिवसीय युवा महोत्सव का समापन गुरूवार को कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे की अध्यक्षता में हुआ। मुख्यअतिथि कुलपति डॉ. मिश्रा ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुये कहा कि, हमारे विद्यार्थियों में हर विधा में राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने का सम्पूर्ण सामथ्र्य है। आप आगामी युवा प्रतियोगिताओं में अपनी उत्कृष्टता के साथ विश्वविद्यालय को गौरांवित करेंगे। आप सभी प्रतिभागी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया है, और ऐसे ही शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और खेलकूंद सहित अन्य गतिविधियों में आपका भविष्य उज्जवल रहे ऐसी शुभकामनाएं देता हूं।प्रश्न मंच - प्रथम- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बालाघाट, द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर गंजबसोदा, तृतीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर रीवा ।भाषण में प्रथम - कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर जबलपुर, द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग जबलपुर, तृतीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर पवारखेड़ा। तात्कालिक भाषण - प्रथम- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर जबलपुर, द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग जबलपुर एवं कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर पन्ना, तृतीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बालाघाट।वाद-विवाद प्रतियोगिता पक्ष - प्रथम- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर जबलपुर , द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग जबलपुर., तृतीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बालाघाट।वाद-विवाद प्रतियोगिता विपक्ष - प्रथम- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर जबलपुर, द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग जबलपुर, तृतीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर पन्ना।एकल अभिनय -प्रथम- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर पवारखेड़ा, द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर रीवा, तृतीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर जबलपुर।एकांकी - कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर जबलपुर., द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग जबलपुर., तृतीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर पवारखेड़ा।स्किट - प्रथम- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर जबलपुर, द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग जबलपुर, तृतीय- कॉलेज ऑफ हार्टीकल्चर रहली।मूक अभिनय - प्रथम- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग जबलपुर, द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर जबलपुर, तृतीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर रीवा। एकल गायन- प्रथम - कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर जबलपुर., द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर पवारखेड़ा, तृतीय- कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग जबलपुर।देशभक्ति गीत - कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग जबलपुर, द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर जबलपुर, तृतीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर गंजबसोदा।समूह गायन - प्रथम- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर जबलपुर., द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग जबलपुर., तृतीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बालाघाट।समूह लोकनृत्य - प्रथम- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर जबलपुर., द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग जबलपुर, तृतीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बालाघाट।रंगोली- प्रथम- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर जबलपुर, द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग जबलपुर., तृतीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर टीकमगढ़।मूर्तिकला- प्रथम- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर टीकमगढ़, द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग जबलपुर, तृतीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर पवारखेड़ा,व्यंग्य चित्रण-प्रथम- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बालाघाट, द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग जबलपुर , तृतीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर गंजबसोदा।पोस्टर मेकिंग-प्रथम- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग जबलपुर, द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बालाघाट, तृतीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर जबलपुर।ऑन स्पॉट पेंटिंग -प्रथम- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर गंजबसोदा, द्धितीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बालाघाट, तृतीय- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर रीवा।ललित कला स्पर्धा शिरोमणि - कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, इंजीनियरिंग जबलपुर ।साहित्य कला स्पर्धा शिरोमणि - कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, जबलपुर । रंगमंच स्पर्धा शिरोमणि - कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, जबलपुर ।गायन स्पर्धा शिरोमणि - कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, जबलपुर ।नृत्य स्पर्धा शिरोमणि - कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, जबलपुर ।रनर-अप - कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग जबलपुर । ओव्हर ऑल चैम्पियनशिप - कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, जबलपुर ।बेस्ट अनुशासित टीम - कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर खुरई। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा एवं क आभार प्रदर्शन डीन डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव द्वारा किया गया।युवा महोत्सव के समापन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. अनीता बब्बर, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, पन्ना कृषि महाविद्याल के अधिष्ठाता डॉ. विजय यादव, कुलसचिव डॉ. ए.के.जैन मंचासीन रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी टीमों के मैनेजर, विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक ,कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# रेल मजदूर संघ के अधिवेशन में नई कार्यकारिणी गठित

## उपाध्याय अध्यक्ष व शर्मा पुनः महामंत्री निर्वाचित



**जबलपुर।** पमरे की निर्वाचित यूनियन वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के दो दिवसीय अधिवेशन के समापन चुनाव के साथ हुआ। उमंग सामुदायिक भवन अशोक शर्मा पुनः महामंत्री सी.एम. उपाध्याय, अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। डब्ल्यूसीआरएमएस के जोनल कार्यकारिणी निर्वाचित हुई, जिसमें सी.एम.उपाध्याय, अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, बी.एल.मिश्रा, महासचिव,अशोक शर्मा मंडल अध्यक्ष एस.एन.शुक्ला, राजेश पांडे , एस.के.गुप्ता , वीरेश तिवारी, मंडल सचिव डी. पी.अग्रवाल, अब्दुल खालिक, संयुक्त महासचिव आर.के.शर्मा, संदीप श्रोती, सहायक महासचिव, जे.ऐ.नियाजी, कोषाध्यक्ष कमलेश परिहार, महिला उपाध्यक्ष, अनीता गोचर, श्रीमति सविता त्रिपाठी आदि चुने गये। नई कार्यकारिणी में चुने गए पदाधिकारियों ने रेल कर्मचारियो की ज्वलंत मांगो पर त्वरित कार्यवाही करने का संकल्प लिया।



# जबलपुर रेल मंडल की महिला कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**जबलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जबलपुर के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च की पूर्व संध्या पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा द्वारा मंडल के विभिन्न विभागों की 33 महिला कर्मचारियों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित क्विज में विजेता महिला कर्मचारियों को गिफ्ट देकर पुरस्कृत किया गया। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा द्वारा महिला सशक्तिकरण, उनके अधिकार विषय पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर उपस्थित महिला कर्मचारियों ने महिला सशक्तिकरण विषय पर परिचर्चा में भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। उक्त कार्यक्रम का संचालन मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षक रविंद्र त्रिपाठी ने किया।

# मुंबई तथा अन्य शहरों से वायु सेवा की मांग

## जबलपुर की अस्मिता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

**जबलपुर।** जबलपुर की अस्मिता से अब कोई भी खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा एक वृहद अनूठा आंदोलन किया जाएगा जिससे जबलपुर की मुंबई वायुसेवा आगामी 30 मार्च के पश्चात भी जारी रहे तथा जबलपुर पुनः पुणे, अहमदाबाद, कोलकाता, चेन्नई आदि शहरों से वायु मार्ग से जुड़ सके। एक जानकारी में जबलपुर संघर्ष समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने बताया की आगामी 30 मार्च के बाद जबलपुर मुंबई सीधी वायु सेवा के संचालन पर संशय है साथ ही जबलपुर का अन्य शहरों से सीधा संपर्क भी अंधकार में है। अब जबकि जबलपुर की वर्तमान में सभी उपलब्ध फ्लाइट यात्रियों से पूर्ण रहती हैं एवं बेहद महंगे यात्री किराए पर भी जबलपुर के यात्री वायु यात्रा करते हैं, इसका परिचायक है कि जबलपुर विमानन कंपनियों के लिए बेहद लाभदायक स्थान रखता है तथा ऐसा कोई भी कारण नहीं है की जबलपुर वायु सेवाओं से वंचित रहे। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 6 जून को नो फ्लाइंग डे मनाया गया था जिसका उद्देश्य जबलपुर की वायुसेवाओं को सुचारू करना था। अब पुनः जबलपुर के संघर्ष के लिए एक और अनूठा तथा नवीन आंदोलन किया जाएगा। समिति के बलदीप मैनी, हिमांशु राय, मनु शरत तिवारी ने बताया जबलपुर संघर्ष समिति इस बार एक कड़े संघर्ष के साथ एक अनूठा आंदोलन करेगी जिसमें की शासन के साथ-साथ निजी विमानन कंपनियां तक अपनी बात रखने का प्रयास होगा। समिति के जितेंद्र पचौरी, दीपक सेठी, प्रीति चौधरी, बसंत मिश्रा आदि के अनुसार सभी जायज एवं ठोस कारणों के बावजूद जबलपुर से विभिन्न शहरों के लिए विमान सेवाओं का न होना तथा मुंबई जबलपुर मार्ग से वायु सेवा को बंद करना बेहद अफसोसजनक तथा दुर्भाग्यपूर्ण है जिसका की प्रतिकार हर मंच एवं स्तर पर किया जाएगा। इस संबंध में एक वृहद बैठक आहूत की जाएगी एवं एक बड़े संघर्ष एवं आंदोलन का आगाज किया जाएगा। जबलपुर संघर्ष समिति ने जबलपुर, महाकौशल एवं विंध्य क्षेत्र की समस्त संस्थाओं एवं जनमानस से आव्हान किया है कि वे भी जबलपुर की वायुसेवाओं को सुदृढ़ करने एवं जबलपुर मुंबई फ्लाइट बंद न हो यह सुनिश्चित करने समिति के संघर्ष का हिस्सा बनें।



# केंगरू किड्स शाला में वार्षिक 'ग्रेजुएशन डे' मनाया

**जबलपुर।** केंगरू किड्स इंटरनेशनल स्कूल में सीनियर के.जी. का 'ग्रेजुएशन डे' 07 मार्च को मनाया गया। आत्मविश्वास से भरे नन्हे-मुन्ने अभिभावकों के सीने गर्व से फूल गए। प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये। जब ग्रेजुएट्स की तरह मंच पर आये तो सभी बच्चों द्वारा सीखी गई कविता प्रस्तुत की गई एवं वेस्ट सामग्री से सभी नन्हे-मुन्ने ग्रेजुएट्स को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में संस्थापिका अर्पिता मालपाणी एवं प्राचार्या सोनिया कोचर द्वारा सभी बच्चों को गुड्डी, बैग्स वितरित करते हुए सभी के उज्वल भविष्य की कामना की गई।

# जीएस कॉलेज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन संपन्न



**जबलपुर।** गोविंदराम सेकसरिया अर्थ वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय में 07 मार्च को वार्षिक स्नेह सम्मेलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिल सिंह कुशवाहा आईपीएस, पुलिस महानिरीक्षक, जबलपुर जोन, विशिष्ट अतिथि डॉ. अमरेन्द्र पाण्डेय प्रभारी सदस्य शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश शाखा जबलपुर तथा प्रीति धर्माधिकारी रहे। सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर मां वाग्देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ देकर किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के समय में दो महत्वपूर्ण मुद्दे साइबर सुरक्षा और जेंडर इक्विलिटी है, साइबर अपराध का मुख्य कारण है लालच और डर व अज्ञानता, वास्तव में डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई वस्तु है ही नहीं, उन्होंने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा कर अपराधियों की मदद न करें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेशचंद्र त्रिपाठी ने महाविद्यालय की गौरवशाली परंपरा इतिहास और सामाजिक योगदान तथा उपलब्धि पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि डॉ. अमरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि भारतीय समाज और परम्पराओं को लेकर हमारा महाविद्यालय चल रहा है और सदैव हम नवीनतम प्रणालियों को महाविद्यालय में शामिल करते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. ज्ञानेंद्र त्रिपाठी द्वारा पुस्तक रिसर्च मैथडोलाजी का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिव कुमार व्यास तथा आभार प्रदर्शन प्रभारी वार्षिक स्नेह सम्मेलन डॉ. सुनील कुमार देशपांडे ने किया। द्वितीय चरण में अनेक विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण कर्मचारीगण और बहुत बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



# छावनी में कृषि भूमि की अदला-बदली व नगर निगम में विलय करने बैठक संपन्न

**जबलपुर।**

सर्किट हाउस में सांसद आशीष दुबे एवं विधायक अशोक रोहाणी के नेतृत्व में विगत दिवस एक महत्वपूर्ण बैठक छावनी किसान संघ केंट के साथ संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से छावनी क्षेत्र के लगभग 75 किसानों की कृषि भूमि की अदला-बदली कर उसे नगर निगम में विलय करने विचार किया गया। बैठक में सिविल क्षेत्र में सेना की क्यूआरटी द्वारा किसानों के बगीचा क्षेत्र में घुसकर बेवजह परेशान करने संबंधी शिकायतों से भी अवगत कराया गया। किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद सांसद एवं विधायक ने जोर देकर कहा कि शीघ्र ही स्थानीय समस्याओं को स्थानीय स्तर पर और केन्द्रीय स्तर पर रक्षामंत्री से मुलाकात कर किसानों के हक में समाधान कराया जाएगा। बैठक में छावनी किसान संघ के अध्यक्ष एड. राजेश कुशवाहा, संरक्षक एड. द्वारका प्रसाद वर्मा, सुंदर अग्रवाल, सिराज अहमद, सतीश यादव, पामुल शर्मा, डॉ. ऋषि बावरिया सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

**CHANGE OF NAME**

I, KUNDKALI BAGHEL Mother of Army No 14835006X RANK HAV NAME MANOJ KUMAR R/O AMBA TANK HOUSE, SHAHI NAKA SANJIVINI NAGAR, GARHA, JABALPUR (M.P.) I, have changed of my name from KUND KALI (Name as per my Son No 14835006X RANK HAV NAME MANOJ KUMAR Army service records) to KUNDKALI BAGHEL (name as per my AADHAR CARD AND OTHER DOCUMENTS vide affidavit dated 07/03/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

CORRECT NAME
KUNDKALI BAGHEL
INCORRECT NAME-KUND KALI

# शहरी गरीबों के लिए संचालित योजनाओं पर परिचर्चा संपन्न

**जबलपुर।**




नागरिक अधिकार मंच के तत्वावधान में मदन महल स्थित सभागार में शहरी गरीबों के मुद्दे पर परिचर्चा का आयोजन 06 मार्च को किया गया। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य था कि विभागीय अधिकारियों द्वारा शहरी गरीबों के हितार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी व उनकी जिज्ञासा का समाधान किया जा सके। कार्यक्रम परियोजना अधिकारी मीना शर्मा ने महिला एवं बाल विकास केन्द्र की योजनाओं की जानकारी प्रदान की। श्रम निरीक्षक संकेत पहाड़े ने श्रम विभाग के शहरी गरीबों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की। अरमान फाउंडेशन से अब्दुल रहीम और जनसाहस से राजू चौधरी ने भी अपने-अपने संगठनों और विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। चर्चा के दौरान सुशील सतनामी, चंद्रशेखर रैदास, गोलू विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार, सुषमा चौधरी, रमा डोंगरे आदि ने अपने सवाल किए। कार्यक्रम में असंगठित क्षेत्र के 75 मजदूर और कामकाजी महिलाएं और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। संस्था की ओर से कौशल कबीर, किरण कवाडे, कु. दीक्षा यादव, शिवकुमार, जितेन्द्र झारिया, अभिषेक चौधरी और संदीप चौधरी उपस्थित रहे।

# समाजसेवी सुंदर अग्रवाल सम्मानित



**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध संगठन ने आज वरिष्ठ समाज सेवी सुंदर अग्रवाल का सम्मान उनके द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्य गोरबाजार में अस्पताल, अंगनबाड़ी, सड़कें, 11 निःशक्त कन्याओं की शादी, व्हील चेयर, ऑक्सीजन सिलेण्डर, छड़ी और ग़रीबी को आवास योजना का लाभ निष्ठा से करने पर किया गया। इसमें डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में (अध्यक्ष) डॉ. अजय वाधवानी, (अध्यक्ष) भावना निगम (महिला विंग), सचिव एड. आशीष त्रिपाठी, उपाध्यक्ष डॉ. अभिजीत जैन, डॉ. अभिषेक जैन, एड. अमित शर्मा, स्माइल शेख़, मनीषा दीक्षित, डॉ. पीयूष जैन, डॉ. ऋषि बवारिया उपस्थित हुए।

# गौलोकवासी अन्नपूर्णादास काठिया को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**जबलपुर।** ग्वारीघाट स्थित श्री कल्याणेश्वर महादेव मंदिर आश्रम नर्मदा तट के दरोगाघाट काठिया आश्रम में आश्रम के संस्थापक गौलोकवासी अन्नपूर्णादास काठिया के स्मृति दिवर पर 07 मार्च को जबलपुर साधु मंडल के सभी संतगणों एवं महंत तथा जगदगुरुओं की उपस्थिति में श्रद्धांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। तत्पश्चात आश्रम की सेविका नर्मदेश्वरीदास काठिया को सभी संत व महंत व साधु संतों की उपस्थिति में शाल, कंठी व माला पहनाकर आश्रम का महंत नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जगदगुरु नरसिंहदास महाराज, दंडी स्वामी कालकानंद महराज, जगदगुरु राधेचैतन्य महाराज, महंत जगदीश महाराज, महंत रामनारायण दास महाराज, देवेन्द्रदास महाराज, प्रहलाददास महाराज, रामदास कोरवाल, महंत रामशरणदास, कालीनंद महाराज, महंत प्रकाशानंद, महंत रामभारती, राजेश्वरानंद महाराज, राजेशदास, संजयदास काठिया, आचार्य प्रसादजी महाराज, राजेश खिच्ची इंदौर काठिया आश्रम, आचार्य तुलसी महाराज, पुजारी आदि उपस्थित रहे।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सेंट्रल बैंक में महिलाओं का किया सम्मान

**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर हर वर्ष की तरह 07 मार्च 2025 को सम्मानीय महिला ग्राहकों का सम्मान देश के प्रथम स्वदेशी बैंक द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर की प्रमुख महिला उद्यमी रेखा कैलाश गुप्ता का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अविनाश कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर क्षेत्र, शशांक मिश्रा, वरिष्ठ प्रबंधक धोबीघाट शाखा, विवेक कुमार मुख्य प्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय, जयदेव पीपरा मार्केटिंग आफीसर, निशांत शर्मा, अजीत वर्मा, सोनम झारिया, रजतढकाल, सत्यम सेन, कुमुदनी इक्का, तनु मेहरा, अमजद शाह इत्यादि उपस्थित रहे।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/280
दिनांक :- 07/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती विनीता तिवारी पुत्री श्री राम भरोसे दुबे ने मकान नं. 762/36 एफ 28 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 775 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/276
दिनांक :- 07/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती उज़मा अहमद पति श्री मेराज़ अहमद ने मकान नं. 1520 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 535 व.फु. भूतल 380 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/275
दिनांक :- 07/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कल्पना सिंह पति श्री राजकुमार सिंह ने मकान नं. फ्लेट नं. 308 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती द्वितीय तल 886 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर


अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास की धुरी बन रही प्रदेश की सशक्त नारी
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव
द्वारा
1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को
₹ 1552.73 करोड़
26 लाख बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग
राशि ₹ 55.95 करोड़ का अंतरण
स्व-सहायता समूह सम्मेलन
(सुरक्षित शहर एवं सार्वजनिक स्थल)
क्षेत्रीय सम्मेलन का शुभारंभ
राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण
8 मार्च, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे । कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल
D-11208/24
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## खबर संक्षेप



### डब्लूपीजीए रद्द : दीक्षा प्रणवी, अवनि निराश

**गोल्ड कोस्ट।** भारतीय महिला गोल्फरों दीक्षा डागर, प्रणवी उर्स और अवनि प्रशांत के लिए यह सप्ताह निराशाजनक रहा क्योंकि अल्फ्रेड तूफान के प्रभाव की आशंका से आस्ट्रेलियाई डब्लूपीजीए चैंयनशिप और गोल्ड कोस्ट गोल्फ फेस्टिवल रद्द कर दिया गया। मौसम के अनुमान और आयोजकों से मशविरे के बाद लेडीज यूरोपीय टूर ने यह अभूतपूर्व फैसला लेते हुए पहले दिन के खेल से पूर्व टूर्नामेंट रद्द कर दिया। दीक्षा लेडीज यूरोपीय टूर पर दो बार की विजेता है जबकि प्रणवी और अवनि ने घरेलू टूर पर अच्छा प्रदर्शन किया है।

### युवा साक्षी की नजरें जूनियर विश्व कप पर

**नई दिल्ली।** हॉकी प्रो लीग में सीनियर टीम के साथ सफल पदार्पण के बाद युवा फॉरवर्ड साक्षी राणा अब अपनी रफ्तार पर काम कर रही है और उनकी नजरें चिली में इस साल के आखिर में होने वाले जूनियर विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन पर लगी है।



सत्रह वर्ष की साक्षी ने स्पेन के खिलाफ पदार्पण मैच में गोल किया हालांकि भारत वह मुकाबला 3-4 से हार गया था। साक्षी ने कहा, 'मैं लंबे समय से पदार्पण का इंतजार कर रही थी लिहाजा इसे लेकर बहुत खुश हूं। मैं मैच से पहले इतनी नर्वस नहीं थी क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों ने मेरा समर्थन किया और मुझे कहा कि तुम्हारे पहले मैच में कोई गलती नहीं है लिहाजा खुलकर खेलो।'

### हरमनप्रीत पर लगा 10 फीसदी जुर्माना

**लखनऊ।** मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत पर यहां यूपी वारियर्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के लिए मैच फीस का दस प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।



यह घटना यूपी की पारी के 19वें ओवर की है जब अंपायर अजितेष अर्गल ने हरमनप्रीत से कहा कि धीमी ओवरगति के कारण आखिरी ओवर में सिर्फ तीन फील्डर सर्कल के बाहर रह सकते है। इससे खफा हरमनप्रीत ने अंपायर से संक्षिप्त बहस की और उनकी साथ एमेलिया केर भी इसमें जुड़ गई।

### अराविंद प्राग मास्टर्स खिताब के करीब

**प्राग।** ग्रैंडमास्टर अरावंद चिदंबरम प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में चेक गणराज्य के डेविड नावारा से आसान ड्रॉ खेलने के बाद पहला बड़ा टूर्नामेंट जीतने के करीब पहुंच गए हैं।



अरावंद के अब 5.5 अंक हो गए हैं और वह आर प्रज्ञानानंदा से आधा अंक आगे हैं जिन्होंने वियतनाम के कुआंग लीम ली से ड्रॉ खेला। आखिरी दौर में अरावंद का सामना तुर्किए के एडिज गुरेल से और प्रज्ञानानंदा का नीदरलैंड के अनीश गिरि से होगा। पहले तीन मुकाबले हारने के बाद चीन के ग्रैंडमास्टर वेइ यि ने शानदार वापसी करते हुए स्थानीय खिलाड़ी एंगुयेन थाइ दाइ वान को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

### प्रवीण, नवदीप, धरमबीर करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष पैरा-एथलीट 11 से 13 मार्च तक यहां होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में हिस्सा लेंगे जिसमें देश के अभियान की अगुआई ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार हासिल कर चुके प्रवीण कुमार के अलावा नवदीप सिंह और धरमबीर करेंगे। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 90 से अधिक स्पर्धायें होंगी और 20 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष पैरा-एथलीट भाग लेंगे।

---

**भारत ने 2013 के बाद से नहीं जीती है चैंपियंस ट्रॉफी**

# विलियमसन बनाम भारतीय स्पिनर, चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में कल होगा रोचक मुकाबला

एजेंसी ▶▶| दुबई

फॉर्म में चल रहे भारतीय स्पिनरों और न्यूजीलैंड के धाकड़ बल्लेबाज केन विलियमसन के मुकाबले पर भी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में सभी की नजरें होंगी और यह मैच का निर्णायक पहलू भी साबित हो सकता है। न्यूजीलैंड ने आखिरी बार आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी वर्ष 2000 में जीती थी जब भारत को चार विकेट से हराया था। इसके बाद से आईसीसी 50 ओवरों के खिताब के लिए टीम इंतजार कर रही है। दूसरी ओर भारत ने 2013 के बाद से चैंपियंस ट्रॉफी नहीं जीती है और इस मैच में टीम फिर चार स्पिनर उतार सकती है।

फाइनल मैच दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की उसी पिच पर खेला जाएगा जिस पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच हुआ था। उसमें स्पिनरों को काफी मदद मिली थी। ऐसे में हालात के अनुकूल ढलने का विलियमसन का कौशल और तकनीकी महारत न्यूजीलैंड के लिए अहम होगी। भारत के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच में 81 रन बनाकर वह इसे फिर साबित कर ही चुके हैं। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड का मानना है कि भारत का चौतरफा स्पिन आक्रमण चुनौतीपूर्ण होगा।



### स्पिन आक्रमण चुनौतीपूर्ण

स्टीड ने कहा, 'हमारे खिलाफ शायद वह स्पिन रणनीति को अपनाएंगे लेकिन हमारे पास भी चार स्पिनर हैं। हमारी टीम संतुलित है लेकिन चौतरफा स्पिन आक्रमण चुनौतीपूर्ण होगा। उनके पास बेहतरीन स्पिनर हैं। हमें हालात के अनुरुप ढलना होगा और हमारे सभी बल्लेबाज अपनी रणनीति बनाकर भारतीय स्पिनरों के सामने उतरेंगे।'

### केन में काबिलियत

भारत के वरुण चक्रवर्ती के पास विविधता है जिसमें लेग ब्रेक और सीम लेती गेंदें शामिल हैं। उन्होंने मिचेल सेंटनेर को 113 किमी की रफ्तार वाली गेंद पर आउट किया था। ऐसे में स्टीड की रणनीति का अहम हिस्सा विलियमसन होंगे जिन्होंने वनडे क्रिकेट में स्पिनरों के खिलाफ 47 की औसत से 2952 रन बनाए हैं। स्टीड ने कहा, 'वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है और कई बार न्यूजीलैंड के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर चुका है। क्रिकेट के खेल में रनों की गारंटी नहीं होती लेकिन मुझे पता है कि केन रन बनाने की पूरी कोशिश करेगा। वह दुनिया के चुनिंदा क्रिकेटरों में से है जिनमें विभिन्न पिचों के अनुरुप ढलने की कमाल की काबिलियत है।'




### हेनरी चोटिल न्यूजीलैंड को लगा बड़ा झटका

**दुबई।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी कंधे की चोट चोट के कारण भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल से बाहर हो सकते हैं हालांकि कोच गैरी स्टीड को उम्मीद है कि वह रविवार को फाइनल तक ठीक हो जाएंगे। हेनरी ने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक दस विकेट लिए हैं जिसमें भारत के खिलाफ ग्रुप मैच में पांच विकेट शामिल है। तैतीस वर्ष के हेनरी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लाहौर में बुधवार को सेमीफाइनल के दौरान घायल हो गए थे। स्टीड ने कहा, 'मैट के कंधे में चोट लगी है और वह असहज महसूस कर रहा है। उसका स्कैन कराया गया है और उम्मीद है कि वह मैच तक फिट हो जाएगा।'

---

### चक्रवर्ती विश्व स्तरीय गेंदबाज बनने के करीब

**मुंबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज मुरली विजय ने मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर रहे वरुण चक्रवर्ती की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि कैरम बॉल और फ्लिपर पर अपने नियंत्रण के कारण यह रहस्यमयी स्पिनर विश्व स्तरीय गेंदबाज बनने की राह पर है।



चक्रवर्ती ने चैंपियंस ट्रॉफी में अभी तक जो दो मैच खेले हैं उनमें उन्होंने सात विकेट लिए हैं। इनमें न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में लिए गए पांच विकेट भी शामिल हैं। भारत रविवार को होने वाले फाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करेगा जिसमें चक्रवर्ती की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

## वाणी कपूर ने जीता लगातार दूसरा डब्लूपीजीटी खिताब



एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने शुक्रवार को यहां बैक नाइन पर एक बर्डी और आठ पार से एक अंडर 71 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह आसानी से हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के पांचवें चरण का खिताब जीतने में कामयाब रहीं। वाणी इस तरह रिद्धिमा दिलावारी(70) और रिया झा (73) पर तीन शॉट से आगे रहीं और लगातार दूसरा खिताब हासिल किया।

उन्होंने पिछले महीने चौथा चरण भी जीता था। डब्ल्यूपीजीटी के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ियों में शुमार वाणी ने 70-75-71 के कार्ड खेले जिससे 54 होल में उनका कुल स्कोर इवन पार 216 का रहा।



### रोहित बड़ा स्कोर बनाने का रखें लक्ष्य

**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि रोहित शर्मा को सिर्फ 25-30 रन बनाकर संतुष्ट नहीं होना चाहिए और लंबी पारी खेलने पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि क्रीज पर उनकी मौजूदगी भारत के लिए मैच का रूख बदलने वाला असर डाल सकती है। गावस्कर ने कहा, 'वह 25 ओवर भी बल्लेबाजी करते हैं तो भारत 180-200 रन के आसपास होगा। सोचिए कि अगर उन्होंने तब तक सिर्फ दो विकेट खो दिए तो जरा सोचिए कि वे क्या कर सकते हैं। वे 350 रन या इससे अधिक के स्कोर तक पहुंच सकते हैं।'

## जीत के साथ विदाई लेने उतरेंगे वारियर्स



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर खड़ी यूपी वारियर्स शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ मैच में जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग के इस सत्र से विदा लेना चाहेगी और इसके लिये मध्यक्रम के उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

यूपी की टीम ने कई मौके गंवाए और एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही। सात मैचों में महज चार अंक के साथ वह तालिका में सबसे नीचे है और तकनीकी दौर पर ही दौड़ में बनी हुई है।

### फाइनल में वरुण सबसे बड़ा खतरा

**दुबई।** न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में उनकी टीम के लिए वरुण चक्रवर्ती सबसे बड़ा खतरा होंगे तथा इस रहस्यमयी स्पिनर से निपटने के लिए उनकी टीम को अपनी सोच का दायरा बढ़ाना होगा।



स्टीड ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा, 'उसने हमारे खिलाफ पिछले मैच में 42 रन देकर पांच विकेट लिए थे इसलिए हमें पूरी उम्मीद है कि वह खेलेगा। वह बहुत अच्छा गेंदबाज है और हमारे खिलाफ पिछले मैच में उसने अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया था। वह इस मैच में हमारे लिए सबसे बड़ा खतरा है।'

---

**चयन नीति में संशोधन**

## भारतीय टीम में चयन के लिए निगरानी में होंगे ट्रायल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम में चयन को लेकर होने वाले विवादों और अदालती चक्करों से बचने के लिए खेल मंत्रालय ने चयन नीति में संशोधन कर राष्ट्रीय खेल संघों को इन्हें लागू करने के आदेश दिए हैं।

अब कोई भी खेल संघ भारतीय टीम का चयन अचानक ट्रायल बुलाकर नहीं करा पाएगा। ट्रायल की सूचना खिलाड़ियों को 15 दिन पहले देनी पड़ेगी। ट्रायल वीडियोग्रॉफी के बिना आयोजित नहीं किए जाएंगे। ट्रायल की वीडियो मंत्रालय और साई को भेजनी होगी। टीमों के ट्रायल मंत्रालय के पर्यवेक्षकों की निगरानी में होंगे।

### शिकायत निवारण समिति गठित करनी होगी

नई नीति के अनुसार खेल संघों को खिलाड़ियों के लिए एक समान चयन नीति और शिकायत निवारण प्रणाली लागू करनी होगी। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल ही में राष्ट्रीय खेल महासंघों को स्पष्ट किया था कि खेल संघ चयन में पारदर्शिता अपनाते हुए खिलाड़ियों के साथ कानूनी टकराव से बचें। हाल के दिनों में कुश्ती, निशानेबाजी और कुछ शीतकालीन खेलों की प्रतियोगिताओं के दौरान चयन को लेकर काफी विवाद सामने आए। हर ट्रायल से पहले खेल संघों को मंत्रालय को सूचित करना होगा।

### आईपीएल स्टार समीर को मिली शेष भारत की कमान

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के युवा स्टार समीर रिजवी नौ से 12 मार्च तक कर्नल सीके नायडू (अंडर-23) चैंपियन पंजाब के खिलाफ मोहाली में होने वाले युवा ईरानी कप में अंडर-23 शेष भारत की अगुआई करेंगे। यह अपनी तरह का पहला टूर्नामेंट होगा। ईरानी कप रणजी ट्रॉफी चैंपियन और शेष भारत की टीम के बीच सालाना मैच है जिसमें सभी टीम के प्रथम श्रेणी सत्र के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसी तरह भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंडर-23 राष्ट्रीय चैंपियन और सीके नायडू टूर्नामेंट के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के बीच एक युवा प्रथम श्रेणी मैच की शुरुआत की है। पता चला है कि रिजवी ने अपने हरफनमौला खेल से कप्तानी के लिए मुंबई अंडर-23 के कप्तान वेदांत मुरकर को पछाड़ दिया है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएलएस/ एसडीएएच/ ओटी/24-018, दिनांक: 03.03.2025।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ईएमयू/ सियालदह, पहली मंज़िल, कंट्रोल बिल्डिंग, सियालदह, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: ईएलएस/एसडीएएच/ओटी/24-018। कार्य का नाम:** सोनारपुर कारशेड में इपोक्सी फ्लोरिंग का प्रावधान तथा निरीक्षण के अधीन पिट तथा हैवी बे का जीर्णोद्धार। **निविदा मूल्य:** ₹ 42,80,738। **बयाना राशि:** ₹ 85,600। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ शून्य। **पूरा करने की अवधि:** 06 महीना। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 07.04.2025 को दोपहर 2.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी की जाने वाली संशोधनी का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-374/2024-25)

निविदा सूचना वबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**न्यायालय श्रीमान् जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय, कोडरमा**

T.A (सिविल अपील)-05/2021

बलराम सिंह वगैरह ............ अपिलार्थीगण

बनाम्

शिवनाथ राम वगैरह ............ उत्तरवादीगण

// नोटिस //

बनाम्

जमुना राम पिता परी राम, साकिन ग्राम-मरकच्चो, पोस्ट वो थाना-मरकच्चो, जिला-कोडरमा, वर्तमान पता-निवास स्थान-कोल माईन्स एरिया, गेन्डल, कटनी जंक्शन, जिला-मध्य-प्रदेश।

जरिये इस अखबार पब्लिकेशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध अपिलार्थी बलराम सिंह वगैरह ने सिविल अपील दायर किये हैं जो सुनवाई वास्ते मेरे न्यायालय में दिनांक 20/03/2025 को लम्बित है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है और आपकी उपस्थिति हेतू अगली तिथि 20/03/2025 को मेरे न्यायालय में सुरक्षित रखी गयी है। अतः आपको इस अखबार पब्लिकेशन से सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 20/03/2025 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय में 10:30 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई की जायेगी। इसे सख्त ताकिद जाने।

जिला जज तृतीय, कोडरमा



**खंड-।**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन कार्यालय सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी मध्य प्रदेश**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 22 / ई-टेंडरिंग / 2024-25 दिनांक 05/03/2025**

● वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमंडल डिण्डौरी द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ● निविदा प्रपत्र म.प्र. शासन की वेबसाईट से https://www.mptenders.gov.in/ डाउनलोड करें। ● यह निविदा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु सामान्य वनमंडल डिण्डौरी म.प्र. अंतर्गत सामग्री क्रय हेतु आमंत्रित की जा रही है। ● सामग्री क्रय हेतु निविदा को निर्धारित प्रारूप में वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in/ पर ऑन- लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। ● निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | सामग्री का नाम | स्पेशिफिकेशन | अनुमानित मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Iron Gate - (as per Picture) | Height - 6 feet. Length -4 feet. + 4 feet. = 08 Feet. Colour - Green & Red. Weight- 110-115 Kg | 90 Sign Board 10 Iron Gate | 30,000/- | 1,000/- |
| 1 | Iron Square Sign Board (as per Picture) | 4x3 with Angel iron + made form Angle strip Weight- 40-45 Kg | | | |

● निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। ● इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 06/03/2025 बजे 10:00 से दिनांक 12/03/2025 बजे 06:00 ऑनलाइन खरीद सकते है। ● ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्त्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। ● ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं। ● ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www.mptenders.gov.in/

G-23943/24

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी



**छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग कवर्धा वनमंडल, कवर्धा (छत्तीसगढ़)**

**नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कवर्धा वनमंडल कवर्धा के अंतर्गत अ. डिपो लालपुर खैरबना (कवर्धा) में एकत्रित ईमारती काष्ठ एवं विभिन्न अस्थाई जलाऊ डिपो में एकत्रित जलाऊ चट्टों का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-आक्शन में भाग लेवें। ई-आक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / काष्ठागार कवर्धा से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक - 19.03.2025
समय - 9:00 बजे प्रातः से

**वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है**

| प्रजाति | नया काष्ठ | | | अनबिके काष्ठ | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | 43.304 | - | - | 264.383 | 838 | 570 | 307.687 | 838 | 570 |
| साल | 3.301 | 428 | 10 | 54.877 | - | - | 58.178 | 428 | 10 |
| बीजा | 0.977 | 7 | - | 1.888 | - | 22 | 2.865 | 7 | 22 |
| साजा | - | 124 | 11 | 6.878 | - | - | 6.878 | 124 | 11 |
| धावड़ा | - | 78 | - | 2.892 | - | - | 2.892 | 78 | - |
| ह.मु. | - | 88 | - | - | - | - | - | 88 | - |
| तिन्सा | - | 60 | - | - | - | - | - | 60 | - |
| अन्य | - | 500 | - | 4.522 | - | - | 4.522 | 500 | - |
| योग :- | 47.582 | 1285 | 21 | 335.440 | 838 | 592 | 383.022 | 2123 | 613 |

टीप :- (1) केताओ को ई- आक्शन के पूर्व MSTC E-Auction portal में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। अ. जलाऊ डिपो रामपुर में साल प्रजाति के 60 चट्टा, अ. डिपो लालपुर खैरबना में मिश्रित प्रजाति के 2 1/2 चट्टा, अ.ज. डिपो बोड़ला में सागौन प्रजाति के 08 चट्टा, सलिहा प्रजाति के 05 चट्टा, अ.ज. डिपो बानो मिश्रित प्रजाति के 10 चट्टा, सलिहा प्रजाति के 74 चट्टा, कुल 159 1/2 जलाऊ चट्टा। (2) क्रेताओ को ई-आक्शन के पूर्व कय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लाट की थप्पीसूची एवं फोटो MSTC E-Auction porta में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है। (4) ई-आक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

जी-242505825/3

वन मंडलाधिकारी
कवर्धा, वनमण्डल कवर्धा



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - नरसिंहपुर (म.प्र.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना ( संक्षिप्त )**

प्रकाशन क्र. 109 / 2024-25 — दिनांक 04.03.2025

म. प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्यो की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं भविष्य में होने वाले समस्त संशोधन केवल ऑन-लाइन पोर्टल http://www.mptenders.gov.in ही देखे जा सकेंगे। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैं :-

| स. क्र. | निविदा सूचना क्र./दिनांक | ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | ऑन लाइन निविदा क्रय/ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 064/ 04.03.2025 | 2025_ PHED _406802_1 | Providing Vehicle And Labour For HA-NDPUMP MAINTENANCE WORK Block Narsinghpur Distt. Narsinghpur (1st Call) | 22.95 | 45900.00 | 5000.00 | 18.03.2025 | 365 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 065/ 04.03.2025 | 2025_ PHED _406804_1 | Providing Vehicle And Labour For HA-NDPUMP MAINTENANCE WORK Block Gotegaon Distt. Narsinghpur (2nd Call) | 23.38 | 46760.00 | 5000.00 | 18.03.2025 | 365 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 3 | 066/ 04.03.2025 | 2025_ PHED _406805_1 | Out sourcing of Computer Operator, and Unskilled Labour for 12 month to the PHE Division Distt. Narsinghpur (3rd Call) | 18.98 | 37960.00 | 2000.00 | 18.03.2025 | 365 दिवस वर्षा ऋतु सहित |

G-23934/24

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड - नरसिंहपुर



हरिभूमि उन सभी महिलाओं को सलाम करता है, जिन्होंने अपने साहस, समर्पण और मेहनत से समाज में एक मिसाल कायम की

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

# 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः'

हरिभूमि, जबलपुर।

8 मार्च का दिन महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। और इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है। महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है, चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, फिर भी कई चुनौतियाँ उनके सामने खड़ी हैं। समाज में आज भी घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा में असमानता, दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसी बुराइयां मौजूद हैं।

## नारी को देवी का स्वरूप माना गया

महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने के लिए मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का एक प्रतीक है। भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का स्वरूप माना गया है, और आज की नारी घर की जिम्मेदारियों से लेकर हर क्षेत्र में देश की प्रगति में योगदान दे रही है। इस विशेष दिन पर हम उन सभी महिलाओं को सलाम करते हैं, जिन्होंने अपने साहस, समर्पण और मेहनत से समाज में एक मिसाल कायम की है।

## महिला दिवस का इतिहास

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सबसे पहले 1909 में मनाया गया था। इसे आधिकारिक मान्यता तब दी गई जब 1975 में संयुक्त राष्ट्र ने थीम के साथ इसे मनाना शुरू किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं व उनकी उपलब्धियों के प्रति सम्मान प्रकट कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। साथ ही भेदभाव मिटाकर समानता के बीच उनके अधिकारों की बात की जाती है।

### महिलाओं को बनाना होगा सशक्त

नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। वह जीवनदायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता, और त्याग का स्वरूप माना गया है। अगर हम किसी समाज को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें महिलाओं को सशक्त बनाना होगा। महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके अधिकार, शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्रता देना ताकि वे अपने जीवन को अपनी शर्तों पर जी सकें।

### महिलाओं के लिए चुनौतियां

- भारत में आज भी कई क्षेत्रों में महिलाओं की साक्षरता दर पुरुषों की तुलना में कम है।
- कार्यस्थलों पर महिलाओं के साथ असमानता और भेदभाव किया जाता है।
- कई जगहों पर महिलाओं को उनके बुनियादी अधिकारों से वंचित रखा जाता है।
- महिलाओं की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।



## महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का दिन


8 मार्च 1917 को महिलाओं ने अपने हक की लड़ाई के लिए हड़ताल की थी। इसके बाद यूनाइटेड नेशन ने इसी दिन को ध्यान में रखते हुए 1975 में आधिकारिक रूप से 8 मार्च को वूमेंस डे मनाने की घोषणा की. तब से लेकर हर साल 8 मार्च को इंटरनेशनल वूमेंस डे मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य महिलाओं के प्रति समाज में सम्मान की भावना पैदा करना और उन्हें समान अधिकार दिलाना है। यह दिन महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का दिन है।

Happy Women's Day
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....
महिलाएं स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनें प्रसिद्ध महिला उद्योगपति और समाजसेवी श्रद्धा मालपानी का कहना है कि वर्तमान समय में महिलाएं स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बने और बच्चों से भी प्रेरणा ले बच्चों की प्रेरणा भी आपकी ताकत और साहस को दोगुना करती है।

श्रद्धा मालपानी
समाजसेवी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....

श्रीमती आभा साहू
भाजपा नेत्री-राष्ट्रीय अध्यक्ष
अखिल भारतीय तैलिक महासभा
मां है वो, बेटी है वो, बहन है वो तो कभी पत्नी है वो, जीवन के हर सुख-दु:ख में शामिल है वो शक्ति है वो, नमन है उन नारियों को जीवन के हर मोड़ पर हमारा साथ देती हैं वो।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....


नमन तुझे है, आज की नारी, अब तू नही रही बेचारी कर सकती तू सारे काम आज की नारी तुझे सलाम

श्रीमती रीना आनद जैन
पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष
पनागर
नारी ही शक्ति है नर की नारी ही है शोभा घर की जो उसे उचित सम्मान मिले घर में खुशियों के फूल खिलें बेटी-बहु कभी माँ बनकर सबके ही सुख-दु:ख को सहकर अपने सब फर्ज निभाती है तभी तो नारी कहलाती है।

International Women's Day
8 MARCH
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. भारती सुले
सुले हॉस्पिटल
रामपुर जबलपुर
एक सुसंस्कृत एवं स्वस्थ परिवार के साथ ही स्वस्थ समाज का निर्माण महिलाओं की पूर्ण भागीदारी के बिना संभव नही है। शास्त्रों में कहा गया है की किसी भी संतान की प्रथम गुरू एक माँ अथवा महिला ही होती है। इन्ही बचपन के संस्कारों को संतान अपनी वृद्धि के साथ समाज में उनका अनुसरण कर अपनी पहचान बनाने में कामयाब होता है। इसी बात से स्पष्ट होता है कि किसी समाज के निर्माण में नारी की अहम भूमिका होती है। आज का सामाजिक वातावरण नारी को चुल्हे-चौके से मुक्त कर आत्मविश्वास को दिनो-दिन बढ़ाने का कार्य कर रहा है। कई संस्थाएं महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास कर रही है, आज के पुरुष प्रधान समाज में महिलाएं पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ती जा रही है। बेटी बोझ नही वरदान है। अगर हम बेटियों को शिक्षित करते हैं तो वे खुद को संभालने के साथ दूसरे परिवार की भी परवरिश ढग से कर सकती हैं। सही मायने में वही सशक्तिकरण होगा। समाज की महिलाओं के प्रति सोच तो बदली है, लेकिन हम सबको मिलकर उनके हक के लिए आगे आकर काम करना होगा, ताकि जो महिलाएं जागरूक नही है, उन्हें मौका मिले।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....
happy Women's day
हजारों दीपक चाहिए एक आरती सजाने के लिए, हजारों बूंद चाहिए समुद्र बनाने के लिए मगर एक स्त्री अकेली ही काफी है एक समाज को स्वर्ग बनाने के लिए।

श्रीमती रागिनी अजय पटेल
(सरपंच)
ग्राम पंचायत परासिया
महिलाएं हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर देश और दुनिया के विकास में अपना अमूल्य योगदान दे रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृ शक्ति को नमन।

महिला दिवस के इस पावन अवसर पर
मैं सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएँ देती हूं।



महिलाएं भी करें हर क्षेत्र में भागीदारी, हर जन-जन की जिम्मेदारी।
प्राचार्या-श्रीमती सोनल तिवारी
यह दिन हमें महिलाओं की शक्ति, संघर्ष और समर्पण को सम्मानित करने का एक अवसर देता है। महिलाएं समाज की रीढ़ हैं, जो हर क्षेत्र में अपने सामर्थ्य और समर्पण से परिवर्तन ला रही हैं। हमें एकजुट होकर नारी सशक्तिकरण के लिए काम करना होगा, ताकि हर महिला को अपने अधिकारों, शिक्षा, और सम्मान का पूरा हक मिल सके। आइए, हम सब मिलकर एक समान और सशक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाएँ।
यश नर्सरी हायर सेकेण्डरी विद्यालय जबलपुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....
HAPPY Women's DAY
"शिक्षा का धन है सबसे न्यारा, कभी न होता इसका बंटवारा"

श्रीमती वर्षाशिव पटेल
जिला अध्यक्ष
मध्यप्रदेश पंचायत सरपंच संगठन जिला जबलपुर
नारी तेरा हर रूप निराला है तुम मां बनकर बेशुमार प्यार देती हो, तुम बेटी बनकर ख्याल रखती हो, तुम बहन बनकर प्यार से डांट लगाती हो, तुम संगिनी बनकर उम्र भर साथ निभाती हो, तुमने हर कदम पर सबको संभाला है, नारी तेरा हर रूप निराला है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....

श्रीमती प्रतिभा भापकर
पार्षद चेरीताल वार्ड जबलपुर
वर्ष का हर दिन उत्सव बन जाता है जब आप उत्साह से भरे हुए हो, हर महिला को हर सुबह उत्साहित होकर दैनिक क्रियाओं को सपन्न करना चाहिए क्योंकि महिलाओं का बनाया हुआ भोजन सभी ग्रहण करते हैं और कहते है कि जैसा खाओ अन्न वैसा रहे मन। मैंने भी पढ़ते हुए राजनीति शास्त्र मे पोस्ट ग्रेजुएशन किया है और स्कूल कालेज मे क्लास की मॉनीटर बनी तो आई बाबा कहते ये लड़कियो के काम नही है। मै बहुत सामान्य परिवार से हू। जब भाजपा से चेरीताल वार्ड पार्षद की टिकट मिली तो जनता की हर समस्या को दूर करने लग गयी। विशेष रूप से महिलाओं के लिए काम कर रही हू क्योंकि हमारे चेरीताल वार्ड मे बस्तियो मे कामकाजी महिलाए बहुत है जो छोटे- छोटे काम करती है। मैने समूह बचत और खाते खुलवाए बचत करने के साथ ही हर सरकारी योजनाओं को लागू करने मे मदद दिलवाई। शराब बदी पर जोर दिया। मुख्य रूप से अतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओ को स्वय आत्म विश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। परिवार मे माहौल हम ही बना सकते है। महिलाओं को मिलकर ही राष्ट्र निर्माण मे सक्रिय भागीदारी करना चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....

डॉ. झूमा वर्मा (चेयरपर्सन)
महात्मा गांधी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स,जबलपुर
आज वो समय नहीं है जब महिलाएं सिर्फ घर का काम करती थी और परिवार संभालती थी। आज की नारी ऐसी पुरानी धारणा को पीछे छोड़ कर सभी काम कर रही है जो पुरुष करते आ रहे हैं। आधुनिक नारी अपना घर परिवार भी संभाल रही हैं और साथ ही नौकरी या व्यवसाय भी कर रही हैं। दुनिया के विभिन्न विकसित और विकासशील देशों में शिक्षा, व्यवसाय और राजनीति जैसे हर क्षेत्र में महिलाएं बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। समय के साथ महिलाएं देश की दूसरी महिलाओं से प्रेरणा लेकर हर क्षेत्र में कदम रखने लगी हैं धीरे-धीरे भारतीय महिलाओं ने चाँद और अंतरिक्ष, समाज सेवा, राजनीति, चिकित्सा, तकनीक, व्यवसाय, शिक्षण संस्थान जैसे हर क्षेत्र में कदम रखा है।

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

ज्योति प्यासी
शिक्षिका
मौलिकता का परिचय दें नारी तुम केवल श्रद्धा हो विश्वास रजत पग-पग पर चल में पीयूष सरिता सी वहा करो जीवन के सुंदर समतल में नारी सृजन की प्रणेता है समाज की संरचना नारी के विविध रूप है सृष्टी के आदिकाल से ही नारी की महत्ता अक्षुण है नारी सम परिस्थितियों में देवी है तो विषम परिस्थितियों में दुर्गा भवानी है वैदिक काल से लेकर आज तक नारी के विविध रूपों का दर्शन हुआ है वैदिक काल की नारी ने जन आदर्श के दर्शन प्रस्तुत किये वे शौर्य, त्याग, समर्पण, विश्वास एवं शक्ति आदि रहे तो वही पूर्ण मध्यकाल की नारी ने भी अपने अस्तित्व को सुरक्षित रखने के लिये उपरोक्त गुणो को आधार बनाया उत्तर मध्यकाल में अवश्य नारी की स्थिति समाज में स्तरीय राय से दयनीय रही परंतु अब आधुनिक काल की बात करें तो नारी पुन: अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा प्राप्त कर चुकी है यद्यपि भोगवाद के आकर्षण में आधुनिक नारी पतन की ओर जा रही है लेकिन भारतीय संस्कृति परिवेश में यह आधुनिकता प्रतिष्ठित नही हो पाई है वर्तमान परिपेक्ष में आशा है कि भारतीय नारी का उत्थान भारतीय संस्कृति की परिधि में हो पश्चिम संस्कृति का अनुकरण करने की अपेक्षा मौलिकता का परिचय दें आधुनिकता के मोह में न पड़े।

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

श्रीमती मिथलेश तिवारी
प्रदेश उपाध्यक्ष
(महिला प्रकोष्ठ)
ब्राम्हण संस्कार महासभा (म.प्र.)
मैं स्त्री हूं, मैं शक्ति हूं, दिव्य कृति और सृष्टि हूं...महिलाओं के लिए इस सूत्र संदेश का सार यही है कि नारी नारायणी है, काली है, दुर्गा है यानी शक्ति की प्रतीक। मौजूदा समय में ताकत की पर्याय बनी इन महिलाओं ने अपनी शक्ति के भरोसे देश-दुनिया में अपना लोहा मनवाया है। शक्ति स्वरूपा इन महिलाओं ने ऐसे काम किए हैं जो कभी पुरुषों के पर्याय थे।

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

श्रीमती पंकज शुक्ला
शिक्षिका
धनवंतरी नगर जबलपुर
भारतीय संस्कृति में नारी हमेशा पूज्य रही है यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:। वर्तमान में भी अपनी प्रतिमा के बल पर सब दूर बाजी मार रही है । आज अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें देते हुए बहन बेटियों से विनम्र अनुरोध है कि जाल साजों के बहकावे में न आयें उसका अंत बहुत बुरा होता है ये जालसाज कपटी लोग कभी फेसबुक, व्हाटसअप पर फ्रैन्डशिप कर उसका दुरूपयोग करते है कभी दैहिक शोषण, कभी आर्थिक शोषण। बहन - बेटियाँ उनके मायाजाल में फंसती जाती है जब होश आता है तब तक पति, परिवार से विमुख हो जाती है सब बर्वाद हो जाता है। अत: सावधान रहें। जय हिन्द, वंदे भारत

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

श्रीमती जयमाला त्रिपाठी
शिक्षिका जबलपुर
नारी त्रिमात्रि है अपनी योग्यता, क्षमता, कौशल को विकसित करके वह परिवार समाज एवं राष्ट्र का निर्माण करती है नारी को शिक्षित होकर कुरीतियों दुष्प्रवृत्तियों का उन्मूलन करना होगा जिससे सद्प्रवृत्तियों का संस्थापन अनायास ही चल पड़ेगा। नारी की श्रद्धा सद्भावना करुणा, उदारता द्वारा नवयुग के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी अत: नारी अपने व्यक्तित्व का विकास कर सुविकसित एवं सुसंस्कृत समाज निर्माण में सहयोग प्रदान करें।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240